सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.4 न्यू | 15.4 अधि |
| धर्मशाला | 5.0 न्यू | 16.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76499.63 |
| निफ्टी | 23176.05 |
| सोना 79,960 | चांदी 93,234 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 15 जनवरी 2025 | 2 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 28, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए रणजी मैच खेलेंगे शुभमन गिल

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### राजौरी के नौशेरा में लैंडमाइन ब्लास्ट, छह जवान घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा में नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग विस्फोट में छह सैनिक घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह के समय जवान गश्त पर थे। नौशेरा सेक्टर में खंबा फोर्ट के पास एक जवान का पैर गलती से बारूदी सुरंग के ऊपर रखे जाने के कारण यह विस्फोट हो गया।

### आसाराम 11 साल बाद आएंगे जेल से बाहर



**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 2013 के बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे संत आसाराम को मंगलवार को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। एक सप्ताह पहले सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार के एक अन्य मामले में आसाराम को 31 मार्च तक जमानत दी थी और कहा था कि वह कई बीमारियों से ग्रस्त है और उसे उपचार की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत की ओर से चिकित्सा आधार पर राहत दिए जाने के तुरंत बाद हाईकोर्ट में सजा निलंबित करने के लिए याचिका दायर की।

### मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में पीडब्ल्यूडी और दिल्ली सरकार के सरकारी वाहन के इस्तेमाल पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं, चुनाव आयोग की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने पीडब्ल्यूडी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। साउथ-ईस्ट दिल्ली के गोविंदपुरी पुलिस थाने में यह एफआईआर दर्ज की गई है।

### वी. नारायणन ने संभाला इसरो प्रमुख का कामकाज



**बेंगलुरु।** वी. नारायणन ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने एस. सोमनाथ की जगह यह पद संभाला है। इससे पहले नारायणन ने इसरो के 'लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर' के निदेशक के रूप में कार्य किया, जो प्रक्षेपण यानों और अंतरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों के विकास के लिए जिम्मेदार एक प्रमुख केंद्र है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- प्रदेश में पांच दिन बारिश और बर्फबारी के आसार -पेज 3
- ऑनलाइन बुकिंग के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर -पेज 6
- डीजीपी के आदेश-ऊना में नपे जाएं असामाजिक तत्व -पेज 10
- आपातकाल में जेल गए लोगों को मिलेगी 20,000 रुपए पेंशन -पेज 13
- 'क्लीन स्वीप' करने उतरेगी भारतीय महिला टीम -पेज 14



## मकर संक्रांति





साधु-संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ किया स्नान

श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश



अमृत स्नान



# 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**

**मकर** संक्रांति पर प्रयागराज महाकुंभ का अमृत (शाही) स्नान करीब 12 घंटे तक चला। मंगलवार को 13 अखाड़ों के साधु-संतों ने अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, 3.50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले संन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु-संतों ने अमृत स्नान किया। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर भारी भीड़ देखी गई। आज के लिए महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे बड़ा जिला बन गया। एक दिन में दुनिया में कहीं भी इतनी ज्यादा भीड़ नहीं आई थी।



पीएम ने साझा की तस्वीरें

### भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही लिखा है कि महाकुंभ में 'भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम'। मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

### 60,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात

**महाकुंभ** मेला 2025 पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि हमने प्रयागराज में रहने वाले लोगों के लिए उचित व्यवस्था की है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 60,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए भी व्यवस्था की है।

## 327 ई-बसों की खरीद प्रक्रिया में लाएं तेजी: सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को 327 ई-बसों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने खरीद प्रक्रिया से संबंधित सभी औपचारिकताएं समयबद्ध पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए 100 मिनी बसों की खरीद भी की जाएगी। इन बसों की उपलब्धता होने से एचआरटीसी की वित्तीय स्थिति और सेवाओं में भी और सुधार सुनिश्चित होगा। वहीं, मुख्यमंत्री गैर सरकारी संस्था 'नीडल लीफ फाउंडेशन द सेवियर' की ओर से प्रदेश में कार्यान्वित की जाने वाली दो परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से वनों की आग पर नियंत्रण और युवाओं में नशा निवारण व रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से वन संरक्षण व वनों की आग को नियंत्रित करने के लिए बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किए हैं।



परिवहन निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## भूकंप वार्निंग सिस्टम डेवलप करने की जरूरत : मोदी

### प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों का किया आह्वान, बोले- 10 साल में साइक्लोन से जनहानि जीरो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान में हुई प्रगति ने देश में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद की है। पीएम ने देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए 'स्मार्ट राष्ट्र' बनाने के मकसद से 'मिशन मौसम' की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि हर तरह की जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक 'स्मार्ट राष्ट्र' बने, इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' शुरू किया है। इस दौरान उन्होंने आईएमडी के विकास, उसके महत्व और चुनौतियों के बारे में बात की।

> मौसम विज्ञान में हुई प्रगति से कम हुआ आपदा नुकसान

पीएम ने कहा कि आज मौसम से जुड़ी सारी अपडेट व्हॉट्सऐप पर मिल जाती है। पिछले 10 साल में कई साइक्लोन आए, लेकिन हमने जनहानि को जीरो या सबसे कम करके दिखाया। पिछली सरकारों में जब ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में हजारों जानें जाती थीं, तो उसे नियति कहकर टाल दिया जाता था। 'मिशन मौसम' का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च रिजॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों का इस्तेमाल करते हुए उच्च स्तरीय क्षमता को हासिल करना है। यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डाटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा, जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा।



### सीआईएसएफ की दो नई बटालियनों को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लिए दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। इन बटालियनों को एयरपोर्ट और न्यूक्लियर पावर प्लांट्स में तैनात किया जाएगा। इसके बाद सीआईएसएफ में सुरक्षाकर्मियों की संख्या करीब 2 लाख हो जाएगी। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने दो नई बटालियनों को मंजूरी दे दी है।

## दलाई लामा के उत्तराधिकारी पर चीन और तिब्बत के बीच 'जंग'

### मैक्लोडगंज में दुनियाभर की प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित करने की योजना

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**

**दलाई** लामा के अगले उत्तराधिकारी को लेकर चीन और तिब्बत के बीच 'जंग' और तेज हो गई है। एक ओर चीन तिब्बत को अपना अभिन्न अंग मानता है, इसलिए वह दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने पर आमादा है।

वहीं, दूसरी ओर धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित निर्वासित तिब्बत सरकार का कहना है कि उनकी मातृभूमि कभी भी चीन नहीं रही है, इसलिए दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनना पूरी तरह से तिब्बत का मामला है, लेकिन हाल ही में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक विंग के प्रमुख वांग हुनिंग ने तिब्बती बौद्ध नेताओं के पुनर्जन्म के बारे में एक प्रदर्शनी में भाग लिया। चीन से आई खबरें संकेत दे रही हैं कि चीन ने नए दलाई लामा को चुनने के लिए मनमानी करने की ठान ली है। मैकलोडगंज स्थित तिब्बत की निर्वासित सरकार (सीटीए) ने उनके जन्मदिन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। दुनियाभर की प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, यह इतना आसान काम नहीं है। दलाई लामा के बाद दूसरी सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक हस्ती पंचेन लामा चीन की हिरास्त में हैं, इसलिए यदि उत्तराधिकारी घोषित भी कर दिया जाए तो वैधता का सवाल खड़ा होगा? परंपरा अनुसार, दलाई लामा और पंचेन लामा एक-दूसरे के पुनर्जन्म की घोषणा करते हुए अपनी अंतिम मुहर लगाते हैं। (अनंत ज्ञान)



### संसदीय समिति मेटा कंपनी को भेजेगी मानहानि नोटिस

**नई दिल्ली।** फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम को ऑपरेट करने वाली कंपनी मेटा को भारत की संसदीय समिति मानहानि का समन भेजेगी। यह समन मेआ के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के उस बयान को लेकर भेजा जाएगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड के बाद भारत में मोदी सरकार हार गई थी। भाजपा सांसद और कम्युनिकेशन-इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने कहा कि मेटा को गलत जानकारी फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। जुकरबर्ग ने 10 जनवरी को एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोविड-19 महामारी के बाद भारत समेत ज्यादातर देशों की मौजूदा सरकारों को 2024 में चुनावी हार का सामना करना पड़ा था।

## इसराइल और हमास में बनी सीजफायर डील पर सहमति

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइल** और हमास के बीच सीजफायर डील पर सहमति बन गई है। हालांकि, इसराइल इस समझौते पर अभी भी विचार कर रहा है। एसोसिएटेड प्रेस ने दो अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इस समझौते के लिए कतर की राजधानी दोहा में मिस्र, कतर और अमेरिका की मदद से बातचीत की गई।

> पहले फेज में रिहा होंगे 33 बंधक, 15 दिन बाद अन्य की रिहाई

डील के पहले फेज में 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। इन 33 बंधकों में से 5 इसराइल की महिला सैनिक होंगी। इन 5 महिला सैनिकों को बदले इसराइल 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। हमास के पास इसराइल के 94 बंधक मौजूद हैं, जिनमें से करीब 34 की मौत हो चुकी है। हमास ने 7 अक्तूबर 2023 को इसराइल के 251 नागरिकों को बंधक बना लिया था।

बाकी बंधकों को पहले छुड़ा लिया गया। डील के लिए मंगलवार को आखिरी बातचीत हुई। इस समझौते पर साइन होते ही इसे तुरंत लागू किया जाएगा। सीजफायर का पहला फेज 42 दिन को होगा।

**अनदेखी** प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं में दिखी इच्छाशक्ति की कमी, नहीं की गई ढंग से पैरवी

## एक दशक से स्मार्ट नहीं बन पाया सोलन शहर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**हिमाचल** की फास्टेस्ट ग्रोइंग सिटी सोलन एक दशक से स्मार्ट नहीं बन पाई। सोलन को केंद्र की स्मार्ट सिटी योजना से जोड़ने के नेताओं ने सार्थक प्रयास नहीं किए।

नेताओं की कमजोर राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण सोलन शहर आज भी उपेक्षा का दंश झेल रहा है, जबकि वह इस योजना में शामिल होने के लिए सबसे ज्यादा पात्रता रखता है। सोलन न केवल प्रदेश का इंडस्ट्रियल हब है, बल्कि यहां नौ यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और कई विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान भी हैं। जनसंख्या के लिहाज से भी राजधानी शिमला के बाद प्रदेश में किसी भी शहर से ज्यादा है। सोलन की जनसंख्या करीब 80 हजार से एक लाख तक पहुंच गई है। इस बार भी केंद्रीय बजट में सोलन शहर को स्मार्ट सिटी योजना में शामिल करने की पैरवी प्रदेश सरकार और नगर निगम ढंग से नहीं कर पाया। शहर के समीप ही विश्व प्रसिद्ध कसौली पर्यटन स्थल है, जबकि दूसरा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चायल भी यहां से मात्र 45 किलोमीटर की ही दूरी पर है। सोलन सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश शर्मा का कहना है कि सोलन शहर योजना में शामिल होने की पूरी पात्रता रखता है। आने वाले समय में ऐसी योजना में सोलन को शामिल किया जाना चाहिए। नगर परिषद सोलन के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत का कहना है कि 10 साल पूर्व सोलन शहर को स्मार्ट सिटी योजना में शामिल करने के दावे की पूरी शिद्दत से पैरवी की गई थी। फिर भी सोलन को योजना में शामिल नहीं हो पाया। मामले पर पुनर्विचार होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)





### केंद्र सरकार से मिलती है आर्थिक सहायता

केंद्र सरकार देश में 100 अधिक शहरों को स्मार्ट सिटी के तहत विकसित कर रही है। पहले चरण में चयनित शहरों के विकास के लिए 200 करोड़ रुपए मिले थे। साथ ही पांच साल तक अलग से धनराशि दी जाती है, ताकि शहर का कायाकल्प हो सकता है। इस योजना में अभी तक शिमला और धर्मशाला शहर को चुना गया है। योजना के तहत दोनों शहरों का कायाकल्प किया जा रहा है।



> **मुझे** मेयर का पदभार संभाले कम ही समय हुआ है। सोलन शहर को स्मार्ट सिटी योजना में शामिल किए जाने के प्रयास जारी रहेंगे।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर से दी पाकिस्तान को चेतावनी

## पीओके में आतंकी ट्रेनिंग कैंप बंद नहीं किए तो हम नहीं बख्शेंगे

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बिना अधूरा है। पीओके भारत का मुकुट है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर पीओके से आतंकी टेंनिंग कैंप बंद नहीं किए तो हम नहीं बख्शेंगे।

पाकिस्तान ने आतंक का दामन नहीं छोड़ा है। 80 प्रतिशत आतंकी पाकिस्तान से आते हैं। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे अखनूर सेक्टर में पूर्व सैनिक सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे रक्षा मंत्री ने कहा कि 1965 के युद्ध में भारतीय सेना ने हाजी पीर पर तिरंगा लहराया, लेकिन उसे बातचीत कर छुड़ाया गया, अगर नहीं हुआ होता तो आतंकवाद के रास्ते बंद हो गए हो होते। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंक को शह देने की साजिशों को निरंतर जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास सुबूत हैं कि इस समय भी गुलाम कश्मीर में उसके लांचिंग पैड व ट्रेनिंग कैंप काम कर रहे हैं। पाकिस्तान ने भारत से वर्ष 1947 के बाद लड़े गए सभी युद्धों में हार पाई है। उसके नापाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### संघ ने प्रारंभिक उपनिदेशक का किया अभिनंदन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर जिला की इकाई ने जिला सी एंड वी प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कमल किशोर शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक हमीरपुर के पद का कार्यभार संभालने पर संगठन की ओर से स्वागत व अभिनंदन किया। मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, इंदु गौतम, सुमन लता, सीमा अबरोल, सीमा गुप्ता, रजनी शर्मा, नीता कुमारी, अश्विनी भारद्वाज, खंड प्रधान होशियार सिंह, खंड प्रधान विजय कुमार, लेखराम, नरेश कुमार, रजनीश पाठक आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर लगाया खिचड़ी का स्टॉल



**हमीरपुर।** गांधी चौक के पास मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी के स्टॉल पर राहगीर आनंद लेते हुए।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें दिखाएंगी दमखम




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** चमियाना के खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का स्वतंत्रता सेनानी स्व. दुनी चंद की याद में आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन और एकलव्य क्लब और यूथ क्लब चमियाना द्वारा किया जा रहा है। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रकाश सडियाल ने टूर्नामेंट में खेलने आने वाली टीमों को जीत के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उपप्रधान सूबेदार सुभाष, ईश्वर दास, विक्रांत मौजूद रहे। टूर्नामेंट ट्रॉफी में लगभग 16 टीमें भाग ले रही हैं। फाइनल जीतने वाली टॉप टीम को 11000 और दूसरा पुरस्कार 6100 रुपए रखा गया है।

### संगठन ने गोशालाओं में चारे का वितरण किया शुरू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** मकर संक्रांति के पवित्र अवसर पर निस्वार्थ सेवा संगठन ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की चार प्रमुख गोशालाओं में पोषणयुक्त चारे का वितरण कर एक नई पहल की शुरुआत की। इस आयोजन के अंतर्गत विनोद मेमोरियल गोशाला समीला, श्री साधुराम गोशाला बेरी, गो सेक्चुअरी खैरी और गोपाल गोशाला खैरी में चारे का वितरण किया गया। इस महत्त्वपूर्ण कार्य में संगठन के अध्यक्ष अवकाशप्राप्त विद्यालयाध्यक्ष मोहन सिंह डोगरा, अवकाशप्राप्त उपपुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश, भूतपूर्व सरपंच सुभाष चौधरी, अध्यक्ष सुरेश कौंडल, सौरभ ठाकुर, उपाध्यक्ष जीवन राम, मुकेश नाग, अनिल धीमान, प्रदीप सोनी (लकी सोनी) और पंडित विकास शर्मा समेत अन्य कई सदस्य और समर्थक उपस्थित रहे। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा और रूप लाल ने भी इस अभियान में अपना योगदान दिया। संस्थान के अध्यक्ष मोहन सिंह डोगरा ने कहा कि सनातन संस्कृति में गोसेवा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इसे हमने सुजानपुर क्षेत्र से आरंभ किया है और शीघ्र ही इसे राज्यभर में विस्तारित करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस प्रकार के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और पशुओं के कल्याण के लिए योगदान दें।

### भुक्कड़ में वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू


**अनंत ज्ञान , भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत पड़ने वाली भुक्कड़ पंचायत में दो दिवसीय शहीद विजय मैमोरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि शहीद विजय की माता कांता देवी थीं। शहीद की माता ने अपने संबोधन में कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने नम आंखों से प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का व ग्रामीणों का भी धन्यवाद किया। यह प्रतियोगिता में हर वर्ष भुक्कड़ के दूसरे दिन करवाते हैं। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता में इलाके की 22 टीमें भाग ले रही हैं। पहला मैच नवाही और ग्रियोह और नवाही के बीच खेला गया, जिसमें नवाही 2-1 से विजय रही, दूसरा मैच भुक्कड़ और दरव्यार जिसमें दरव्यार की टीम ने 2-1 से जीत हासिल की। तीसरा मैच डोह और महल के बीच खेला गया। इसमें महल ने मैच को 2-1 मैच को अपने नाम किया। इस मौके पर रजनीश राही, अजय कुमार, जोलू ठाकुर, संतोष, कैप्टन खुशहाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजेश ठाकुर, सुशील शर्मा इत्यादि मौजूद थे।

### परिषद ने बच्चों को पढ़ाई के लिए दी सहायता



**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिंद संग्राम परिषद की नादौन इकाई की बैठक नादौन के जलाड़ी में संपन्न हुई, जिसमें संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा व समाजसेवी डॉ. केसर सिंह पटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई तथा लोहड़ी पर्व की मूंगफली, रेवड़ियां आदि भी बांटी गईं। बैठक में प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष एसके धीमान, वरिष्ठ सलाहकार गुरदयाल सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता बैंक मैनेजर सुदर्शन जरियाल, वरिष्ठ प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर, नादौन की चेयरमैन शिक्षा ठाकुर, कांगू इकाई के चेयरमैन अश्विनी शर्मा, ब्रह्म दास शर्मा, कैप्टन दिलबाग सिंह, तहसीलदार मनविंदर सिंह, थानेदार दिनेश ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों, महिला मंडल ने भाग लिया।

### शराबियों के हिचकोलों से बिझड़ी के दुकानदार परेशान



**अनंत ज्ञान, बिझड़ी।** बड़सर उपमंडल बिझड़ी बाजार के स्थानीय दुकानदार शराबियों के हिचकोलों से परेशान हैं। दुकानदारों ने बिझड़ी पुलिस चौकी प्रभारी से अपील की है कि बाजार में शराब पीकर झूमने और गाली-गलौज करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इन शराबियों के कारण न केवल बाजार का माहौल खराब हो रहा है, बल्कि ग्राहकों और दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि शराब के नशे में ये लोग दुकान के अंदर घुसकर गाली-गलौज करते हैं और ग्राहकों को डराते-धमकाते हैं। इस कारण दुकानदारी प्रभावित हो रही है। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोग भी असहज महसूस कर रहे हैं। शराब पीकर सड़क पर झूम रहे ये लोग यातायात के लिए भी समस्या बन गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर कोई शराबी सड़क पर गाड़ी के नीचे आ जाए, तो इसका खामियाजा दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ेगा। दुकानदारों ने पुलिस से मांग की है कि ऐसे लोगों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और बाजार में गश्त बढ़ाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूरन बड़े स्तर पर कदम उठाने को बाध्य होंगे।

# कामगारों को अब सामान नहीं, उनके खातों में आरटीजीएस से सीधे पैसा जाएगा

बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन वर्कर वेलफेयर बोर्ड अब रजिस्टर्ड स्किल्ड और अनस्किल्ड लोगों को वाशिंग मशीन, साइकिल और इलेक्ट्रिक हीटर जैसे सामान देने की बजाए संबंधित लोगों के खातों में आरटीजीएस से पैसा ही दिया करेगा। बोर्ड अब कहीं और सुविधाएं भी इन मजदूरों को मुहैया करवाने का दम भर रहा है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक उन्हें मिलने वाले लाभ और रजिस्ट्रेशन को लेकर भी बोर्ड ने अब पंचायत के प्रधानों, वार्ड पंचों को अलग से अधिकार सौंपने का इंतजाम कर दिया है, ताकि इस वर्ग को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। मंगलवार को हमीरपुर पहुंचे बोर्ड के अध्यक्ष **नरदेव कंवर** ने 'अनंत ज्ञान' कार्यालय में बोर्ड की गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-

**सवाल: बोर्ड की योजनाओं के माध्यम से कितने लाभ लोगों को मिल रहे हैं?**
**जवाब:** कुल 13 लाभ आम गरीब लोगों को इस बोर्ड से मिल रहे हैं। मरने से लेकर जीने तक बोर्ड के लाभ आम जनता के साथ जुड़े हुए हैं। स्कॉलरशिप, विधवा पेंशन, जैसी हर चीज इस बोर्ड से लोगों को मिल रही है। मुख्यमंत्री ने मनरेगा में तीन-तीन लाख से घर बनाने के लिए जो फैसला लिया है, उसमें भी बोर्ड काम करेगा।

**सवाल: यह बोर्ड वित्तीय स्थिति अच्छी होने की वजह से काफी पावरफुल है, कितना फंड साल भर में खर्च कर दिया जाएगा?**
**जवाब :** बजट की कोई कमी नहीं है। 'असैस' से जितना पैसा इकट्ठा होता है, सारा गरीबों पर खर्च जाएगा। सही फिगर में अभी देने की स्थिति में नहीं हूं, लेकिन पैसे की कोई कमी नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में मजदूरों को उनकी योग्यता के मुताबिक लाभ मिलें, बोर्ड इसी आधार पर उनकी भरपूर मदद करेगा।

**सवाल : कितने लोग रजिस्टर हैं बोर्ड के पास?**
**जवाब:** तकरीबन 4.50 लाख लोग रजिस्टर हैं। नए लोग रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। जो प्रक्रिया बताई उसी के मुताबिक हर एक की केवाईसी होगी और उसके बाद फाइनल किया जाएगा। इस समय मंडी जिले में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुई हैं। प्रदेश भर में अभी तक तकरीबन 38 करोड़ रुपए बोर्ड के माध्यम से संबंधित गरीबों को आरटीजीएस किया जा चुका है।



***सवाल: स्किल्ड और अनस्किल्ड मजदूरों को लेकर बोर्ड ने अब क्या-क्या परिवर्तन रजिस्ट्रेशन को लेकर किए हैं?***
**जवाब:** हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस वर्ग के लोगों की सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर जो डायरेक्शन दी हैं, उनके मुताबिक अब किसी भी स्किल्ड और अनस्किल्ड मजदूर के लिए जहां उसने गांव में काम किया है, मकान मालिक से लिखवा कर लेना होगा। उस क्षेत्र का वार्ड पंच सत्यापित करेगा और प्रधान मुहर लगाकर उसे वेरीफाई करके रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेषित करेगा। इससे उनकी रजिस्ट्रेशन आसान हो जाएगी।

**वेलफेयर बोर्ड के अध्यक्ष से**
**विशेष बातचीत**

**सवाल:** हमीरपुर में बोर्ड का अच्छा कार्यालय खुल रहा है। यहां कितने लोगों का स्टाफ बैठेगा? इसका फायदा कितना होने वाला है, क्योंकि मुख्य कार्यालय अभी तक तो शिमला में ही रहा है?
**जवाब:** फरवरी माह के पहले सप्ताह में हमीरपुर का कार्यालय काम करना शुरू कर देगा, ऐसी उम्मीद है। आज इस संदर्भ में कार्यालय को देखने के लिए आए थे। जगह फाइनल हो गई है, पुराने एसडीएम कार्यालय के भवन में इसे खोला जाएगा। इसमें तकरीबन अढ़ाई दर्जन लोगों का स्टाफ रहेगा।

**सवाल : क्या कोई हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेंगे ताकि शिकायतें हों किसी की, तो आसानी से हल हो सकें?**
**जवाब :** बिलकुल बहुत जल्दी हेल्पलाइन नंबर जारी होगा, जिस पर तमाम रजिस्टर्ड लोग अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। किसी भी संबंध में पूछ सकते हैं। यह नंबर उसी तरह होगा, जिस तरह मुख्यमंत्री का हेल्पलाइन नंबर है।

**सवाल: ओहदा देरी से मिला है, आप तो मुख्यमंत्री के खासमखास रहे हैं? अगली मर्तबा किस विधानसभा के क्षेत्र पर आपकी नजरें हैं, जहां से चुनाव भी लड़ सकते?**
**जवाब:** हम तो पार्टी के सिपाही हैं, कहां किसे फिट करना है, मुख्यमंत्री सब जानते हैं। कब करना है, यह भी उन्हीं को देखना है। सही समय पर सब ठीक हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जो काम उन्होंने दिया है, उस पर बहुत अच्छा कितनी जल्दी उतरा जा सके। कहां से चुनाव लड़ना है, कहां क्या करना है, मुख्यमंत्री सब जानते हैं।

## स्कूटी से टकराया ट्रक महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** थाना नादौन के तहत सुभाष चंद पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव वोहल खालसा डाकखाना भड़ौली कुटियारा तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 13 जनवरी को वह अपनी पत्नी बवली देवी सहित स्कूटी से अपने घर जा रहा थे तथा जब मोनी बाबा की कुटिया के पास मोड़ पर पहुंचे तो पीछे से एक ट्रक बड़ी तेज रफ्तारी व लापरवाही से इनकी स्कूटी को ओवरटेक करने लगा तो ट्रक की टक्कर लगने से इनकी पत्नी स्कूटी से नीचे गिर गई जिसे पीठ व शरीर पर चोटें आ गईं।

शिकायतकर्ता अपनी पत्नी को गाड़ी से इलाज के लिए नादौन अस्पताल ले गए, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह हादसा ट्रक नंबर एचपी 67 ए-7099 के चालक निर्मल सिंह पुत्र जगरूप सिंह निवासी गांव बदरू की लापरवाही तथा तेज रफ्तारी से ट्रक को चलाने के कारण हुआ है। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## सलौनी बाजार में दुकानदारों के अतिक्रमण से खरीददारों की मुश्किलें बढ़ीं

# फुटपाथ पर सजाया सामान





सलौनी बाजार के फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण की तस्वीरें समस्या की वास्तविकता को दर्शा रही हैं।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

उपमंडल बड़सर के सलौनी कस्बे में फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में दुकानदारों ने अपने सामान को फुटपाथ पर सजाकर रख दिया है, जिससे राहगीरों को पैदल चलने के लिए सड़क का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि फुटपाथ पर कब्जे की वजह से उन्हें सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ गया है।

**प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई, बड़ी अनहोनी का हो रहा इंतजार**

बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक साबित हो रही है। बाजार में आने-जाने वाले लोगों को वाहनों की चपेट में आने का डर हर समय सताता रहता है।

यह समस्या न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों के लिए भी चिंता का कारण बन गई है। प्रशासन से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते दुकानदारों को फुटपाथ से सामान हटाने के लिए नहीं कहा गया, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। प्रशासन से अपील की गई है कि वह जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराए और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वही, इस संदर्भ में एसडीएम बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम से संपर्क साधा तो उनके फोन पर बात नहीं हो पाई है। (अनंत ज्ञान)

## कामगार कल्याण बोर्ड भवन में फरवरी से शुरू करेगा काम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने मंगलवार को हमीरपुर में बोर्ड के प्रस्तावित कार्यालय के लिए चिन्हित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बोर्ड के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार, एडीएम एवं कार्यवाहक डीसी राहुल चौहान, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, एसडीएम संजीत सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नरदेव कंवर ने बोर्ड के कार्यालय के लिए की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिला के वरिष्ठ अधिकारियों ने बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव को विभिन्न व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। कंवर ने बताया कि संभवतः फरवरी के पहले सप्ताह में यह कार्यालय काम करना शुरू कर देगा, जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस कार्य में तेजी लाएं।

## राहुल चौहान ने संभाला नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने मंगलवार को नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल लिया। वह नगर निगम हमीरपुर के पहले आयुक्त बने हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में उन्हें निगम के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपने के आदेश जारी किए थे। वरिष्ठ एचएएस अधिकारी राहुल चौहान अभी जिला हमीरपुर के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के पद पर तैनात हैं और जिला के उपायुक्त अमरजीत सिंह के 31 जनवरी तक ट्रेनिंग पर मसूरी जाने के उपरांत कार्यवाहक उपायुक्त के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। मंगलवार को नगर निगम के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार संभालने पर राहुल चौहान का निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वागत किया तथा उन्हें विभिन्न विकास कार्यों एवं प्रस्तावित योजनाओं से अवगत करवाया। बता दें कि नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर सुजानपुर चले गए हैं और वहां पर नगर परिषद का कार्यभार देख रहे हैं। बता दें कि नगर परिषद हमीरपुर में अध्यक्ष पद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद यहां पर अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। इस अध्यक्ष पद के खाली होने को लेकर और विकास कार्यों को लेकर पार्षदों ने उपायुक्त हमीरपुर से चुनाव करवाने की मांग रखी थी, जिसके लिए एक माह का समय था, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त करने के बाद अब यह चुनाव नहीं हो पाएंगे, लेकिन नगर परिषद के पार्षद अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।



## जिला आयुर्वेद अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ की ओपीडी शुरू

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला आयुर्वेद अस्पताल हमीरपुर में आने वाले मरीजों के लिए विभाग ने ईएनटी डॉक्टर विशेषज्ञ की तैनाती है। अभी एक सप्ताह में डॉ. सचिन धीमान की तीन दिन तक ओपीडी में मरीजों को सेवाएं दी जा रही हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों की आंखों, गले और नाक की जांच की जा रही है और मरीजों को बीमारी के हिसाब से दवा और अन्य योग अभ्यास के बारे में जानकारी दी जा रही है।

बता दें कि जिला आयुर्वेद अस्पताल हमीरपुर में पिछले कुछ महीनों में ओपीडी में काफी गिरावट आई है,



**आयुर्वेद पंचकर्म से किया जाएगा आंखों, नाक और गले का इलाज**

वहीं अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीजों का आंकड़ा भी बहुत कम रहा है। जिला आयुर्वेद विभाग के पास जगह की कमी नहीं है और न ही स्टाफ की। कमी है तो विशेषज्ञ डॉक्टरों की, जिनके न होने से मरीजों की संख्या कम होती जा रही है।

गौर रहे कि जिला आयुर्वेद अस्पताल हमीरपुर में होम्योपैथी के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन उनका भी यहां से तबादला कर दिया गया है। होम्योपैथी विभाग में अब केवल फार्मासिस्ट ही सेवाएं दे रहा है। जिला आयुर्वेद अस्पताल में डॉक्टरों की कमी एक बहुत बड़ा कारण है, जिससे मरीज कम होते जा रहे हैं। अभी एक सप्ताह पहले ही ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सचिन धीमान की नियुक्ति हुई है, जिनकी ओपीडी अभी फिलहाल तीन दिन शुरू की गई है। मंगलवार, वीरवार और शनिवार को मरीजों की जांच की जा रही है।


अस्पताल प्रशासन की मानें तो आने वाले दिनों में और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे मरीजों को बेहतर सेवाएं दी जाएंगी। इसके अलावा शल्य चिकित्सा सर्जन की नियुक्ति करने वाले विचार किया जा रहा है। इस बारे में जिला आयुर्वेद अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि एक सप्ताह पहले से ही ईएनटी विशेषज्ञ की सेवाएं ली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में और विशेषज्ञों की तैनाती की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर ताला तोड़कर चुराए गहने

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में केशव दत्त पुत्र ज्ञान चंद गांव डल्याहू डाकखाना बाड़ी तहसील की लिखित शिकायत के आधार पर पंजीकृत हुआ है।

शिकायतकर्ता के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनके घर में घुसकर ट्रंक का ताला तोड़कर इनकी माता के गहने चुरा लिए हैं। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## भोरंज में हर वर्ष 12 जनवरी को मनाया जाएगा लोहड़ी उत्सव



**अनंत ज्ञान, भोरंज ।** विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि भोरंज में अब हर वर्ष 12 जनवरी को लोहड़ी उत्सव आयोजित किया जाएगा। सोमवार देर शाम को भोरंज के मिनी सचिवालय के परिसर में प्रथम लोहड़ी उत्सव के शुभारंभ अवसर पर सुरेश कुमार ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि भोरंज में उपमंडल प्रशासन और क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं के आपसी समन्वय से प्रथम लोहड़ी उत्सव का आयोजन काफी सफल रहा है। लोहड़ी उत्सव की इस परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा। इससे नई पीढ़ी हमारी समृद्ध लोक संस्कृति से रू-ब-रू होगी और इस लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने भोरंज में खेल के मैदान के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की और लोहड़ी उत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया। इससे पहले, विधायक ने दीप प्रज्जवलन के साथ लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ किया। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा सभी लोगों का स्वागत किया। लोहड़ी उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के जाने-माने कलाकार ईशांत भारद्वाज ने एक के बाद एक गीत प्रस्तुत करके खूब समां बांधा। उनके अलावा अन्य स्थानीय लोक कलाकारों ने भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। सांस्कृतिक संध्या में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, एसडीएम शशिपाल शर्मा, डीएसपी लालमन शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, विक्रम शर्मा, कांग्रेस पार्टी और भोरंज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, बीएमओ डॉ. ललित कालिया और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## डॉ. संजय ने चमकाया हिमाचल का नाम विदेश में हासिल की डॉक्टरेट की उपाधि



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश के रहने वाले डॉ. संजय कुमार ने विदेश में अपनी कड़ी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने चेक गणराज्य स्थित साउथ बोहेमिया यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। डॉ. संजय कुमार ने अपने पीएचडी के दौरान न केवल शोध कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि चेक गणराज्य, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रिया, हंगरी, स्विट्जरलैंड और पोलैंड जैसे कई देशों की यात्राएं कीं और अपने क्षेत्र में कई नए अनुभव भी अर्जित किए। उनकी यह उपलब्धि न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. संजय कुमार ने कहा यह सब मेरे परिवार, शिक्षकों और दोस्तों के समर्थन से संभव हुआ है।

**आयोजन** अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को बनाया परमाणु शक्ति, हिमाचल को दिए विशेष पैकेज : अनुराग

# समाज में सेवा कार्य करेगी अटल प्रेम सेवा संस्था

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अटल प्रेम सेवा संस्था द्वारा आयोजित अटल जन्म शताब्दी कार्यक्रम टौणी देवी मंदिर में मनाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूरा भारत वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष पूरी धूमधाम से मना रहा है। इस मौके पर वाजपेयी जी के विचारों से प्रभावित होकर कार्यकर्ताओं ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अटल प्रेम सेवा संस्था का गठन किया है।

अटल प्रेम सेवा संस्था नाम ही दर्शाता है कि वाजपेयी जी का हिमाचल प्रदेश से गहरा प्रेम रहा है। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के साथ अपनेपन के कई किस्से साझा किए। अटल प्रधानमंत्री होते हुए कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करना भूल गए, परंतु कार्यक्रम के पश्चात प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के कहने पर खाना छोड़कर पत्रकारों को बुलाकर हिमाचल प्रदेश के लिए 400 करोड़ के विशेष पैकेज के तौर पर घोषणा की थी। यह समिति अटल के आशीर्वाद से और प्रेमक ुमार धूमल जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री हुआ करते थे तो प्रदेश विकास की राह में नए-नए आयाम स्थापित हुए थे और उसमें अटल जी का विशेष योगदान रहा है।




टौणी देवी मंदिर में अटल जन्म शताब्दी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अटल जी जब देश के प्रधानमंत्री थे और धूमल हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो विशेष आद्योगिक पैकेज हिमाचल प्रदेश को दिया गया था। आज हिमाचल प्रदेश को प्रतीक गांव के लिए सड़क से जोड़ा गया, जिसे प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हमीरपुर सहित पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया। यह अटल प्रेम के कारण संभव हुआ। आज के इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार के जो महिला मंडल थे, उन्होंने अपनी प्रस्तुतियां भी दीं और पहाड़ी गायक धीरज शर्मा ने भी शानदार प्रस्तुतियां देकर भी इस कार्यक्रम में चार चंद लगाए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य विजय बहल, जिला परिषद के अध्यक्ष बबली देवी, अर्चना चौहान, कपिल मोहन शर्मा सहित अन्य स्थानीय लोग सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समक्ष तहसीलदार ऐवम सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि.प्र.**
**तारीख पेशी :- 20 - 1- 2025 मिसल नंबर 6/2025**
**तारीख मरजुआ 14 जनवरी 2025 तारीख फैसला**
**श्री मती पवना देवी पुत्री श्री छांगा राम निवासी गाँव द्रमण व डाकघर गोलवा तहसील लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि.प्र.**
**प्रार्थी।**
**बनाम आम जनता। फरीक दोयम**
प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13 ( 3 ) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 वरायं जन्म/मृत्यु तिथि दर्ज करने वारे।
उपरोक्त उनवान वाला मुकद्दमा मे प्रार्थी श्रीमती पवना देवी पुत्री श्री छांगा राम निवासी गाँव द्रमण व डाकघर गोलवा तहसील लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि0 प्र0। ने इस अदालत मे दिनांक 14 जनवरी 2025 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए अपने प्रार्थना पत्र मे निवेदन किया है कि प्रार्थी का जन्म दिनांक 01-01-1971 को गाँव द्रमण व डाकघर गोलवा तहसील लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि0 प्र0 मे हुआ था परन्तु प्रार्थी की जन्म तिथि ग्राम पंचायत पीहड़ बेढ़लू भड़ोल के जन्म पंजीकरण अभिलेख मे दर्ज नहीं हुई है। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन मे अबाहन पत्र तलबाना, शपथ पत्र,अपर्याप्त प्रमाण पत्र,जिला पंजीकार जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण मण्डी जिला -मण्डी से प्राप्त अनुमति, शिक्षा प्रमाण पत्र व परिवार नकल संलग्न की है। अब प्रार्थी ने अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत पीहड़ बेढ़लू के जन्म पंजीकरण अभिलेख मे दर्ज करवाने वारे आदेश चाहे हैं।
-अतः इस अखबारी इश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकि को प्रार्थी श्रीमती पवना देवी पुत्री श्री छांगा राम निवासी गाँव द्रमण व डाकघर गोलवा तहसील लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि0 प्र0 की जन्म तिथि 01-01-1971 को ग्राम पंचायत पीहड़ बेढ़लू के जन्म पंजीकरण अभिलेख मे दर्ज करने वारे कोई उजर ऐतराज हो तो वह असालतन या वकालतन तारीख पेशी 20 जनवारी 2025 को 10 बजे प्रातः इस अदालत मे हाजिर हो कर अपना उजर - ऐतराज पेश कर सकता है। बसूरत गैरहाजिर एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जा कर श्रीमती पवना देवी पुत्री श्री छांगा राम निवासी गाँव द्रमण व डाकघर गोलवा तहसील लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि0 प्र0 की जन्म तिथि 01-01-1971 को ग्राम पंचायत पीहड़ बेढ़लू के जन्म पंजीकरण अभिलेख मे दर्ज करवाने वारे आदेश पारित कर दिये जाएगें।
**यह इश्तहार आज दिनाक 14-1-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ**
**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**लड़ भड़ोल जिला मण्डी हि.प्र.**

# तत्तापानी में मकर संक्रांति पर हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

तत्तापानी में जिलास्तरीय मकर संक्रांति मेले में मंगलवार को देश-प्रदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और तुला दान भी करवाया हालांकि मंगलवार को प्रात: मेला साथ और प्राकृतिक सल्फर युक्त जल स्त्रोतों के समीप ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिली, लेकिन लगभग 11 बजे से मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी आरंभ हुई।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला स्थल पर तरह-तरह की वस्तुओं सहित खाने-पीने की दुकानें भी सजी और स्थानीय ग्रामीण और देश-प्रदेश से आए श्रद्धालुओं ने मेला स्थल पर सजी इन अस्थायी दुकानों से अपनी रोजमर्रा के समान की खरीददारी की।

धार्मिक आस्था का प्रतीक तत्तापानी का मकर संक्रांति मेला पूरे प्रदेश ही नहीं अपितु प्राकृतिक सल्फर युक्त गर्म पानी के चश्मों के लिए विश्वभर में प्रख्यात है, लेकिन वर्ष 2015 में तत्तापानी का प्राकृतिक गर्म पानी के चश्मों वाला क्षेत्र कोल बांध परियोजना द्वारा अधिगृहित कर लिया गया। अब इन चश्मों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। बहरहाल आज भी तत्तापानी आस्था का केंद्र बन हुआ है। तत्तापानी में सुबह से ही पवित्र स्नान के लिए आवाजाही आरंभ हो गई और देर शाम तक स्नान चलता रहा।

मेले में श्रद्धालुओं को खिचड़ी भी परोसी गई। लगभग 96 वर्षों से दुर्गा देवी बिहारी लाल विरोचन चेरिटेबल ट्रस्ट, शिमला द्वारा खिचड़ी का आयोजन लक्ष्मी नारायण मंदिर, तत्तापानी में किया जा रहा है।

मेला स्थल पर बच्चों के लिए झूले, रेल गाड़ी और अन्य मनोरंजक गतिविधियां का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने वॉटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों का भी आनंद लिया। सतलुज नदी के किनारे कुश्ती, जेट सकी, राफ्टिंग जैसी गतिविधियों का श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। मेले में विधायक करसोग दीप राज ने भी अव्यवस्था को लेकर खेद जताया और मेला कमेटी द्वारा मेला स्थल पर किए गए इंतजामों को लेकर उन्हें जमकर कोसा। (अनंत ज्ञान)










## मेले में अव्यवस्था से लोग परेशान

मेले के दौरान अव्यवस्था को लेकर भी श्रद्धालुओं ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। रामपुर से आए अनुज ने बताया कि प्राकृतिक स्त्रोतों के लिए प्रसिद्ध तत्तापानी में गर्म पानी को लेकर प्रशासन द्वारा कुछ खास व्यवस्था नहीं की गई है, जो व्यवस्था है वह केवल स्थानीय लोगों के लिए ही पर्याप्त है। जब तत्तापानी में देश-प्रदेश के श्रद्धालु स्नान के लिए आते है, तो प्रशासन को चाहिए कि उनके स्नान की व्यवस्था सही ढंग से करे। पानी की बोरिंग करें, जिससे श्रद्धालुओं को नहाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। उधर महिला श्रद्धालु सोनू वर्मा ने बताया कि महिलाओं के स्नान के लिए मेलास्थल पर एक ही स्थान है, जो कि प्रयाप्त नहीं है। घंटो लाइन में खड़े होने के बावजूद स्नान लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। स्थानीय श्रद्धालु टेक चंद ने बताया कि तत्तापानी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमर्रा गई है। मेला समाप्त होने के बाद यहां पर गंदगी के ढेर लग जाते हैं तथा स्थानीय ग्रामीणों को गंदगी साफ करनी पड़ती है। ऐसे में प्रशासन को सफाई की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

## स्टार कलाकारों ने बिखेरा अपनी आवाज का जादू



**जिला स्तरीय** मकर संक्रांति मेले के दूसरे दिन श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एचपीएसआईडीसी के उपाध्यक्ष विशाल चंब्याल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों सहित प्रदेश के अन्य स्थानों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम स्टार नाइट में प्रदेश के नामी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां पेश कर उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी करसोग गौरव महाजन, अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा, मेला कमेटी अध्यक्ष दिनेश वर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कपिल,संजय भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मपुर के विधायक चंद्र शेखर ने स्वेच्छा से छोड़ी बिजली सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चंद्र शेखर ने अपने निजी आवास पर लगे बिजली मीटर पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ दी है। उन्होंने इस संबंध में बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार को एक फार्म भर कर सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सरकार के प्रयासों में सहयोग देने के लिए प्रदेश के साधन संपन्न बिजली उपभोक्ताओं को स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने के लिए आगे आने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सब्सिडी केवल उन्हीं लोगों को मिलनी चाहिए जो गरीब तबके से आते हैं।




### 2003 से पहले के शिक्षक सरकार को कर रहे गुमराह : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एक लाख, तीस हजार कर्मचारियों की 'पुरानी पेंशन बहाली' की सौगात देने वाली वर्तमान सरकार अब ऐसे कर्मचारियों को फायदे देने के लिए एक लाख तीस हजार कर्मियों व उनके परिवारों के हक छीनने का प्रयत्न कर रही है, जो उनके अपने तो क्या वोटर भी नहीं हैं। हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने मान सिंह चंदेल व वीआरराही के नेतृत्व में ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ मोर्चा खोलने का एलान किया है, जो 2003 के बाद पेंशन में आए कर्मचारियों की पेंशन बंद करवाने व साथ ही ओल्ड आर एंड पी रूलज के तहत 2008 से नियमित हुए शिक्षकों के लिए भी रोड़े पैदा करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। संघ राज्य प्रबंधन सदस्य प्रवीण शर्मा, अजय शर्मा, डॉक्टर अरुण दत्त, इंद्र जीत, निशा वालिया सहित 2003 के बाद ओल्ड आर एंड पी रूलज के तहत नियुक्त शिक्षक, जिन्हें विभाग नियुक्ति तिथि से नियमित कर चुका है, ने कहा कि जिनकी पेंशन बहाल हुई है, उसमें सबसे ज्यादा तादाद अनुबंध से नियमित शिक्षकों की हैं, जिन पर 2003 से पहले के शिक्षक गलत टिप्पणियां कर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। 2003 से पहले के शिक्षक इस समय डेढ लाख से ऊपर तनख्वाहें ले रहे हैं, जबकि प्रदेश की वितीय स्थिति खराब हैं तो ऐसे में सरकार को एक दूसरा विधेयक लाने की जरूरत है, जिसमें एक लाख से ऊपर की सैलरी लेने वाले 2003 से पहले के शिक्षकों के लिए कम से कम न्यूनतम सैलरी निर्धारित की जाए, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक हो सके।



### मां हाटेश्वरी के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल।** मकर संक्रांति (लोहडी) के उपलक्ष पर मां हटेश्वरी के दरबार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचे। मंदिर कमेटी के द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान माता रानी के गूर ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि माघी त्योहार के अवसर पर बहुत से श्रद्धालु माता रानी के मंदिर में आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने माता रानी से क्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की है।

### कुमारसैन क्षेत्र में कार दुर्घटनाग्रस्त एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के कुमारसैन में एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है और दो घायल हुए है। मृतक की उम्र 22 साल है। बताया जा रहा है कि एक मारुति 800 कार (नंबर एचपी 52ए 7685) शैला गांव से वापस कुमारसैन की तरफ आते समय फिसलकर खाई में गिर गई। कार को मोहित सोनी चला रहे थे और उनके साथ मोहम्मद हुसैन और मोहित कश्यप सवार थे। शाम करीब 8 बजे जब वे छैला से लौट रहे थे, तब ड्राइवर की लापरवाही और तेज गति के कारण कार नियंत्रण से बाहर होकर पहाड़ी से नीचे गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीनों घायलों को खनेरी अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया, जहां उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर निवासी मोहम्मद हुसैन (22) की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और ड्राइवर मोहित सोनी के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

# ठेकेदारों को 80 करोड़ की पेमेंट जल्द रिलीज करेंगी हिमाचल सरकार : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




ठेकेदारों को 80 करोड़ की पेमेंट हिमाचल सरकार जल्द ही रिलीज करेंगी। यह बात लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि छोटे काम की पेमेंट का जल्द भुगतान कर दिया जाए।

वहीं विक्रमादित्य ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ लोगों का काम हमेशा गाना गाते रहना हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को इतनी चिंता ठेकेदारों की नहीं बल्कि जनता की होनी चाहिए। सभी ठेकेदारों की पूरी पेमेंट चरणबद्ध ढंग से दी जाएगी। प्रदेश पर पूर्व सरकारों के समय से वित्तीय संकट है। कांग्रेस सरकार इससे निपट रही है। गौर रहे कि 21 नवंबर के बाद से लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों की पेमेंट का भुगतान नहीं किया जा रहा है। 5-10 हजार रुपए की ही कुछ पेमेंट ठेकेदारों को दी जा रही है। इससे ठेकेदार अपने इंजीनियरों, कर्मचारियों और मजदूरों को वेतन नहीं दे पा रहे हैं।

कुछ ठेकेदार अब काम बंद करने की तैयारी में हैं, क्योंकि पीडब्ल्यूडी द्वारा बिल पास किए जाने के बावजूद उनका भुगतान नहीं हो रहा है। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार को घेरा था। उन्होंने कहा था कि ट्रेजरी दो महीने से अघोषित रूप से बंद है।

जानकारी के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों को सरकार ने 825 करोड़ से अधिक का भुगतान करना है। यह भी बताया जा रहा है कि 'ए' श्रेणी के कई ठेकेदारों का 50 लाख से अधिक का भुगतान लंबित है। ठेकेदार बार-बार पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के पास जाकर भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन भुगतान नहीं दिया जा रहा है।

## अपने विभागों से जानकारी लेने के उपरांत ही बयान देते विक्रमादित्य : सहजल



**भाजपा** के पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सहजल ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री विक्रमादित्य को अपने विभागों से जानकारी लेने के उपरांत ही बयान देना चाहिए, जहां पूरे हिमाचल प्रदेश में ठेकेदारों के कार्यों का भुगतान नहीं हो रहा है, वहीं मंत्री अपनी सरकार को बचाने का झूठ ढोंग कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में छोटे-छोटे ठेकेदार भी अपने भुगतान बारे चिंतित है और जगह-जगह से सार्वजनिक रूप में सरकार की निंदा कर रहे हैं, क्या आपको यह दिखता नहीं है ? क्या आपको भी सुक्खू प्रेम का चश्मा लग गया है ? अच्छा होता की पीडब्लूडी मंत्री भुगतान हेतु ठोस काम करते अपितु नेता प्रतिपक्ष पर टिप्पणी करते और टिप्पणी भी बिना आधार की।

## प्रदेश में सब कुछ चंगा तो हर जगह अराजकता क्यों : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे लोग हर दिन आते हैं और बयान देते हैं कि प्रदेश में सब कुछ चंगा है, बढ़िया चल रहा है।

जब सब कुछ बढ़िया चल रहा है तो प्रदेश में इस प्रकार की अराजकता क्यों है? प्रदेश की ट्रेजरी क्यों बंद है? लोगों के 5 हजार और 10 हजार के भी भुगतान क्यों नहीं हो रहे हैं? विकास के काम क्यों ठप पड़े हैं? प्रदेश के अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाले सप्लायरों को मीडिया में आकर 9 महीने से अपनी लंबित भुगतानों की मांग क्यों करनी पड़ रही है? जब सब कुछ ठीक है तो प्रदेश के स्वास्थ्य महकमें की हालत इतनी खराब क्यों है? क्यों लोगों के ऑपरेशन टाले जा रहे हैं? क्यों जीवन रक्षक दवाइयां के लिए लोग अस्पतालों में भटक रहे हैं? उन्हें नि:शुल्क दवाइयां और इलाज क्यों नहीं मिल रही है? हार्ट के मरीजों को पड़ने वाला स्टंट आजकल क्यों नहीं पड़ रहा है? ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस के खतरे के अंदेशे के बीच ऑक्सीजन पीएसए प्लांट क्यों बंद है, क्यों उनके तकनीकी कर्मियों की सेवाएं समाप्त हैं? क्यों हर दिन सौ- पचास लोगों को नौकरियों से निकलने की खबरें मीडिया में आम बात हो गई हैं? सरकार के लोग चाहे जितनी भी बातें कर लें लेकिन सच यही है कि प्रदेश के हालात बहुत खराब है।

# प्रदेश में पांच दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल में फिर पांच दिन बारिश और बर्फबारी देखने को मिलेंगी। ये बारिश और बर्फबार किसानों और बागवानों के लिए वरदान साबित होगी। अभी बर्फबारी और बारिश से कुछ ही दिन बीते है। ऐसे में अब फिर से अगर बारिश होती है तो सेब, लहसुन और गेहूं के लिए फायदेमंद होगी।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 16 और 19 जनवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है, जबकि निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 15, 17, 18 और 20 जनवरी को राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

इसके बाद अगले 3-4 दिनों तक अधिकतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले 3-4 दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

## राज्यपाल शुक्ल ने नशे से निपटने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला सोलन के अर्की में 'खेल खिलाओ-नशा भगाओ' अभियान के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सामुदायिक प्रयासों के माध्यम से नशे की लत से निपटने के महत्व पर जोर दिया। अर्की वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित एक माह तक चलने वाले इस अभियान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह अनूठी और प्रभावशाली पहल समाज को नशे के दुष्प्रभाव से मुक्त करने के लिए प्रभावी बनाती है। राज्यपाल ने महिला रस्साकशी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का भी आनंद लिया।



उन्होंने क्रिकेट और रस्साकशी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले, कार्यक्रम के समन्वयक सुरेंद्र ठाकुर ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## मढ़ोघाट में वित्तीय साक्षरता के लाभ बताए

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** नाबार्ड के सौजन्य से जिला वित्तीय साक्षरता केंद्र शिमला द्वारा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक ने विकास खंड बसंतपुर की ग्राम पंचायत मढ़ोघाट में एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला वित्तीय साक्षरता समन्वयक आकाश गुप्ता ने लोगों को वित्तीय साक्षरता के लाभ बताएं तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा लोन योजना इत्यादि ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। आकाश गुप्ता ने लोगों को बैंक में बचत खाता खोलने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## सिरमौरी हाटी की नाटी ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली हाट में 1 से 15 जनवरी तक हिम महोत्सव का आयोजन किया गया। हिम महोत्सव का आयोजन उद्योग विभाग, हिमाचल क्राफ्ट, पर्यटन विभाग, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान में किया गया।

हाटी जनजातीय क्षेत्र के चूड़ेश्वर सांस्कृतिक मंडल, पझौता के लोक कलाकारों ने डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 11 से 13 जनवरी तक हाटी की नाटी के अंतर्गत महाभारत कालीन ठोडा नृत्य, रिहाल्टी गी, दीपक नृत्य, मुंजरा नाटी, परात नृत्य, रासा नृत्य, पढुंआं नृत्य, लंबड़ा नृत्य तथा सिरमौर का लगभग पांच सौ साल पुराना सिंहटू नृत्य प्रस्तुत कर भारतवर्ष के अनेकों राज्यों से आए दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

## बिजली विभाग मुस्तैद, कर्मचारी युद्ध स्तर पर कर रहे हैं काम

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मौसम खराब रहने की स्थिति में भी बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्त करते हुए चिड़गांव सब-डिविजन में विद्युत आपूर्ति रिकार्ड समय में बहाल की है।

विद्युत विभाग सब-डिविजन चिड़गांव के अधीन दूर दराज के गांव में हिमपात व भारी तूफान आने के कारण विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित हो गई थी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करते हुए सब-डिविजन के सभी उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी है।



**संस्कृति** हिम महोत्सव ने प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की दुनिया में बनाई अलग पहचान : चौहान

# हिम महोत्सव में हुआ दो करोड़ का कारोबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य की सांस्कृतिक विरासत, शिल्प और व्यंजनों का भव्य जश्न मनाने वाला 15 दिवसीय हिमाचल प्रदेश हिम महोत्सव का दिल्ली हाट में अपार सफलता के साथ संपन्न हुआ। हिम महोत्सव का आयोजन हिमाचल प्रदेश सरकार ने केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के सहयोग से किया गया।

हिम महोत्सव में न केवल राज्य की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया गया, बल्कि स्थानीय कारीगरों को 2 करोड़ रुपए का कारोबार भी दिया गया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि हिम महोत्सव ने हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और आधुनिक व्यावसायिक दुनिया में अलग पहचान बनाई है। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम ने आगंतुकों से मिली प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इससे हिमाचली शिल्प में देश की बढ़ती रुचि की झलक दिखती है।



हिम महोत्सव के दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

महोत्सव में विभिन्न प्रकार के 60 स्टॉल लगाए गए जहां कारीगरों ने ऊनी शॉल, चंबा रूमाल, कांगड़ा पेंटिंग और पारंपरिक आभूषणों सहित हस्तनिर्मित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की।

इसके अतिरिक्त राज्य के प्रसिद्ध व्यंजन हिमाचली धाम के जायके ने आगंतुकों को आकर्षित किया, जिससे प्रदेश की संस्कृति का अनुभव और समृद्ध हुआ। हिमाचल की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं का जश्न मनाते हुए कार्यक्रम में कांगड़ा के गद्दी नृत्य और सिरमौर की नाटी भी शानदार प्रस्तुति दी गई। ग्रैंड फिनाले में हिमाचली फैशन शो भी हुआ, जिसमें पारंपरिक परिधानों का प्रदर्शन किया गया जो इस उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा।

## हिम महोत्सव कारीगरों के लिए उम्मीद की किरण

हिम महोत्सव प्रदेश के कारीगरों के लिए एक उम्मीद की किरण बन गया है, जिसमें पारंपरिक कला को आधुनिक व्यवसायिक गतिविधियों के साथ जोड़ा गया है। महोत्सव ने हिमाचल की समृद्ध विरासत के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संस्कृति के संरक्षण तथा विकास को सुनिश्चित करने में मदद की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी केएस बांशटू, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती, प्रबंध निदेशक हिम क्राफ्ट्स कॉरपोरेशन गंधर्व राठौर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरियाणा भाजपा अध्यक्ष पर हिमाचल में रेप की एफआईआर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हिमाचल प्रदेश में बडौली और सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ है।

यह एफआईआर हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के कसौली थाना में दर्ज हुई है। पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला भी हरियाणा की रहने वाली है। महिला का आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले उसे सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर दोनों ने यहां पर दुराचार किया। महिला का आरोप है कि इन्होंने उसकी अश्लील वीडियो और फोटो भी लीं। महिला ने इसकी शिकायत कसौली थाना में दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उधर, एसपी सोलन गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे अक्षत चंदेल

**अजय पाल, पालमपुर।** भौरा हेलपिंग हैंड के संस्थापक अक्षत चंदेल को समाज सेवा मे बेहतरीन कार्य करने के लिए हाल ही मे कांगडा मे बिटिया फाउंडेशन द्वारा करवाए गए समारोह मे नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड-2025 से नवाजा गया। यह अवार्ड इन्हें कोयला व बादशह जैसी कई फिल्मों मे अभिनय कर चुकी अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल के माध्यम से दिया गया। अक्षत एक व्यवसायी हैं, लेकिन फिर भी व्यस्तता के चलते समय निकालकर समाज सेवा मे बढ़-चढ़कर भाग लेते है। गरीबों की सहायता करना व किसी भी सामाजिक कार्य मे अपना सहयोग देना इनकी प्राथमिकता रहती है। हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पहाड़ी कलाकारों व गायकों का भी हमेशा सहयोग करते हैं। चंदेल ने कहा कि यह अवार्ड माता-पिता व भौरा हेलपिंग हैंड की सारी टीम को समर्पित है। (अनंत ज्ञान)



### कांगड़ा में नगरकोट महोत्सव कार्यक्रम आज

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा के नगर परिषद मैदान में 15 जनवरी को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय मकर संक्रांति घृत पर्व नगरकोट महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने लिया। एसडीएम ने कहा कि मैदान में बनने वाले माता के भव्य भवन की तैयारी चली हुई हैं। मंदिर परिसर वह अन्य स्थानों में एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। जागरण के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए हैं। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने कहा कि 14 और 15 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों के लिए कांगड़ा पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था के लिए एक ट्रैफिक प्लान बनाया गया है, वहीं पार्किंग व्यवस्था के लिए बहुतकनीकी संस्थान में फ्री-पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा जीएवी स्कूल का प्रांगण, कांगड़ा बाईपास और गुप्त गंगा रोड में गाड़ियों को खड़ा करने के लिए व्यवस्था होगी। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि आसपास के रहने वाले लोग गाड़ियों में न आकर पैदल ही माता के दरबार तक पहुंचे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तहसील चौक, जमानाबाद व जंक्शन रोड पर बैरिकेडिंग की जाएगी। इस मौके पर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, मंदिर अधिकारी नीलम राणा, तहसीलदार पूजा अधिकारी, ट्रस्टी अशोक हिमाचली, उमाकांत शर्मा,थाना प्रभारी संजीव कुमार भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### स्वस्थानी माता धाम में 30 दिवसीय कथा शुरू



**सालविया शर्मा, गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव रक्कड़ स्थित, पंजपीरी में विराजमान श्री स्वस्थानी माता धाम परिसर में झंडा रस्म व विशाल जागरण के साथ 30 दिवसीय कथा का मंगलवार को शुभारंभ हो गया। सर्वप्रथम हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली गईं, तत्पश्चात झंडा रस्म पूरी की गई, जिसमें ध्वज की पूजा-अर्चना की गई। हजारों की संख्या में आए भक्तों ने झंडा रस्म में भाग लिया। बाद में माता की विशाल चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें सुदर्शन सरगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक से एक भजन सुनाकर मंदिर में आए भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया। वहीं, जयदीप राय अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट दिल्ली द्वारा व अयोध्या से श्रीराम भगवान की मूर्ति की शिला के अंश को मंदिर में विराजमान किया। कार्यक्रम में मंदिर पुजारी मुकेश पंडित, नवीन पंडित, विनोद शर्मा,राजीव शर्मा, नरेश ठाकुर, नरेश कुमार, सुदर्शन, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### फतेहपुर में आम ग्राम सभा 16 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की 21 पंचायतों में आगामी 16 जनवरी को आम ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। बीडीओ फतेहपुर सुभाष चंद अत्री ने बताया विकास खंड फतेहपुर की पंचायत स्थाना, सुनहारा, सुनेट, टकोली घिरथां, तलाड़ा, टटवाली, ठेहड़, बनोली खास, बट, भरमाड़, भोलखास, चलवाड़ा-एक, चलवाड़ा-दो, ढसोली, हरनोटा, झोंका रतियाल, खरोटा, पपाहन, समकेहड़ व सिद्धपुरघाड़ में आम ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने लोगों से अपील की कि वे आम ग्रामसभा दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए पंचायत के विकास में योगदान दें।



### युवा दिवस पर कवि डॉ. राजीव सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जैसे कि हम जानते हैं कि 12 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला, स्वामी विवेकानंद कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर तकीपुर, मनम फाउंडेशन आंध्र प्रदेश, शांति फाउंडेशन गोंडा उत्तर प्रदेश ने कांगड़ा के युवा कवि लेखक डॉ. राजीव डोगरा को साहित्य तथा शिक्षण में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया। मनम फाउंडेशन ने नेशनल यूथ आइकॉन अवार्ड-2025, शांति फाउंडेशन ने स्वामी विवेकानंद प्रतिभा गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया। राजीव ने स्वामी विवेकानंद कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर तकीपुर के अध्यक्ष प्रवेश देओल, मनम फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. के चक्रवती व शांति फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील आनंद का धन्यवाद किया।

# गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर अभी तक सभी तस्वीरें धुंधलीं

## लोग मुआवजा लेने से कर रहे इनकार, एक इंच भी भूमि नहीं देंगे एयरपोर्ट को

**अनंत ज्ञान, गगल**

पिछले पांच सालों से एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर चल रही गतिविधियों में अभी कोई भी तस्वीर स्पष्ट नहीं हो पाई है। सभी तस्वीरें अभी तक धुंधली बनी हुई हैं। अभी तक न तो यह पता चला है कि हवाई अड्डे का उच्च न्यायालय में क्या फैसला होगा, हवाई अड्डे का विस्तार होगा भी या नहीं, क्योंकि अभी रिपोर्ट पेश करने का पेच फंसा हुआ है।

वहीं, दूसरी ओर प्रशासन द्वारा दी जा रही मुआवजा राशि की भी तस्वीर साफ नहीं है। कुछ लोग तो सहमति पत्र देकर मुआवजा ले रहे हैं, जबकि कई लोगों ने मुआवजा लेने से इनकार करते हुए कहा कि वह एक इंच भी भूमि एयरपोर्ट को नहीं देंगे, भले ही इसके लिए उन्हें कोई भी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े। वहीं, तीसरी और अगर गगल हवाई अड्डे का विस्तार होता है तो विस्थापित होने वाले लोगों का क्या होगा, उन्हें कहां बसाया जा रहा है और जो दुकानदार बेरोजगार हो रहे हैं, उसके बारे में सरकार ने क्या सोचा है।



फाइल फोटो

उधर, सरकार कह रही है की दुकानदारों को एक मार्केट बनाकर दी जाएगी, जहां वे फिर से रोजगार प्राप्त कर सकें, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल रही है कि वह मार्केट कहां बनाई जा रही है और गगल हवाई अड्डे से उजड़ने वाले उन लोगों के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है, जो पिछले 50-50 सालों से यहां रह रहे हैं। इनके पास शामलात भूमि है जो कि उन परिवारों को सरकार ने ही दी हुई है। अब अगर इन परिवारों को पुनर्वास योजना में शामिल न किया गया, तो यह परिवार कहां जाएंगे। उनके बारे में अभी तस्वीर ही बनी हुई है। इन सब के चलते फोरलेन का काम भी रुका हुआ है और फोर लेन की तस्वीर भी अभी स्पष्ट नहीं है कि फोरलेन कहां से कैसे बनाया जाएगा।

### एयरपोर्ट के चारों तरफ रिंग रोड बनाने की योजना भी बना चुकी है सरकार

**सरकार** तो अपने कागजों में एयरपोर्ट के चारों तरफ रिंग रोड बनाने की योजना भी बना चुकी है। अब यहां सोचने की बात है कि अभी तक हवाई अड्डे का मामला ही लटका हुआ है तो रिंग रोड कहां बनाया जाएगा और कैसे बनाया जाएगा। इन सभी के चलते आम इलाका वासी का जीवन में अदर में लटका हुआ है न तो वे पुराने भवनों की मरम्मत करवा रहे हैं और न ही नए भवन बना रहे हैं। इसके चलते उनकी रातों की नींद उड़ी हुई है। सरकार को चाहिए के इससे जो भी निर्णय लेना है शीघ्र ले। यह भी कहा जा सकता है कि जब तक उच्च न्यायालय में मामले का निर्णय नहीं आता, तब तक सरकार कुछ भी नहीं कर सकती। उच्च न्यायालय में इस मामले को लेकर क्या फैसला आता है और उसके बाद की तस्वीर क्या बनती है।

# आदि हिमानी चामुंडा मंदिर का भी मास्टर प्लान तैयार करवाएं मुख्यमंत्री : प्रवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के चार मंदिरों बाबा बालक नाथ, माता चिंतपूर्णी, नायना देवी व ज्वालामुखी मंदिर परिसरों के सौंदर्यीकरण के मास्टर प्लान तैयार करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में समाज सेवा में समर्पित इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन ने मुख्यमंत्री से माता चामुंडा का शिखर पहाड़ी पर स्थित प्राचीन आदि हिमानी चामुण्डा मंदिर का भी मास्टर प्लान तैयार करने का आग्रह किया है।



इंसाफ संस्था के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए कहा है कि बतौर विधायक उन्होने तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से इस मंदिर का चामुण्डा नन्दिकेश्वर मंदिर न्यास के साथ विलय (मर्ज) करवाया था। उसके उपरांत ही मंदिर के भवन का प्राकलन, रास्ते का निर्माण, रज्जू मार्ग का सर्वे व हेलीकाप्टर सेवा शुरू हुई थी। रास्ते का काम अधर में लटक कर रह गया है जबकि मंदिर भवन का लंबे समय से कछुए की चाल की तरह काम चल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत करवाते हुए कहा कि इंसाफ संस्था ने ही स्थानीय पंचायत बड़सर के सहयोग से वीएमजेएसवाई के अंतर्गत 10 किलोमीटर लंबे इस मंदिर के पैदल रास्ते पर सोलर लाइटें लगवाई है। अब शाम ढलते ही यहां धौलाधार का नजारा वैष्णो माता मंदिर की तरह जगमगा उठता है।

मुख्यमंत्री ने जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा की है, उस दृष्टि से अगर सरकार रुचि ले तो यह मंदिर भी वैष्णो देवी माता मंदिर की तरह जिला कांगड़ा का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन उधोग बन सकता है। पूर्व विधायक ने कहा गत सप्ताह ही उन्होंने उपायुक्त से मिलकर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि सोलर लाइटें लगने से इस बार काफी संख्या में अन्य प्रदेशों के श्रद्धालुओं ने भी यहां माथा टेका ऐसे में अब की बार मंदिर न्यास मणि महेश एवं अमरनाथ की तरह यात्रा शुरू करने का विचार करें।

## मकर संक्रांति पर लगाया खिचड़ी का भंडारा

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

नूरपुर के ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्री बृजराज स्वामी मंदिर में आज मकर संक्रांति की उपलक्ष में देसी घी से तैयार खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया तथा स्वामी महाराज श्री कृष्ण व मीरा जी को पवित्र खिचड़ी का भोग लगाया गया।

इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दूरदराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे तथा मकर संक्रांति पर ठाकुर जी से आशीर्वाद लिया तथा खिचड़ी का प्रसाद भी ग्रहण किया।

इस अवसर पर कमेटी के प्रधान दविंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर ठाकुर जी महाराज को देसी घी की खिचड़ी का भोग लगाया जाता है तथा श्रद्धालुओं के लिए भी खिचड़ी का भंडारा लगाया जाता है, जिसमें काफी संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं।



कमेटी सदस्य सुनील कुमार उर्फ पिंटू ने कहा कि कमेटी द्वारा पिछले वर्ष स्वामी जी महाराज के शयन के लिए चांदी का पलंग बनाया था तथा इस वर्ष पलंग के साथ पानी का लौटा, दातुन तथा तोलिया इत्यादि रखने के लिए चांदी के साइड टेबल बनवाए हैं।

उन्होंने कहा कि कमेटी व शहरवासियों के सहयोग से मुख्य सड़क पर एक प्रवेश द्वार का भी निर्माण करवाया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को आसानी से मंदिर का रास्ता दिख जाए।

## श्री साई इंस्टीट्यूटस ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

आदर्श ज्ञान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धौलपुर टटवाली कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) वार्षिक समारोह का आजोयन किया गया, जिस में श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्स के चेयरमन एसके पुंज मुख्यातिथि रूप में उपस्थित थे।



समारोह में चेयरमन एसके पुंज ने स्टाफ और स्टूडेंट्स व उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। वार्षिक दिवस स्कूलों और छात्रों के लिए एक कार्यक्रम है जो पिछले शैक्षणिक वर्ष को विदाई देती है और नए साल की शुरुआत का जश्न मनाती है। इस दिन पूरे स्कूल की साफ-सफाई की जाती है और सभी कक्षाओ को रंग-बिरंगे गुब्बारों और कागज से सजाया जाता है।

वार्षिक समारोह के कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य के भाषण से होती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा चित्रकला, संगीत कला, नृत्य कला, कविता और कविता प्रदर्शन, भाषण, व्यायाम, और विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन किया जाता है। प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों और परीक्षा में पहले, दूसरे, तीसरे को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रिंसिपल सुधीर शर्मा की रेख-देख में किया गया।

इस वार्षिक समारोह के अबसर पर बीडीसी टटवाली सरिता, उपप्रधान दियांना गगन, विजय कुमार (कमाई देवी स्कूल) कैप्टन ध्यान सिंह, जैसी राम, रमेश शास्त्री, महिंद्र सिंह, भुवनेश कुमार, अश्वनी शर्मा, रूप सिंह ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## लोहड़ी पर्व पर स्टार नाइट में कलाकारों ने नचाए लोग





**संजीव संधू, नगरोटा सूरियां**

पिछले वर्ष की भांति इस बार भी नगरोटा बस स्टैंड रामलीला मंच पर उपप्रधान और नरसिंह देव युवा क्लब के अध्यक्ष सुखपाल सिंह गोगी की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए आयोजित इस शानदार कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। कलाकारों द्वारा सुरों का जादू बिखेर कर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया गया। हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार राज जेरी, मोहित गर्ग और बहादुर भारद्वाज के गानों पर लोग खूब झूमे नाचे। इस मौके पर अध्यक्ष सुखपाल, भाजपा नेता संजय गुलेरिया, रामलीला क्लब नगरोटा सूरियां स्टेज संचालक राजेश भारद्वाज व क्लब सदस्यो द्वारा आए हुए कलाकारों का गर्म जोशी से स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)

## मरीज से हुई बदतमीजी पर लवली कटोच ने जताया दुख

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा युवा नेता लवली कटोच ने गत दिवस एक महिला चिकित्सक द्वारा मरीज के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ईमानदारी से व्यवस्था परिवर्तन में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर सुलह में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दफ्तर में चले जाएं या तो अफसर छुट्टी पर होते हैं या बहाने लगाते पाए जाते हैं कि उन्हें अध्यक्ष ने अपने निवास स्थान पर बुलाया है। उन्होंने बताया कि उन्नति के नाम पर अभी तक कुछ नहीं हुआ है। बस पाठशालाओं में संस्कृतिक कार्यक्रमों की नुमाइश लगी हुई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी पिछड़ती जा रही है।

**बोले-सुलह के हालात बदतर**

लवली कटोच के मुताबिक भवारना अस्पताल में भाजपा के समय से लगभग पांच वर्षों तक के लंबे समय से नर्सें और कई अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं। जिस वजह से उनमें काम करने की उदासीनता छा गई है। इसी लिए ऐसी घटनाएं स्थान ले रही हैं। कटोच का कहना है कि इस अस्पताल में आधारभूत दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि जिन लोगों ने सुलह की बागडोर संभाली है यदि वे खुद को अक्षम पाते हैं। सुलह को संभालने के लिए तो उन्हें पीछे हट कर किसी अन्य व्यक्ति को आगे आने का मौका देना चाहिए जो लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़ा हुआ हो और विभिन्न नेताओं के साथ काम कर चुका हो।

## एकल अभियान के माध्यम से संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**राकेश डोगरा, डरोह**

एकल अभियान के माध्यम से संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंचल पालमपुर से 18 लड़के व 14 लड़कियां ने हमीरपुर के टिप्पर में भाग लिया। अंचल पालमपुर से खिलाड़ियों की टीम हमीरपुर के लिए रवाना हुई। सभी खिलाड़ियों ने दमखम के साथ खेल खेले। कुश्ती के 48 किलों ग्राम भार वर्ग में अनिकेत ने दूसरा स्थान हासिल किया, वहीं 55 किलो ग्राम भार वर्ग में कार्तिक ने भी दूसरा स्थान हासिल किया। संच परौर की आचार्य ललिता ने योग में प्रथम स्थान हासिल किया।

बता दें कि अंचल पालमपुर में 300 गांवों में एकल अभियान का कार्य चलता है। इसमें 21 कार्यकर्ता काम करते हैं। कार्यकर्ता ईमानदारी और परिश्रम करके ग्रामीण स्तर पर बच्चों का चयन करते हैं। अभ्युदय यूथ क्लब के बैनर तले यह कार्यक्रम होता है। यह कार्यक्रम सबसे पहले ग्राम स्तर, संच स्तर, अंचल स्तर और संभाग स्तर पर होता है। संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 36 बच्चों का चयन किया गया। अब यह बच्चे फरवरी में राष्ट्रीय स्तर पर ओडिशा में खेलने जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## चौधरी हरिराम पार्क को पुनर्जीवित करने की मांग उठाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

मंगलवार को चौधरी फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने सब्जी मंडी अध्यक्ष निशू मोंगरा से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य चौधरी हरिराम की स्मृति में बने पार्क को पुनर्जीवित करने के लिए जन जागरूकता पैदा करना और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना था।



चौधरी हरिराम ने हिमाचल प्रदेश और पंजाब के विकास में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया और हमेशा लोगों के हितों को सर्वोपरि रखा। उनकी स्मृति में बना यह पार्क एक समय स्थानीय लोगों के लिए मनोरंजन और विश्राम का प्रमुख केंद्र हुआ करता था, लेकिन समय के साथ इसकी देखभाल न होने के कारण इसकी स्थिति दयनीय हो गई है। चौधरी फाउंडेशन ने विधायक पवन काजल और अन्य प्रतिनिधियों से इस ऐतिहासिक पार्क को पुनर्जीवित करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। फाउंडेशन ने एक मार्च 2025 को चौधरी हरिराम की जयंती इसी पार्क में मनाने की योजना बनाई है। इसके पहले, फाउंडेशन निम्नलिखित कार्य करने का संकल्प लेता है।

उन्होंने पार्क की सफाई कूड़े का निस्तारण, झाड़ियों की कटाई और घास की सफाई, पौधारोपण, स्थानीय जलवायु के अनुसार नए पेड़-पौधे लगाकर पार्क को हरा-भरा बनाना, बैठने की व्यवस्था, टूटे हुए बेंचों की मरम्मत और नई बेंच एवं शेड लगाना, रोशनी की व्यवस्था, पार्क में पर्याप्त लाइटिंग की सुविधा देना, सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति और सीसीटीवी कैमरे लगाना, सामुदायिक सुविधाएं बच्चों के खेल का मैदान और सामुदायिक उद्यान का निर्माण, अवैध कब्जे हटाना, पार्क से बिना अनुमति रह रहे प्रवासियों को हटाने की मांग की।

इस बैठक में चौधरी विट्ठल सांकड़ा (सचिव, चैधरी फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश), मशाल चैधरी (उप कार्य प्रमुख, कांगड़ा क्षेत्र), शगुन चैधरी (युवा कार्य प्रमुख, कांगड़ा), लवलीन चैधरी (वरिष्ठ उप कार्य प्रमुख, कांगड़ा), कृष्णा चैधरी (उप कार्य प्रमुख, कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र), सचिन नंदा और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**जज्बा** | 12 महीने सिर्फ लंगोट ही पहनते हैं और लस्सी पीकर ही मिटाते हैं अपनी भूख


# बाबा बाबू राम ने कर रखा है अन्न और वस्त्र का त्याग

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के बग्गी कोके के तपस्वी गृहस्थी बाबा बाबू राम ने अन्न वस्त्र का त्याग कर यह साबित कर दिखाया है कि भक्ति में शक्ति होती है। बाबा बालकनाथ जी के परम भक्त बाबू राम ने पिछले 16 सालों से अन्न वस्त्र का त्याग कर रखा है।

इतना ही नहीं बाबा बाबू राम बिना अन्न खाए दिन भर हथौड़ा चलाकर खेतीबाड़ी के औजार भी बनाते हैं, जो कि जिज्ञाशुओं और वैज्ञानिकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भीषण सर्दी हो या गर्मी बाबा 12 माह बिना कपड़ों के ही रहते हैं। केवल लंगोट ही पहनते हैं। बाबा केवल छाछ (लस्सी) पीकर ही अपनी भूख मिटाते हैं। बाबा बाबू राम कहते हैं कि पिछले साल बाबा बालकनाथ जी ने उनकी परीक्षा लेने के लिए उन्हें एक महीने के लिए पानी का त्याग करने के आदेश दिए। बाबा बाबू राम ने एक माह के लिए पानी पीना छोड़ दिया।

बाबा बाबू राम की धर्म पत्नी ने बताया कि उनके पति बाबा जब पानी के बिना अचेत हो गए तो बाबा बालकनाथ ने स्वयं प्रकट होकर उन्हें अपने हाथों से पानी पिलाकर एकदम अलोप हो गए। गृहस्थी जीवन जी रहे बाबा बाबू राम के दो लड़के, पोते, पोतियां व पत्नी और एक लड़की भी है।



बाबू राम का कहना है कि अगर इंसान भगवान से सच्चे दिल से निस्वार्थ भाव से सच्चा प्रेम करे तो इस कलियुगी दुनिया में भी सब कुछ संभव है । बाबा बाबू ने अपनी नेक कमाई से बाबा बालक नाथ जी के मंदिर का निर्माण कर लिया है। उनका आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालु दूर दूर से आते हैं। वह अब अपनी नेक कमाई और श्रद्धालुओं के सहयोग से लक्ष्मी नारायण जी का भव्य मंदिर बनवा रहे हैं। इसके अलावा वह 11 शिवलिंगों की स्थापना भी करवाएंगे।

बाबा बाबू राम का कहना है कि वह तपस्या पूरी होती ही बाबा बालकनाथ जी की असीम कृपा से दीन-दुखियों के दुख कष्ट भी दूर करके उनकी निशुल्क सेवा करेंगे, लेकिन इसके लिए अभी कुछ समय शेष बाकी है। उनका कहना है कि उन्हें रोटी कपड़ों की कोई जरूरत है ना ही पैसे का कोई लालच। उनका परिवार पूरी तरह से वेल सैटल्ड है।

# मां बज्रेश्वरी और बैजनाथ बाबा का 'घृत मंडल' से शृंगार

## 21 क्विंटल मक्खन से तैयार हुआ घृत मंडल, भक्तों में बंटेगा प्रसाद

मकर संक्रांति पर आस्था का सैलाब

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

प्रदेश के जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में शुमार मां बज्रेश्वरी देवी मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर 21 क्विंटल मक्खन के साथ मां का श्रृंगार किया गया। मां की पिंडी को फल, मेवों, फूलों और फलों से सजाया गया है। यह पर्व सात दिन चलता है।

रात भर मंदिर में विशाल जागरण से होता रहा माता का गुणगान

इस मौके पर बाहरी राज्यों से श्रद्धालु भारी संख्या में मां बज्रेश्वरी देवी मंदिर में अपने परिवारों सहित माथा टेकने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, बाहरी राज्यों से माथा टेकने के लिए मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा भी सभी उचित प्रबंध मंदिर में किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना श्रद्धालुओं को न करना पड़े।

इसी के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने तीन समय की लंगर की सुविधा भी शुरू की है। मंगलवार शाम से शुरू हुए इस सेवा कार्य के दौरान मंदिर परिसर में विशाल जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के साथ बाहरी राज्य के कलाकारों ने मां का गुणगान किया। पूरी रात तक चले इस प्राचीन परंपरा में क्षेत्र के अलावा बाहरी राज्यों से हजारों लोगों ने अपनी हाजिरी भरी।


बज्रेश्वरी मंदिर में मक्खन से मां की पिंडी का श्रृंगार करते पंडित।

यह परंपरा दैवीयकाल से चली आ रही है और शक्तिपीठ मां बज्रेश्वरी के इतिहास से संबंधित है। कहते हैं कि जालंधर दैत्य को मारते समय माता के शरीर पर कई चोटें लगी थीं। इन्हीं घावों को भरने के लिए देवताओं ने माता के शरीर पर मक्खन का लेप किया था। उसी परंपरा के अनुसार, मक्खन का लेप माता की पिंडी पर किया जाता है। मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की ही आस्था है कि हर बार माता की पिंडी पर मक्खन की ऊंचाई बढ़ती जा रही है।

मंदिर में बाहरी राज्यों से माथा टेकने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि व हर साल इस मंदिर में अपने परिवार सहित माथा टेकने के लिए आते हैं और जो भी मन्नत मां बज्रेश्वरी देवी से मांगते हैं मां उस मन्नत को जरूर पूरा करती हैं। इसी वजह से वह हर साल इस मंदिर में परिवार सहित माथा टेकने के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं का कहना था कि मंदिर प्रशासन द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसी के साथ लंगर व्यवस्था भी काफी बेहतर है। पुलिस प्रशासन की और से भी पार्किंग की सुविधा को भी बेहतरीन तरीके से चलाया जा रहा है और सभी श्रद्धालु आराम से पार्किंग में अपनी गाड़ी को खड़ा कर के मां के दर्शनों के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



मकर संक्रांति पर कांगड़ा स्थित बज्रेश्वरी देवी मंदिर में जागरण का शुभारंभ करते डीसी हेमराज बैरवा तथा (दाएं) मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

### 7 दिनों के बाद मक्खन प्रसाद के रूप में होगा वितरित

21 क्विंटल के इस मक्खन को 7 दिनों तक मां बज्रेश्वरी देवी की पिंडी पर रखा जाएगा और सात दिनों तक इसी स्वरूप में मां बज्रेश्वरी देवी की पूजा की जाएगी और 7 दिन बीत जाने के उपरांत इस मक्खन को माता की पिंडी से उतारा जाएगा और सूखे मेवों के साथ मक्खन को मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में बंट दिया जाएगा। इसी के साथ इस मक्खन की ऐसी मान्यता भी है कि अगर किसी व्यक्ति को चर्म रोग हुआ हो और व ठीक नहीं हो रहा हो तो इस मक्खन को उस रोग पर लगाने से व्यक्ति का चरम रोग ठीक हो जाता है। यह प्रसाद रामबाण का काम करता है।

## ढाई क्विंटल देसी घी से मक्खन बना पिंडी पर 4 फुट तक चढ़ाया

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

शिव मंदिर बैजनाथ में बनाए गए घृत मंडल से इस बार बहुत ही आकर्षक शिवलिंग स्वरूप तैयार हुआ है। घृत से बनाया जाने वाला यह शिवलिंग हर वर्ष नया ही स्वरूप लेता है। इस बार घृत मंडल लगभग साढ़े 4 फुट ऊंचा बनाया गया है। मकर संक्रांति के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग रूपी भगवान शंकर का करीब साढ़े तीन क्विंटल देसी घी से बने मक्खन से घृत मंडल बनाया गया है, जिसका श्रृंगार सूखे मेवों से किया गया है। मंदिर में घृत मंडल को बनाने के लिए पिछले चार दिनों से तैयारियां शुरू कर दी थी।

देसी घी को पिघला कर मक्खन बनाने का कार्य 11 जनवरी से शुरू हो गया था। देसी घी को 108 बार पानी से धोकर मक्खन के पेडों के रूप में सुरक्षित रखा गया था और मकर संक्रांति के दिन दोपहर 12 बजे होने वाली आरती के बाद शिव लिंग पर घृत मंडल चढ़ाने का कार्य शुरू हुआ। सबसे पहले शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया, तत्पश्चात उसके ऊपर बुर्ज पत्र रखा गया। घृत मंडल तैयार होने के बाद श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए सात दिन शिवलिंग पर रहेगा। उसके बाद 21 जनवरी को घृत मंडल को शिवलिंग से हटा लिया जाएगा तथा उसी दिन मक्खन रूपी प्रसाद को भक्तों में बांटा जाएगा। बैजनाथ शिव मंदिर के अतिरिक्त महाकाल मंदिर, बैजनाथ स्थित पुठे चरण मंदिर तथा संसाल में मुकटेश्वर नाथ मंदिर में भी घृत मंडल बनाया गया है। बाबा जी के चरणों में बैजनाथ में घृत मंडल चढ़ाने से पहले तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर तथा बैजनाथ पोलो कंस के मुख्य सलाहकार अनुराग शर्मा ने पूजा-अर्चना की। इस बार बैजनाथ में बनने वाले घृत मंडल पर ओम लिखकर इसे बहुत ही आकर्षक रूप दिया गया है।

तहसीलदार का कहना है कि 21 जनवरी को सुबह की आरती के बाद शिवलिंग से घृत मंडल हटाकर मक्खन लोगों को प्रसाद के रूप में बांट दिया जाएगा। इस घृत मंडल को बनाने के लिए पुजारी धर्मेंद्र शर्मा, मंनतेश शर्मा, राकेश शर्मा, गौरव शर्मा कांगड़ा से विशेष रूप से पहुंचे प्रभात शर्मा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई है। (अनंत ज्ञान)



शिव मंदिर बैजनाथ में मक्खन से सजाया गया शिवलिंग।

## पल्लिकेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आगे आए लोग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पपरोला से आगे ताशी जोंग के समीप स्थित पौराणिक महत्व के पल्लिकेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के कार्य के लिए बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे हैं।

मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के लिए महाकाल सेवा समिति द्वारा एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त इस प्राचीन मंदिर के उत्थान के लिए पपरोला निवासी प्रवेश पाल सूद द्वारा 25 हजार तथा डॉ. जितेंद्र सूद द्वारा 21 हजार की राशि दी गई। इससे पूर्व पपरोला के ज्वैलर लाल चंद द्वारा तीन लाख व थारू मेला कमेटी ने 25 हजार की राशि भेंट की थी।

मंदिर के पुनरूद्धार का कार्य स्थानीय कमेटी के महासचिव अजय राजपूत और स्वामी रामानंद ट्रस्ट संसाल के महासचिव राजेश शर्मा की देख-रेख में चल रहा है, जिसमें स्थानीय और बैजनाथ पपरोला के साथ-साथ आस पास के क्षेत्रों के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## बैजनाथ भाजपा को अभी तक नहीं मिला मंडल अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

लोहड़ी की खिचड़ी चाहे पक कर खत्म भी हो गई हो, पर भाजपा में पड़े हुए घमासान की खिचड़ी अभी भी पकने का नाम ही नहीं ले रही है। दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में बैजनाथ भाजपा में दो मंडल अध्यक्षों को बनाने की कवायद आरंभ हो गई थी।

तब यह माना जा रहा था कि बैजनाथ भाजपा को 15 दिसंबर से पहले पार्टी गाइडलाइन के अनुसार बनाए जाने वाले दो मंडल अध्यक्ष मिल जाएंगे, पर दिसंबर महीना ही नहीं 2024 भी बीत जाने के बाद भी भाजपा को मंडल अध्यक्ष तो नहीं मिल पाया। उल्टा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने का मामला दिन-प्रतिदिन और पेचीदा होता गया। हालात की नाजुक्ता देखते हुए पिछले कई वर्षों से संगठन का कार्य देख रहे गगरेट के विधायक राजेश ठाकुर को इस मामले को सुलझाने के लिए बैजनाथ भेजा गया, पर उनके तमाम प्रयासों के बाद भी कोई परिणाम नहीं निकल पाया।

**विधायक राजेश ठाकुर के प्रयासों के बाद भी नहीं निकला कोई हल**

बैजनाथ भाजपा को अभी तक मंडल अध्यक्ष न मिल पाने की मुख्य वजह यह है कि जहां पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी अपने पसंदीदा व्यक्तियों को अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान करना चाहते हैं। वहीं, वर्तमान समय में भाजपा संगठन में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा महामंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अत्यंत करीबी माने जाने वाले त्रिलोक कपूर चाहते हैं कि अध्यक्ष की कुर्सी पर जहां जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा जाए तथा इसके साथ-साथ थोड़ी बहुत उनकी पसंद को भी अहमियत दी जाए। इसी वजह से आज तक लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी अध्यक्ष का मामला लटका पड़ा हुआ है।

इस बार बनाए जाने वाले मंडल अध्यक्षों का महत्व इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव मौजूदा अध्यक्षों की देख-रेख में ही करवाए जाने हैं। ऐसे में पार्टी आलाकमान टिकट आवंटन को लेकर मंडल अध्यक्षों से कोई फीडबैक लेती है तो ऐसे में किसी भी टिकट चाहवान के अपना मंडल अध्यक्ष एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, इसीलिए ही मामला अभी तक लटका पड़ा हुआ है।

## 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर मिलेगी सहायक उपकरण की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाने की सुविधा शुरू की गई है। इसके साथ ही 80 फीसदी व इससे अधिक दिव्यांगता वाले लोगों की मदद करने के लिए कृत्रिम अंग भी प्रदान किए जा रहे हैं। 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर यह उपकरण दिए जाएंगे, जिसके लिए जिला कांगड़ा के जोनल अस्पताल धर्मशाला में हर शुक्रवार, पालमपुर में शनिवार व नूरपुर अस्पताल में मंगलवार को मेडिकल बोर्ड कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं।

दिव्यांगता सर्टिफिकेट सहित कुछेक औपचारिक्ताओं को पूरा किए जाने के बाद रेडक्रॉस धर्मशाला पहुंचने पर मौके पर ही सहायक उपकरण प्रदान किए जाने की सुविधा भी शुरू की गई है। जिससे दिव्यांग व्यक्तियाओं को सहायक उपकरण के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, और यहां-वहां भटकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसके लिए रेडक्रॉस की ओर से प्रयास भवन की धरातल मंजिल में उपकरण भी एकत्रित करके स्टोर करके रखे गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग कांगड़ा व रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से अप्रैल 2024 से दिसंबर तक 75 मेडिकल बोर्ड कैंप आयोजित किए गए हैं। इसमें कुल एक हजार 110 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाई, जिसमें 746 लोगों को 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पाई गई है। दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, परिवार की दो लाख से कम इनकम व डॉक्टर की रिकमेडेशन के बाद आवेदन जमा करवा सकते हैं। इसके आधार पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी धर्मशाला की ओर से बस पास व पेंशन के लिए रिकमेंड कर दिए गए हैं। इसके साथ ही डाक्टरों की ओर से परामर्श किए जाने पर 46 लोगों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए हैं। जिसमें व्हील चेयर 17, हेयरिंग एड बीटीई 23, वाकिंग स्टीक तीन, एक्स क्रचस एक व सीपी चेयर दो प्रदान की गई है। इसके अलावा पिछले वर्ष 34 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भी प्रदान किए गए हैं। रेडक्रॉस की ओर से इलेक्ट्रिक व्हील चेयर व अन्य उपकरण के लिए 12 हजार रुपए तक सहायता प्रदान की जा रही है।

उधर, रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि हाल ही के पूर्व वर्ष में 46 दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड में प्रमाण पत्र मिलने के बाद नाममात्र की औपचारिक्ताओं को पूरा करने पर मौके पर ही सहायक उपकरण प्रदान किए जाने की सुविधा शुरू की गई है। जिससे दिव्यांगों को बार-बार सहायक उपकरण के लिए नहीं भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की प्रतियां कार्यालय में जमा करवाए जाने पर सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं।

## ट्रेड फेयर में हिमाचली होटलियर्स की भागीदारी करें सुनिश्चित : अश्वनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 31 जनवरी से होने जा रहे ट्रेड फेयर में हिमाचल के होटलियर्स की भागीदारी हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में होटलियर्स का कहना है कि प्रति स्टॉल रेट वाजिव हों तो ही बात बन सकती है।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग ने दो दिन पहले ही ट्रेड फेयर में हिमाचली होटलियर्स की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रति स्टॉल 90 हजार रुपए का रेट तय किया है, जो कि हिमाचल जैसे छोटे-छोटे होटलों के होटलियर्स के लिए बहुत ज्यादा है। बांबा ने कहा कि पिछले छह माह से धर्मशाला में पर्यटकों की आमद में कमी आई है। साथ ही आक्यूपेंसी भी 15-20 फीसदी तक ही सीमित हो रही है।

उन्होंने बताया कि ट्रेड फेयर में स्टाल के लिए जम्मू-कश्मीर प्रति होटल 10 हजार रुपए ले रहा है और उत्तराखंड 30 हजार रुपए ले रहा है, जबकि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विभाग की ओर से दो दिन पहले रेट तय किए गए हैं, जिसमें प्रति होटल 90 हजार प्रति स्टाल लेने की बात कही गई है। हिमाचल में अधिकतर होटल छोटे स्तर के हैं। ऐसे में 10 से 15 कमरों वाले होटल के लिए इतनी राशि खर्च करना मुश्किल है। जिसके चलते ट्रेड फेयर को लेकर होटलियर्स ज्यादा उत्साहित नहीं है। सरकार से आग्रह किया गया था कि ट्रेड फेयर हेतु वाजिव रेट होंगे, तभी हमारे होटल उसमें भागीदारी सुनिश्चित कर पाएंगे।

## खिलाड़ियों की सम्मान राशि में अभूतपूर्व वृद्धि : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार ने ऐतिहासिक फैसला कर खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर खिलाड़ियों का सम्मान किया है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने कंडी पंचायत पहुंचकर वॉलीबाल टूर्नामेंट के शुभारंभ दीं।

बाली ने कहा कि ओलंपिक्स एवं पैरा-ओलंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता के लिए सम्मान राशि 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, रजत पदक विजेता को 2 से 3 करोड़ और कांस्य पदक विजेता एक से 2 करोड़ किया गया है। एशियन तथा पैरा-एशियन खेलों में पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक विजेता की सम्मान राशि को 50 लाख से 4 करोड़, रजत पदक विजेता के लिये 30 लाख से अढाई करोड़ और कांस्य पदक विजेता को 20 लाख से डेढ़ करोड़ किया गया है। उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स में भी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियो की सम्मान राशि को 50 लाख से 3 करोड़, रजत पदक विजेता के 30 लाख से 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेता के लिये 20 लाख से एक करोड़ सम्मान राशि को बढ़ाया गया है। उन्होंने इलाका वासियों को वॉलीबॉल प्रतियोगिता के इस आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और कहा कि चालू वित्त वर्ष में उच्च स्तरीय खेल संरचना ढांचा बनाने के लिए साढे 28 करोड रुपए की राशि व्यय की भी जा रही है।

उन्होंने सभी युवाओं को खेल भावना से खेल खेलने का संदेश दिया और कहा इस आयोजन को निरंतर जारी रखें। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की।

## भोटा पीएचसी को अपग्रेड करने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा पीएचसी को अपग्रेड करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। यह बात भोटा में मोरसू सुल्तानी ग्राम पंचायत के वार्ड मेंबर ब्यासां देवी, तेज सिंह पठानिया और अनिल धीमान ने कही। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को बीजेपी के कार्यकाल में अपग्रेड किया गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार आते ही इसको डी ग्रेड कर दिया गया जबकि इस अस्पताल में दो लैब्स, एक्स-रे, ईसीजी की सुविधा और 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं। इसके दोनों ओ स्टेट हाईवे लगता है और किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर इस अस्पताल में इलाज किया जाता है। इसके अलावा अस्पताल के पास अपग्रेड होने के लिए अपनी पर्याप्त भूमि और भवन है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस अस्पताल को लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं को मद्देनजर रखते हुए अपग्रेड किया जाए।

**मिसाल** सफल सर्जरी करके बचाई दो मरीजों की जान, बेस्ट डॉक्टर का मिल चुका है खिताब

## ज्वालामुखी अस्पताल के डॉ. सतिंद्र वर्मा बने मरीजों के मसीहा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी सिविल अस्पताल के सर्जन डॉ. सतिंद्र वर्मा गरीब मरीजों के लिए मसीहा बने हुए हैं। उन्होंने हाल ही में सर्जन विशेषज्ञ की डिग्री हासिल की है। डॉ. सतिंद्र वर्मा ज्वालामुखी अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि ज्वालामुखी अस्पताल में सैकड़ों सफल प्रसव करवाने का रिकार्ड भी इन्हीं के नाम है। सामाजिक संस्थाएं इन्हें कई बार बेस्ट डॉक्टर खिताब से नवाज चुकी हैं। इतना ही नहीं इन्होंने उपकरणों के अभाव में भी नॉर्मल डिलीवरी से लेकर जुड़वा बच्चों तक की सफल डिलीवरी करवाई है। ज्वालामुखी सिविल अस्पताल में ग्रामीण स्तर के मरीजों को गायनी विशेषज्ञ एवम् सर्जन की सुविधाएं मिलने से लोगों को बहुत राहत मिली है।


डॉक्टर सतिंद्र वर्मा।

लगभग 18 साल पहले एक मरीज का पड़ोसी के साथ झगड़ा हो गया। झगड़े में मरीज के पेट कांच के टुकड़ा घुस गया था। ज्वालामुखी के वार्ड नं 2 का निवासी मरीज 18 साल से पेट दर्द से बहुत परेशान था, लेकिन पीजीआई चंडीगढ़ से भी उसे कोई राहत नहीं मिली। काफी खर्च होने के बाद वह अपना इलाज नहीं करवा सका, लेकिन उक्त मरीज अपनी समस्या को लेकर ज्वालामुखी अस्पताल में सर्जन डॉ. सतिंद्र वर्मा से मिला डॉक्टर ने पूरा मुआयना करने के बाद पाया कि उसके पेट में 3 इंच लंबे कांच का टुकड़ा उसकी पीठ तक पहुंच गया है। वर्मा ने सफल सर्जरी कर कांच के टुकड़े को बाहर निकालकर मरीज को राहत पहुंचाकर नया जीवन दिया। मरीज ने बताया कि प्राइवेट अस्पताल वाले इस सर्जरी के लिए लाखों रुपए खर्चा बता रहे थे, लेकिन डॉक्टर वर्मा उक्त मरीज के मसीहा बन गए। सर्जरी के बाद उक्त मरीज स्वस्थ हो गया है।

दूसरे केस में 66 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला कई दिनों से घुटने के दर्द से तड़प रही थी। एक्सरे रिपोर्ट के निरीक्षण के बाद डॉक्टर वर्मा ने पाया कि मरीज के घुटनों में क्रिस्टल बन गए हैं। तब सर्जन ने कम खर्चे पर महिला के दोनों घुटनों का सफल ऑपरेशन से राहत पहुंचाई। सर्जरी के उपकरणों के अभाव के चलते ज्वालामुखी अस्पताल के डॉक्टरों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धियां है।

### हैप्पी बर्थडे


जवालामुखी के साहिल मेहरा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


जवाली के वरुण (कृष्णा) को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### ई-केवाईसी नहीं करवाने पर राशन कार्ड होंगे ब्लॉक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले विजेंद्र पठानिया ने बताया कि जिला बिलासपुर में अब तक लगभग 3 लाख राशनकार्ड धारकों द्वारा ई-केवाईसी करवाई जा चुकी है। विभाग द्वारा मई, 2022 से सभी राशनकार्ड धारकों से बारम्बार ई-के0 वाईसी करवाने की अपील व आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे राशनकार्ड धारक जो बार-2 आग्रह करने के बावजूद भी ई-केवाईसी नहीं करवा रहे हैं, उनके राशनकार्डों को अस्थाई रूप से ब्लॉक किया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से पुनः आग्रह व अपील की जाती है कि वह तुरन्त अपने-अपने एन्डरॉयड मोबाइल फोन पर गूगल प्लेस्टोर से ई-के वाईसी पीडीएस एचपी फेस एप डाउनलोड कर आधार नंबर अथवा राशन कार्ड नम्बर फीड करने के उपरान्त बहुत ही सुगमता व सुविधाजनक तरीके से घर बैठे ही ई-केवाईसी करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि राशनकार्ड धारक प्रदेश में स्थित किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर ई-पॉश मशीन के माध्यम से भी अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। यही नहीं लोक मित्र केन्द्र पर भी ई-केवाईसी करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कार्यालय बिलासपुर (सदर) में भी अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। यदि उपभोक्ता को ई-केवाईसी करने में कोई समस्या व कठिनाई आती है तो जिला कार्यालय बिलासपुर दूरभाष संख्या 01978-222349 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ता अपने विकास खंड के निरीक्षकों से भी ई-केवाईसी करवाने व इस बारे आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला नियंत्रक द्वारा सभी ऐसे उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है जिन्होंने ई-केवाईसी अभी तक नहीं करवाई है, वे अविलंब अपनी व अपने परिवार के सदस्यों की ई-केवाईसी करवाएं ताकि उपभोक्ता बिना किसी परेशानी से अपने राशन का मासिक कोटा अपनी उचित मूल्य की दुकान से ले सके।

### नशे को रोकने के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अडानी फाउंडेशन ग्रुप और गुंजन संगठन के सहयोग से एक व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विभिन्न विभागों और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के हर व्यक्ति को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान में योगदान देना चाहिए। इस परियोजना में अडानी ग्रुप द्वारा 45 लाख रुपए का निवेश किया जाएगा। उपायुक्त ने शैक्षणिक संस्थानों में केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि 1 अप्रैल से स्कूलों और कॉलेजों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां छात्रों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों और कॉलेजों में क्लब सक्रिय करने के निर्देश दिए गए, जहां प्रतिबद्ध शिक्षक छात्रों और अभिभावकों के साथ कार्यशालाओं का संचालन करेंगे। नशे के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता गतिविधियों, जैसे पोस्टर अभियान और सुबह की प्रार्थना सभाओं में चर्चाओं का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, छात्रों और एनजीओ से इस दिशा में कार्य योजना बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। उपायुक्त ने युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया और इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे सकारात्मक योगदान देकर जिले को नशा मुक्त बनाने में मदद करें।

### रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड उपमंडल नं-2 रविंद्र चौधरी ने सभी वार्ड के पार्षदों, जिला परिषद, पंचायत प्रधान, उपप्रधान, सचिव तथा आमजनता को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य एक करोड परिवारों को मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उपभोक्ता को सूर्य योजना के अंतर्गत रूफ टॉप सोलर पैनल अपने घर में स्थापित करने होंगे। इससे उपभोक्ता को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी। यह योजना सोलर रूफ टॉप सिस्टम स्थापित करने की लागत को कम करने के लिए सबसिडी प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि सबसिडी अधिकतम 3 किलोवाट क्षमता तक उपलब्ध है एक किलोवाट प्रणाली के लिए 33,000 रुपये, दो किलोवाट प्रणाली के लिए 66,000 रुपये और 3 किलोवाट प्रणाली के लिए 85,800 रुपए तक की अधिकतम सबसिडी का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि सूर्य योजना का लाभ लेने से विद्युत उपभोक्ता को बिजली के बिल में भी कमी का लाभ मिलेगा तथा संबधित ग्राम पंचायत तथा शहरी निकायों को उनके क्षेत्राधिकार में सोलर रूफ टॉप सिस्टम स्थापना पर प्रति इकाई 1000 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सोलर लगवाने के लिए ऑनलाइन से अप्लाई कर सकता है। उन्होंने जिला के लोगों से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### कारतूस मामले में गिरफ्तार आरोपियों को मिली जमानत

**बिलासपुर।** कारतूस मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत से जमानत मिल गई है। पुलिस मामले के तीसरे आरोपी हरियाणा के युवक की अभी भी तलाश की जा रही है। वहीं, वायरल वीडियो में दिखाई जा रही बंदूक को भी पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस इस मामले में एक और युवक की तलाश कर रही थी, लेकिन जांच करने पर मामले में उसकी संलिप्ता नहीं मिली है। अब पुलिस सिर्फ हरियाणा के युवक की तलाश की कर रही है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें जगह-जगह दबिश दे रही हैं। बता दें कि पुलिस ने मामले की एक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार खुफिया एजेंसी से पुलिस को पहले बंदूक से फायर करने का वीडियो बनाने की सूचना मिली। वीडियो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान अक्षय पटियाल के रूप में की गई। उसे घुमारवीं से गिरफ्तार किया गया। उसकी कार में एक भरा हुआ कारतूस भी मिला। पूछताछ में उसने बताया है कि वह, सौरभ पटियाल उर्फ फांदी और हरियाणा का कुलदीप घुमारवीं के पास जाहड़ी में फायर करने का अभ्यास करते थे। पूछताछ के बाद पुलिस अक्षय की निशानदेही पर जाहड़ी में उस जगह ले गई। मेटल डिटेक्टर से वहां तलाश की तो एक भरा हुआ कारतूस बरामद हुआ। जबकि अलग-अलग साइज के 9 खाली कारतूस भी बरामद हुए। कारतूस बरामद होने पर पिछले बुधवार रात को सौरभ पटियाल को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। दो दिन रिमांड मिलने पर उससे भी पूछताछ की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद दोनों आरोपियों को अदालत ने चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। सोमवार को उन्हें फिर से अदालत में पेश किया गया, जहां से जमानत मिल गई।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर को नगर परिषद की आ रही शिकायतें, बोर्ड करेगा निरीक्षण

# नगर परिषद परिसर में लगा कूड़े का ढेर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



नगर परिषद बिलासपुर के परिसर में लगे कूड़े के ढेर को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल्द ही नगर परिषद का निरीक्षण करेगा। इस मसले को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगातार शिकायतें भी मिल रही हैं। नगर परिषद बिलासपुर के परिसर में लगे भारी भरकम कूड़े के ढेर यहां आने वाले लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। वहीं, अब इस मसले को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी गंभीरता से लिया है। जिसके चलते प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जल्द ही यहां का निरीक्षण भी किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद बिलासपुर के लिए शहर का कूड़ा ठिकाने लगाना गले की फांस बन चुका है। इस समस्या को लेकर नगर परिषद की ओर से लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसका समाधान नहीं हो पा रहा है। नगर परिषद की ओर से कूड़ा कचरा सीमेंट उद्योगों को भेजा जाता था लेकिन वहां पर भी कंपनियां अब इस कूड़े को लेकर कोई खासी रूचि नहीं दिखा रही हैं। जिसके चलते आए दिन यह समस्या यहां

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा, नप के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई**

पर बन रही है। नगर परिषद द्वारा इस समस्या के समाधान को लेकर ऑर्गेनिक वेस्ट कनवर्टर मशीन स्थापित की जानी थी, लेकिन लाखों की इस कनवर्टर मशीन को स्थायी ठिकाना नहीं मिल पाया है।

हालांकि नगर परिषद की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान करना नगर परिषद के लिए लगातार चुनौती बन रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस समस्या को लेकर गंभीर हुआ है। जिसके चलते जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा।

#### समाधान पर उठाए जाएंगे उचित कदम : पवन

उधर, इस बारे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पवन कुमार ने कहा कि नगर परिषद में कूड़े के ढेर को लेकर जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर जल्द ही नगर परिषद का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मसले के समाधान को लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे।

#### कूड़े को ठिकाने लगाने के लिए झील का भी लिया जा चुका है सहारा

बता दें कि इससे पहले नगर परिषद की ओर से कूड़े को ठिकाने लगाने के लिए गोबिंदसागर झील का भी सहारा लिया जा चुका है। ऐसे में गोबिंदसागर झील में कूड़ा डालने के चलते यह समस्या और विकराल बन चुकी थी। लगातार इस समस्या को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन अभी तक यह प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। बहरहाल, नगर परिषद के प्रयास हैं कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

## घुमारवीं अस्पताल में रोबोटिक आई मशीन से होगा आंखों का इलाज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



उद्घाटन के उपरांत आंखों को चेक करवाते धर्माणी।

घुमारवीं अस्पताल में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अत्याधुनिक रोबोटिक आई मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। यह मशीन घुमारवीं क्षेत्र के निवासियों के लिए नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।

यह प्रदेश की दूसरी रोबोटिक आई मशीन है, जो आईजीएमसी शिमला के बाद अब घुमारवीं अस्पताल में उपलब्ध हुई है। इस मौके पर धर्माणी ने कहा की घुमारवीं अस्पताल में रोबोटिक आई मशीन की उपलब्धता से क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र चिकित्सा सेवाएं यहीं पर मिलेंगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

यह मशीन आंखों की बीमारियों का जल्दी और सटीक निदान करने में सक्षम है। घुमारवीं अस्पताल पर करीब एक लाख लोग निर्भर हैं। यहां रोजाना 450 से 600 मरीजों की ओपीडी होती है, जिनमें से लगभग 100 मरीज आंखों की समस्याओं से संबंधित होते हैं। इस नई सुविधा से अस्पताल क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है।

घुमारवीं अस्पताल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जसवाल ने कहा, रोबोटिक आई मशीन की सुविधा मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, डॉक्टर, और अस्पताल प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। यह मशीन घुमारवीं और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## समिति ने अस्पताल को भेंट किए 15 तकिए और चादरें

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



आदर्श अस्पताल झंडूता को जन सम्बल प्रकृति हिताय समिति झंडूता ने 15 तकिये और चादरें भेंट की है। इस मौके पर संस्था के प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा कंबल और चादरें दी गई। संस्था द्वारा समय-समय पर कार्य किए जाते हैं।

इस मौके पर डाक्टर अखिलेश ने बताया कि आज जन सम्बल प्रकृति हिताय संस्था द्वारा कंबल एवं तकिये का वितरण किया गया। जिसमें इस संस्था के प्रधान, उपप्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसमें हम संस्था के लोगों और कृष्णी देवी का जिन्होंने मरीजों की समस्या के लिए कदम उठाया। इस मौके पर अध्यक्ष रमेश चन्द, अस्पताल प्रभारी डाक्टर अखिलेश, सिस्टर बिमला, सेवादर सोनू, राकेश चन्देल, विवेक शील गौतम, नैण सुख, जगदीश जी, विक्रम चन्देल, जसवीर, मनोज कौशल, शशिकान्त आदि मौजूद थे।

## अवैध शराब की 10 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता पुलिस ने सूचना के आधार पर बुद्धि सिंह पुत्र निक्कू राम गांव घराण डाकघर मातला की दुकान अंडा, नमकीन, सब्जी आदि से 10 बोतलें शराब बरामद हुई जिस पर थाना झंडूत्ता में मामला दर्ज किया गया है।

मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि कल रात के समय झंडूता पुलिस घराण बाजार में गश्त कर रही थी। जिस पर हमें गुप्त सूचना मिली।

जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे और मौके से 10 बोतलें देशी शराब बरामद की गई। इस पर पुलिस थाना झंडूता में मामला दर्ज किया गया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

## ग्राम पंचायत गाहर की दो पंचायतें बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, दधौल**



बैठक के दौरान मौजूद गांव के लोग जानकारी देते हुए।


विकास मंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली बड़ी पंचायतों में से एक ग्राम पंचायत गाहर की दो पंचायतें बनाने की मांग चल रही है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं।

पंचायत के विभाजन को लेकर नई पंचायत के स्वरूप ने लोगों के मन में असमंजस पैदा कर दिया है। ग्राम पंचायत गाहर के गांव जारोड़ा वासी चाहते हैं कि पंचायत से अलग होने वाली पंचायत का नाम जारोड़ा पंचायत रखा रखा जाए, इसलिए उन्होंने एक का प्रार्थना पत्र उपायुक्त को भेजा है। इसके अतिरिक्त इस प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और एक प्रतिलिपि खंड विकास अधिकारी घुमारवीं को भी दी है। लोगों का कहना है कि नई पंचायत का आवेदन जो पहले गया है उसके अनुसार जारोड़ा को पुरानी पंचायत के साथ रखा गया है जो गलत है क्योंकि पुरानी पंचायत घर की दूरी छः किलोमीटर है। इसलिए जारोड़ावासियों ने उपायुक्त से आवेदन किया है कि जारोड़ा, केट, खस्वी, और पड़ोहरी को मिलाकर एक पंचायत का गठन किया जाए। इन गांव की आवादी 1000 से ज्यादा है जो अलग पंचायत के लिए संख्या उपयुक्त है।

ग्राम सुधार समिति जारोड़ा के प्रधान अमर नाथ भारद्वाज ने बताया कि नई पंचायत के भवन के लिए सरकारी प्राथमिक पाठशाला जारोड़ा के पास जमीन उपलब्ध है। उनके आवेदन के अनुसार पंचायत का निर्माण सभी गांव के लिए सुविधाजनक रहेगा।

## चिट्टे का नशा भयानक व जानलेवा : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी में जिला बिलासपुर की औहर पंचायत के उस फैसले की जम कर सराहना कि है और इसे एक सार्थक पहल बताया है। जिसमें पंचायत ने निर्णय लिया है कि यदि पंचायत का कोई भी व्यक्ति चिट्टे जैसे नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है तो उसे पंचायत से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा। धर्माणी ने कहा कि आज चिट्टा समाज में सबसे बड़ी चिंता का विषय है। चिट्टे का नशा सबसे भयानक व जानलेवा है। जो बड़ी तीव्रता से समाज में अपनी जड़े फैलाता जा रहा है और ऐसे फैसलों से समाज में जागरूकता आएगी और नशे के कारोबार पर भी अंकुश लगेगा।



धर्माणी ने कहा कि औहर पंचायत की इस तर्ज पर बाकी सभी पंचायतों को भी ऐसे साहसिक निर्णय लेने चाहिए, ताकि समाज में फैली इस बुराई से आने वाली पीढियों को बचाया जा सके।

## अधिकारी लाभार्थियों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक व साथ हैं अन्य अधिकारी।

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि अधिकारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक निर्धारित में अवधि में पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नया 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत जिला में गत तिमाही में अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति को मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

इस मौके पर अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याणार्थ के लिए प्रधानमंत्री नया 15 सूत्री कार्यक्रम की एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालय शिक्षा की उपलब्धता को सुधारने, अल्पसंख्यक समुदायों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक समुदायों वाली मलिन बस्तियों की स्थिति में सुधार, उर्दू शिक्षण के लिए अधिक संसाधन, गरीबों के लिए स्वरोज़गार तथा मजदूरी रोजगार योजना, ग्रामीण आवास योजना में उचित हिस्सेदारी, तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल उन्नयन जैसे मदों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के अंतर्गत गठित स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिला में कुल 106 दिव्यांग जनों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किया जा चुके हैं। दिव्यांग जनों को दिव्यांग पहचान पत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसके तहत 6993 दिव्यांग जनों का दिव्यांग पहचान पत्र पंजीकरण कर दिया गया है तथा 5153 के डिजिटल यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

उपायुक्त ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 72 के अंतर्गत गठित ज़िला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 69 छात्रों को 8,31,625 रुपए तथा 4786 लाभार्थियों को 6,09,40,950 रुपए दिव्यांग राहत भत्ता और 5 पात्र लाभार्थियों को अनुदान योजना के अंतर्गत 1,25,000 रुपए के अनुदान राशि प्रदान की गई।

दिव्यांग बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई का उचित माहौल मिले इसके लिए अध्यापक स्कूलों में विद्यार्थियों को जागरूक करें। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिला में 25 गांव चयनित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य मार्च अंत तक पूरा कर ले और कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में हाथ से मैला ढोने की प्रथा का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 कवि समीक्षा की गई। जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने बैठक की कार्रवाई को मदवार प्रस्तुत किया।

## संस्कृत महाविद्यालय डंगार में मनाई मकर संक्रांति



कार्यक्रम के दौरान गणमान्यों को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

विविधताओं से पूर्ण भारत में मकर संक्रांति का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस अवसर पर हिमाचल संस्कृत अकादमी के द्वारा बिलासपुर के संस्कृत महाविद्यालय डंगार में मकर संक्रांति उत्सव 2025 का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग से विभागाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत डॉ. लेखराम शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब विश्वविद्यालय से सेवानिवृत आचार्य डॉ. गणेश दत्त भारद्वाज ने की। अकादमी सचिव डॉ. केशवानंद कौशल ने प्रदेश के विविध जिलों से पधारे संस्कृत विद्वानों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में त्यौहार आपसी मेलजोल की भावना को बढ़ाते हैं तथा सामाजिक समरसता के सद्भाव को बढ़ावा देते हैं, इसलिए इसी उद्देश्य से हिमाचल संस्कृत अकादमी का प्रयास है कि हिमाचल के विद्वानों का एक मंच पर लाकर संस्कृत एवं संस्कृति पर गहनता से मंथन किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ.लेखराम शर्मा ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में इस उत्सव को पूरे भारत में मनाया जाता है।

कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ.गणेशदत्त भारद्वाज ने कहा कि मकर संक्रांति उत्सव नव जीवन की प्रेरणा देता है। आचार्य डॉ.रोशन शर्मा ने सभी विद्वानों का स्वागत किया।

**समस्या** | घुमारवीं में एक माह से रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई व्यवस्था अनियमित

# ऑनलाइन बुकिंग के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



घुमारवीं शहर में करीब पिछले एक माह से रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई व्यवस्था अनियमित हो चुकी है। आलम यह है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद लोगों को दस दिनों के बाद भी एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। होम डिलीवरी की सुविधा तो बिल्कुल ध्वस्त हो गई है। क्योंकि पिछले एक माह से शहर में सप्लाई नियमित नहीं हो पा रही है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

गृहिणियों कहना है कि घर में रसोई गैस खत्म हो गई है। दस दिन पहले की गई बुकिंग का सिलेंडर भी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है। खाना बनाने के लिए महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग पड़ोसियों से सिलेंडर मांगकर काम चला रहे हैं तो कोई इंडक्शन पर खाना बना रहा है।

बताते चले कि रसोई गैस की ऑनलाइन बुकिंग के बाद गैस एजेंसियों की मनमानी खत्म होने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को समय पर गैस की डिलीवरी होने लगी थी।

इसके तहत कोई भी उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल से सिलेंडर को कंपनी में बुक करा सकता है। इसके बाद उसे मैसेज प्राप्त होता है। इस मैसेज के बाद कंपनी से बिल जनरेट होने का मैसेज प्राप्त होता है। इसकी जानकारी संबंधित एजेंट को मिलती है, लेकिन कुछ समय तक राहत की सांस लेने के बाद एक बार फिर से वहीं स्थिति बन गई है। उपभोक्ता के घर तक एलपीजी सिलेंडर नहीं पहुंचता है।(अनंत ज्ञान)

#### लोगों ने कहा-गैस सिलेंडरों की हो रही कालाबाजारी

**उपभोक्ता** के सामने परेशानी यह है कि सप्लाई में देरी की समस्या को लेकर जब वह गैस एजेंसी पर जाते है तो उन्हें लेबर की कमी बता कर टाल दिया जाता है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है की घुमारवीं शहर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी जोरों पर है और पंजीकृत उपभोक्ताओं की जगह ब्लैक में गैस सिलेंडर लेने वालों को लगातार गैस उपलब्ध करवाई जा रही है।

#### ज्यादातर दुकानदार घरेलू सिलेंडर का कर रहे इस्तेमाल

**बतातें** चले कि पिछले सप्ताह खाद्य आपूर्ति विभाग की एक टीम ने घुमारवीं शहर में दुकानों में छापा मारा था तो टीम को ज्यादातर दुकानदार घरेलू सिलेंडर ही इस्तेमाल कर रहे थे और साथ ही ज्यादातर दुकानदारों के पास न गैस एजेंसी का कार्ड बना था और न ही उनके पास कोई रसीद थी। यहां तक कि कुछ दुकानदारों ने खुद माना था कि गैस एजेंसी उन्हें महंगे दामों पर बिना कार्ड के गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा देती है।

#### लोगों की समस्या का होगा हल : अरविंद

**उधर** गैस एजेंसी घुमारवीं के इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि लेबर की कमी के चलती उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर नही मिल रहे है। जल्द ही लोगों की समस्या का हल कर दिया जाएगा।

## अंतर विभागीय टूर्नामेंट में जिले की 16 टीमें लेंगी भाग, फरवरी में होगा शुरू



टूर्नामेंट संबंधी जानकारी देते हुए उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिले के विभिन्न विभागों और संगठनों में परस्पर सहयोग, सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर जिला में अंतर विभागीय क्रिकेट लीग टूर्नामेंट संभवत फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में शुरू किया जाएगा। यह बात उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में जिले के डीसी 11, एसपी 11, अल्ट्राटेक, एसीसी, कृषि तथा बागवानी, व्यापार मंडल, शिक्षा विभाग , कॉलेज,प्रेस, स्वास्थ्य तथा एम्स, लोक निर्माण तथा जलशक्ति, एक्साइज तथा इलेक्ट्रिसिटी और एचआरटीसी, एनटीपीसी, फॉरेस्ट, बेंक और बार एसोसिएशन सहित 16 टीमें में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों के बीच आपसी जान-पहचान, अनुशासन और सहयोग की भावना पैदा होती है, वहीं कार्य करने की क्षमता में भी वृद्धि होती है जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल के दौरान अनुशासन और खेल की भावना का परिचय देने का आग्रह किया। कहा कि विभिन्न विभागों में कार्य से परस्पर मेल मिलाप बढ़े, यह भी इस क्रिकेट टूर्नामेंट का एक उद्देश्य रहेगा। उपायुक्त ने सभी से सहयोग की अपील की। टूर्नामेंट की सफलता के लिए सक्रिय प्रयास करने को कहा।

## गोपाल दास वर्मा ने राज्यपाल से प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पूर्व कर्मचारी नेता गोपाल दास वर्मा ने राज्यपाल से प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई हैं। उन्होंने कहा है कि उन्होंने इसके लिए राज्यापाल को पत्र भी लिखा है ताकि इस ओर उचित कदम उठाए जा सकें। पूर्व कर्मचारी नेता गोपाल दास वर्मा ने मंगलवार को बिलासपुर में प्रेसवार्ता की।

गोपाल दास वर्मा ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से ढगमगा चुकी है। इस सरकार के कार्यकाल में ट्रेजरियां कई माह से बंद पड़ी हुई हैं। 10 हजार की राशि से अधिक की ट्रांजेक्शन ट्रेजरियों में नहीं हो पा रही है। इसका सबसे बड़ा नुकसान ठेकेदारों को हो रहा है। कई ठेकेदारों को तो भुखे मरने तक की नौबत आ चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू भी अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। अभी तक न ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो पाया है और न ही आम जनता को राहत मिल पाई है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के करोड़ों रुपए के लाभ पेंडिंग पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के करीबियों पर कई गंभीर आरोप लगे हुए हैं। प्रदेश सरकार आम जनता की भावनाओं पर खरा नहीं उतर पाई है। सरकार का खजाना भी एक तरह से खाली ही पड़ा हुआ है। जिसके चलते यहां पर राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बस-जेसीबी में टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बंगवा।** नगरोटा बंगवा के तहत पड़ने वाली पंचायत अवाड़ा में निजी बस व जेसीबी के बीच टक्कर होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं तथा किसी को भी चोट नही पहुंची है। हालांकि, इस टक्कर में बस को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसा मंगलवार सुबह हुआ जब बस कांगड़ा से मनाली की ओर जा रही थी। हादसा के कारण सकुछ समय के लिए जाम भी लगा रहा।

### एग्रीकल्चर ब्लॉक ऑफिस में स्टाफ की कमी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** एग्रीकल्चर ब्लॉक ऑफिस मैहला में स्टाफ की कमी के चलते कार्यालय में ताला लटकने की नौबत आ गई है। यहां पर स्वीकृत 13 पदों में से सभी पद रिक्त चल हुए हैं। एग्रीकल्चर ब्लॉक कार्यालय में स्टाफ न होने के चलते यहां के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर एसएमएस, एडियो, एएडियो, एईओ सहित चपरासी के सभी 13 पद खाली पड़े हुए हैं। यहां पर स्टाफ की कमी के कारण कार्यालय पर ताला लटके होने के कारण किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कृषि विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं के प्रचार व प्रसार के लिए यहां पर उधार के कर्मचारियों को भेज कर टाइम पास किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यहां पर एसएमएस सहित कृषि ब्लॉक कार्यालय में स्टाफ के 13 पद स्वीकृत है, लेकिन हैरानी की बात यहां पर यह है कि यह सभी के सभी पद रिक्त पड़े हुए हैं। किसने की समस्याओं को सुनाने तक के लिए यहां पर अधिकारी व चपरासी तक भी नहीं है। इस विषय पर पीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा है कि पिछले दिन ही वह इस समस्या को लेकर माननीय विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करके इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं। कृषि मंत्री के पास इन पदों को भरने के लिए ज्ञापन पहुंचा दिया गया है। उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द यह पद भरे जाएंगे। इसके लिए बाकायदा एक विज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी भेज दिया गया है।

### 800 मीटर दौड़ में अभिषेक कुमार प्रथम



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से विकास खंड भरमौर के खणी में 2 दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के पूर्व स्वयंसेवी व खणी स्कूल के शारीरिक शिक्षक पाल सिंह ने मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्यतिथि को नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने बैच और स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। मनीष ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कबड्डी, वालीबाल, ऊंची कूद, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला शिव शक्ति क्लब भ्याट और बाहलो के बीच खेला गया। जिसमें भ्याट विजेता बना, 800 मीटर दौड़ में अभिषेक कुमार प्रथम, आयुष द्वितीय तथा आदित्य ठाकुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# चंबा में अनोखी परंपरा से मनाया लोहड़ी का त्योहार

## भूत-प्रेतों को भगाने के लिए सदियों से चली आ रही परंपरा का आज भी होता है निर्वहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



समस्त उत्तरी भारत में हर जगह लोहड़ी का त्योहार बड़ी ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन चंबा मुख्यालय (सदर) में इस त्यांहार को मानने की परंपरा बिलकुल ही अलग तथा अनूठी है। सदियों से राजाओं के कार्यकाल से चली आ रही एक हजार वर्ष प्राचीन इस परंपरा को चंबा के स्थानीय लोग आज भी उसी लहजे से मानते चले आ रहे हैं।

यह है एक हजार वर्ष प्राचीन नगरी जिसको की चंबा के नाम से जाना जाता है। राजा साहिल वर्मन ने दसवीं शताब्दी ब्रह्मपुरख भरमौर से आकर इस रियासत को बसाया था। पर यहां पहुंचकर देखा तो इस स्थान में भूत-प्रेतों का अधिकतर बसेरा हुआ करता था, जिससे उनकी प्रजा परेशान रहने लगी तथा इन भूत-प्रेतों से कैसे बचें और इससे कैसे निजात पाई जाए और मुक्ति मिले शहर के हर कोने-कोने में 14 मढ़ियों की स्थापना कर दी। जिनको की लोग लगातार एक महीना रात के समय जलाते थे और उसकी देख-रेख मोहल्ले में बसे सभी बूढ़े और बच्चे किया करते थे। ऐसा करने से भूत-प्रेतों के आतंक तो समाप्त हुआ। वहीं, साथ में शांति भी कायम हो गई। सैकड़ों वर्ष से चली आ रही यह अद्भुत प्रथा जिसको कि आज भी चंबा के स्थानीय लोग बड़ी धूमधाम से मनाते चले आ रहे हैं।

इसकी शुरुआत सबसे पहले राजस्वी मोहल्ला सुराड़ा के भगवान शिव के मंदिर से की जाती है। इस मंदिर से एक लकड़ी नुमा त्रिशूल जिसको की मशाल यानी मुशहरा कहा जाता है, बनाया जाता है। जिसकी विधिवत तरीके से पूजा कर बैंड-बाजे के साथ मढ़ियों में डूबने की तैयारी की जाती है। इसी के साथ चौंतड़ा मोहल्ला में भी इसी तरह का एक और मशाल यानी की मशाहरा तैयार किया जाता है, जो बजीर मुशहरा के नाम से जाना जाता है। रात ठीक 11 बजे राज मुशहरे को कई लोग अपने कंधे पर उठा आगे के लिए चल पड़ते हैं।

दूसरी तरफ से बजीर मढ़ी से भी मुशाहरा चल पड़ता है और एक जगह पर इन दोनों का मिलन करवाया जाता है, जहां पर लोग खूब शोर-शराबा मचाते हैं। बाद में बजीर वापस अपनी मढ़ी में चला जाता है और राज मशाहरा पूरे शहर की मढ़ियों में डुबाया जाया है जिसे चंबा की सुख और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। चंबा में इस तरह की अनोखी लोहड़ी अपने में एक अलग ही इतिहास को दर्शाती है।

### चंबा शहर में भूत-प्रेतों का हुआ करता था वास

**इस** बारे चंबा के प्रबुद्ध स्थानीय लोगों का कहना है कि राजाओं द्वारा चंबा शहर जब बसाया गया तो उस समय यहां भूत-प्रेतों का वास हुआ करता था। दैत्य शहर के लोगों को मार दिया करते थे। इस बात से परेशान हो राजा ने बाहर के राज्यों से तांत्रिक को बुलाया। तांत्रिकों ने यह उपाय बताया कि भूत-प्रेतों को हर हफ्ते किसी एक की नर बलि दी जाए, लेकिन इसके लिए कोई भी तैयार नहीं हो रहा था। राजा ने फिर एक बार इस समस्या के हल के लिए विद्वानों को बुलाया। विद्वानों के अनुसार यह तय किया गया कि हर साल यहां राक्षसों को मनुष्य का खून दिया जाएगा और इसके लिए उन्होंने लोहड़ी पर्व को कुछ अलग तरीके से मनाने का फैसला किया। शहर में 14 मोहल्लों में अलग-अलग मढ़ियां स्थापित की गई, जिन में 7 पुरुषों की और 7 महिलाओं की मढ़ियां बनाई गई। आज भी इस प्रथा को चंबा के छोटे-बड़े लोग बड़ी खुशी-खुशी मनाते हैं और अपनी-अपनी मढ़ियों में बड़े बड़े लकड़ियों के ठेलों को जलाते हुए नाचते गाते दिखाई देते हैं। इस पर परंपरा का निर्वहन सदियों से आज तक होता चला आ रहा है।

## 13 किसान उत्पादक संगठनों के प्रदर्शन और प्रगति पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला में किसान उत्पादक संगठनों की प्रगति की समीक्षा से संबंधित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त मुकेश रेपासवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला में नाबार्ड, लघु कृषक व्यापार संघ और नेफेड द्वारा प्रोत्साहित 13 किसान उत्पादक संगठनों के प्रदर्शन और प्रगति पर चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने किसानों की आय बढ़ाने में किसान उत्पादक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किसान उत्पादक संगठन अपने सदस्यों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसी इनपुट सामग्री की आपूर्ति के साथ-साथ व्यापार और प्रसंस्करण गतिविधियों में भी सहायता प्रदान करते हैं। उपायुक्त ने संगठनों को अपनी संचालन प्रक्रियाओं को ओर अधिक सुचारु बनाने के लिए कृषि विभाग से आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करने की सलाह दी तथा संबंधित विभागों को लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के अवश्य निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तैयार किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) का विमोचन किया। बैठक में उपनिदेशक कृषि भूपेंद्र सिंह, उपनिदेशक उद्यान विभाग प्रमोद शाह, उपनिदेशक हिम ऊर्जा सचिन शर्मा, उप प्रबंधक सहकारी बैंक हेम राज, एलडीएम डीसी चौहान, बैंक के प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चंबा के 7 राजस्व गांव चिन्हित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला चंबा के 7 राजस्व गांवों को चिन्हित किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने उपायुक्त कार्यालय परिसर के सम्मेलन कक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के विषय में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि जिला चंबा के 7 ऐसे राजस्व गांवों का प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चयन किया गया है, जिनकी जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 2 हजार से अधिक है। इसमें बनीखेत जरैई, सरोल, हरिपुर, उदयपुर खास, मंगला, करियां और साहू पदर शामिल है। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के विभिन्न घटकों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है। बैठक में जिलाध्यक्ष कृषि उपज विपणन समिति ललित ठाकुर, धीरज नारियाल, अमित मैहरा, ओपी ठाकुर, पूजा शर्मा, अरुण राणा, प्रवेश ठाकुर व हंसराज चौहान तथा शशिकांत डोगरा उपस्थित रहे।

## पेयजल व्यवस्था पर 100 करोड़ रुपए के परियोजना प्रस्ताव तैयार

**अनंत ज्ञान, चंबा ( चुवाड़ी )**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत दुर्गम ग्राम पंचायतों में पेयजल की लगातार व्यवस्था से वंचित शेष गांवों के लिए 100 करोड़ की परियोजना प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। परियोजनाओं के शुरू होने से इन क्षेत्रों में अगले 20-25 वर्षों तक पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित होगा।

विधानसभा अध्यक्ष मंगवार को गतलियाला दी धार गांव में बड़ीधार संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों की आधार शिला रखने के मार्ग का भूमि पूजन किया। उन्होंने संपर्क सड़कों के भूमि पूजन कार्यक्रमों की निरंतरता में ग्राम पंचायत परछोड़ के तहत जाजड़ी गला-सामना बासा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी। पठानिया ने कहा कि इन तीनों संपर्क मार्गों के निर्माण कार्यों पर लगभग 3 करोड़ धन राशि व्यय होगी। साथ में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्यों को पूरा करने को निर्देशित किया। उन्होंनेजाजड़ी गला में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र भटियात के तहत लगभग 150 के करीब ऐसे गांव हैं जो सड़क सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि वर्ष 2026 तक सभी गांव को सड़कों से जोड़ दिया जाएगा। इस अवसर पर कृष्ण चंद चेला, राजकुमार चंबियाल, राजीव कौशल, सुरेंद्र चाढ़क, एसडीएम पारस अग्रवाल, दिवाकर सिंह पठानिया, रजनीश महाजन आदि उपस्थित रहे।

## सांघन गांव की पेयजल समस्या हुई दूर

**आदर्श, नेरचौक**



स्थानीय पंचायत प्रधान व ग्रामीण सामूहिक चित्र में।

बल्ह विकासखंड की बैरकोट (लेदा) ग्राम पंचायत के सांघन गांव की लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का आज मंगलवार को निदान हो गया। लगभग 3 लाख 50 हजार की लागत से बना पेयजल टैंक सांघन की जनता को स्थानीय प्रधान राम सिंह द्वारा समर्पित किया गया। जानकारी देते हुए पंचयात प्रधान राम सिंह ने बताया कि इस पेयजल टैंक के लिए लोअर रिवालसर क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य प्रियंता शर्मा ने 2 लाख रुपए की राशि दी थी तथा ग्राम पंचायत बैरकोट ने 15वें वित्त आयोग के तहद पानी की पाइपलाइन बिछाने हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि विकास कार्य में खर्च की।

### 3.5 लाख की लागत से बना पेयजल टैंक

उन्होंने बताया कि बैरकोट पंचयात के सांघन गांव के लगभग 35 परिवारों को इस पेयजल योजना का लाभ मिलेगा। प्रधान ने बताया कि अभी तक 28 परिवारों को पानी के कनेक्शन दे दिए गए हैं तथा शेष बचे परिवारों को भी जल्द ही पानी के कनेक्शन मुहैया करवा दिए जाएंगे।

वहीं सांघन गांव के लोग इस बड़ी व अहम समस्या के निदान से गदगद हैं तथा समस्त ग्राम वासियों ने लोअर रिवालसर जिला परिषद सदस्या प्रियंता शर्मा सहित प्रधान राम सिंह व समस्त पंचायत सदस्यों का आभार जताया है। इस अवसर पर प्रधान राम सिंह, उप प्रधान कर्म सिंह, पंचायत सचिव विनोद कुमार, जीआरएस रूपलाल, वार्ड सदस्य ब्रमही देवी, बृजलाल, ज्ञानचंद, लोरमा देवी, रेवती देवी, इसएमसी लेदा के प्रधान युधिष्ठिर, पंचायत चौकीदार अनिल कुमार व प्रकाश चंद सहित बैरकोट पंचायत एवं सांघन के ग्रामवासी उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

## बेसहारा पशु गांवों में खेतीबाड़ी को कर रहे तहस-नहस, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, महादेव**



जला कूड़ा खाते बेसहारा पशु।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपेक्षित हालत में घूम रहे बेसहारा पशु जलते प्लास्टिक आदि के कूड़े-कचरे को खासकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

बेसहारा पशु जहां गांव में खेतीबाड़ी को तहस-नहस कर रहे हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में इधर-उधर मंडराकर कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों के लिए भी जी का जंजाल बने हैं।

बेसहारा पशुओं को व्यापक ढंग का चारा उपलब्ध न होने से बहुत ही प्रदूषित ढंग के कूड़े में मुंह मारते रहते हैं यही नहीं जलती हालत के प्लास्टिक कूड़े-कचरे को मुंह में दबाते रहते हैं जिससे इनकी जान भी जा सकती है।

खासकर बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में इन बेसहारा पशुओं को जला रहे प्लास्टिक मिले कूड़े कचरे में अक्सर मुंह मारते देखा जा सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही आवारा पशुओं-गाय आदि को बचाने के लिए कारगार कदम उठाए जाएं।

## मझेली ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नादौन**



विजेता टीम मुख्य अतिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

खेल महाकुंभ 3.0 के वॉलीबॉल के फाइनल मैच मझेली के बढेड़ा मैदान में ग्राम पंचायत मझेली व ग्राम पंचायत कमलाह की टीम में हुआ। ग्राम पंचायत मझेली की टीम ने कमलाह की टीम को 3.0 से पराजित करके मैच जीत लिया है। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल नादौन के प्रधान वीरेंद्र पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा एक अनूठी पहल की गई है पूरे देश भर में जिसमें युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच मिलता है। इस कार्यक्रम को चलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि देश के युवा नशे से अपने आप को बचाकर रखें और खेलों में लिप्त रहकर नशे से दूर रहेंगे ।

### युवाओं को नशे से दूर रहने की दी सलाह

इस अवसर पर नादौन मंडल महामंत्री सुरेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अक्षय शर्मा, रिंपल शर्मा, विक्की शर्मा एवं उनकी सारी टीम का तथा आए हुए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया ।

### सूडोकु 0044 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0043 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

15 जनवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** द्वितीया (3:26): **नक्षत्र** पुष्य (10:29), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** प्रीति (01:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:30 -01:49)।

### विशेष दिन

- 15 जनवरी 2025 : थल सेना दिवस आज।
- 16 जनवरी 2025 : सौभाग्य सुन्दरी व्रत कल।

**मेष:** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें। सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** आपके काम करने के तरीकों में सुधार की जरूरत है। आज धनागमन सहज होगा। लाभ होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। कारोबार में विवाद शांत होंगे।

**मिथुन:** विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मन चाही कार्य सिद्धि होगी। झूठ बोल कर फंस सकते हैं। कार्यस्थल पर स्थिति आप के पक्ष में बनेगी।

**कर्क:** अपने पराये में फर्क समझें। आज की दिनचर्या नियंत्रित रखें। बोलने से पहले विचार करें। किसी दूर के मित्र से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**सिंह :** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। कम बोलें पर अच्छा बोलें।

**कन्या :** परेशानी बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल का वातावरण पक्ष में होगा। विवादों में मौन रहना ही लाभदायक होगा।

**तुला:** नौकरी में अशांति का वातावरण बनने के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। फिजूल खर्च बढ़ेंगे। धोखा होने की आशंका है। पुराने रोग उभरने की संभावना है।

**वृश्चिक:** अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। दिन चिंताजनक व्यतीत हो रहे है। मानसिक पीड़ा हावी रहेगी, पर इष्टबल मजबूत रखें।

**धनु :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। दिन की शुरुआत आनंददायक रहेगी।

**मकर :** समय के साथ अपने आचार विचार में बदलाव करना पड़ेगा। सुख शांति चाहते हैं तो स्वयं के व्यवहार को बदलना पड़ेगा।

**कुंभ :** विश्वास रखें, दूसरों के भरोसे न रहें। आलस्य से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। सजग रहें सतर्क रहें। स्वास्थ्य ठीक होगा, व्यय बढ़ेंगे।

**मीन :** अपनी दिनचर्या में बदलाव लायें। यश कीर्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। संतान पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

## गोवंश की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल गो सेवा समिति (पंजी) जिला हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक जिला अध्यक्ष केशव शर्मा की अध्यक्षता में जमली धाम में हुई, जिसमें जिला की सभी पंजीकृत गोशाला संचालकों ने भाग लिया। बैठक में समिति के प्रदेश अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास किए और प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि गोवंश की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं। बैठक में पास किए गए प्रस्तावों में लावारिस गोवंश के लिए प्रदेश सरकार ने गत वर्ष फरवरी 2024 में राशि बढ़ाने का निर्णय लिया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकार ने 3 रुपए प्रति किलो गोबर खरीदने का अश्वासन दिया था, लेकिन दो वर्षों में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### गो सेवा समिति की त्रैमासिक बैठक में कई प्रस्ताव पारित

सरकार द्वारा चलाई जा रही (सैचुरीज) में गोवंश की दयनीय स्थिती पर सदस्यों ने चिंता जताई तथा सरकार से अनुरोध किया कि गोवंश की सुरक्षा हेतु उचित प्रबंध किए जाएं।

जिलाधीश हमीरपुर ने दो महीने पहले गोशाला हमीरपुर के सदस्यों के साथ बैठक करके अच्छी शुरुआत की थी तथा गोशाला को स्वावलंबी बनाने हेतु लिखित सुझाव मांगे थे लेकिन उसके बाद कोई मीटिंग नहीं बुलाई। सरकार से मांग की थी कि सभी गोशाला पर सौर ऊर्जा का पैनल 3 से 5 कि.वाट का अनुदान पर लगाया जाए ताकि बिजली की समस्या का हल हो सके।

## संजय शर्मा को किया सम्मानित



मंडी । देवी उग्रतारा भगवती टारना के मेले में नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर संजय शर्मा को सम्मानित किया गया।

## कर्मचारी ने खैरी डैम में लगाई छलांग

**चंबा।** चंबा जिले में एक सरकारी कर्मचारी ने खैरी डैम में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जल शक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर के रूप में कार्यरत मानिंद्र कुमार के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बीते रविवार दोपहर को मानिंद्र कुमार ने चमेरा-1 परियोजना के खैरी डैम में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला, जिसमें करीब चार घंटे का समय लगा। पुलिस ने धारा 174 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

**कार्रवाई** नगर आयुक्त और एएसपी ने किया शहर का संयुक्त निरीक्षण

# रास्तों पर दुकान लगाने वालों का सामान जब्त

**अनिल शर्मा, मंडी**

नगर निगम मंडी की टीम द्वारा नगर आयुक्त एचएस राणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद के नेतृत्व में शहर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। नगर निगम प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ पड्डुल, चौहाटा बाजार, स्कूल बाजार सहित सकोडी चौक से होते हुए बस स्टैंड मंडी का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान रास्तों पर तहबाजारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर लोगों के चालान भी काटे गए। रास्तों पर



निरीक्षण करते नगर आयुक्त एचएस राणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद।

दुकान सजाने और फुटपाथ पर सामान लटकाने वालों के चालान काट जुर्माना भी वसूल उनका सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही जो लोग नहीं माने उन्हें नगर निगम मंडी कार्यालय में जवाब देने के लिए तलब किया गया।

वहीं नगर निगम कार्यालय के बाहर बनी सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया गया, वहां कब्जा जमाए व्यापारियों को बुधवार को नगर निगम कार्यालय में कागजात सहित उपस्थित होने के लिए निर्देश जारी किया गए।

इस बारे में नगर निगम मंडी के आयुक्त एचएस राणा ने कहा कि शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराना इस समय बड़ी समस्या बन चुकी है। लोगों की शिकायतें लगातार आ रही है, लेकिन अवैध रूप से बैठे व्यापारी बात नहीं मान रहे हैं। इसलिए उन्हें कागजात दिखाकर अन्य प्रबंधन करने के लिए डाटा तैयार किया जा रहा है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने कहा कि पुलिस लोगों के साथ विभाग के अधिकारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और जब भी हमें कहा जाएगा हम सुरक्षा करने के लिए तैयार हैं।(अनंत ज्ञान)

**हमारे** पड़ोसी कहते हैं कि एक हाथ से ताली नहीं बजती, हमने कहा कि चुटकी तो बज सकती है। -**अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

# चिंता फर्जी कॉल की

देशभर में बड़े प्रतिष्ठानों, एयरपोर्टों और शैक्षणिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देना जैसे आजकल फैशन बन गया है। हाल के दिनों में ऐसी बहुत सारी घटनाएं पेश आईं, जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, लेकिन वास्तव में यह मजाक नहीं, बल्कि एक गंभीर और चिंताजनक मुद्दा है। चिंता इसलिए कि यह सीधे-साधे लोगों की जान से जुड़ा मामला है। पिछले दिनों दिल्ली के कई स्कूलों और कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिले हैं। इसी तरह, बेंगलुरु के तीन टॉप कॉलेजों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। क्या यह किसी व्यक्तिगत द्वेष का परिणाम है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है? इन सवालों का जवाब ढूंढने के लिए हमें गहराई से जांच करनी चाहिए। आखिरकार, हमें यह समझना चाहिए कि ऐसी धमकियों का मकसद क्या है? क्या यह किसी को डराने के लिए है या किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए? इन सवालों का जवाब ढूंढने के लिए हमें सावधानी से जांच करनी चाहिए।

दिल्ली पुलिस ने 400 स्कूलों में बम की झूठी कॉल करने वाले बच्चे को पकड़कर वाकई काबिलेतारीफ काम किया है, लेकिन यह मसला और भी संवेदनशील तब हो गया जब मामले के तार फांसी पर लटकाए गए आतंकी अफजल गुरु से जुड़ गए। पुलिस अब इस पहलू पर भी गंभीरता से जांच कर रही है कि इस बच्चे के पीछे कहीं कोई और तो नहीं जो मेल करवा रहा है। दरअसल, बच्चे का परिवार एक एनजीओ के संपर्क में था। यह वही एनजीओ है जो अफजल गुरु की फांसी का विरोध कर रही थी। एक साथ अढ़ाई सौ स्कूलों में जो मेल आई थी, उसके पीछे भी यही बच्चा बताया जा रहा है। पुलिस जांच में अब पता कर रही है कि कहीं जानबूझ कर कानून व्यवस्था को खराब करने की नीयत से तो बच्चे को इस्तेमाल नहीं किया गया। स्कूलों में लगातार मेल आ रही थीं। भयभीत होकर कई बार परीक्षाएं और टेस्ट कैंसिल करने पड़ रहे थे।

ये मेल एडवांस तकनीक से भेजी गईं। ऐसा लगता था कि कहीं इसके पीछे कोई आतंकी ग्रुप न हो। 8 जनवरी 2025 को जो अंतिम मेल आई थी, उसी मेल से भेजने वाले बच्चे की पहचान की गई। बच्चे के लैपटॉप की फोरेंसिक जांच से पता चला कि उसने 400 से ज्यादा मेस भेजी थीं। शक होने पर जांच गई तो पता चला कि बच्चे के पिता एक एनजीओ से जुड़े हैं। यह एनजीओ एक सियासी दल के लिए काम करती है। इस मामले में बड़ी साजिश की जांच की जा रही है। कई बार जब मेल भेजे गए तब स्कूल में परीक्षाएं नहीं थी, इसलिए असल उद्देश्य का पता नहीं लग पा रहा है। दिल्ली पुलिस की ओर से 400 स्कूलों में बम की झूठी कॉल करने वाले बच्चे को पकड़ने की खबर बेहद चिंताजनक है। यह मामला न केवल स्कूलों की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा करता है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके भविष्य को लेकर भी चिंता पैदा करता है। ऐसे अपराधों से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था सर्वोपरि होती है। स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना बेहद आवश्यक है, जैसे कि सीसीटीवी कैमरे लगाना, सुरक्षा गार्ड तैनात करना और आपातकालीन योजनाओं को तैयार करना।

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता पैदा करने वाले मामलों को गंभीरता से लेना आवश्यक है, जैसे कि बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनके माता-पिता को उनके बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना चाहिए। सामाजिक जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए। लोगों को झूठी कॉल करने के नुकसान के बारे में जागरूक करना भी जरूरी है। फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना आवश्यक है। दोषियों को दंडित करना चाहिए ताकि ऐसा काम कोई दूसरा न करे। इन कदमों को उठाकर हम ऐसे अपराधों से बच सकते हैं और हमारे समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बना सकते हैं। ऐसी धमकियों को गंभीरता से लेना आवश्यक है, क्योंकि यह न केवल संबंधित संस्थानों के लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ा खतरा है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को ऐसी धमकियों की जांच करनी चाहिए और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। हमें यह भी समझना चाहिए कि ऐसी धमकियों के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? बहरहाल, पुलिस को और ज्यादा चुस्ती दिखाने की जरूरत है। साइबर क्राइम को जड़ से उखाड़ना अब समय की मांग है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख

**मायावती** को भारत की शीर्ष महिला राजनीतिज्ञों में स्थान प्राप्त है। वे देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक 'बहुजन समाज पार्टी' (बसपा) की प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वे अपने कार्यकर्ताओं के बीच 'बहनजी' के नाम से प्रसिद्ध हैं। सन 2007 के विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी ने राज्य में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था, जिसके बाद वे देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। इससे पहले भी मायावती तीन बार छोटे-छोटे कार्यकाल के लिए वर्ष 1995, 1997 और 'भारतीय जनता पार्टी' के समर्थन से 2002 से 2003 तक प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं। मायावती का जन्म दिल्ली में हुआ था। उनके पिता का नाम 'प्रभुदास' और माता का नाम 'रामरती' था। उनके पिता प्रभुदास, गौतमबुद्ध नगर के ही डाक विभाग में कार्यरत थे। आर्थिक दृष्टि से पिछड़े परिवार से संबंधित होने के बावजूद इनके अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई को जारी रखा। मायावती ने 'दिल्ली विश्वविद्यालय' के 'कालिंदी कॉलेज' से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने 'दिल्ली विश्वविद्यालय' से एलएलबी की परीक्षा और 'वीएमएलजी कॉलेज', गाजियाबाद ('मेरठ यूनिवर्सिटी') से बीएड की उपाधि प्राप्त की। कुछ वर्षों तक मायावती दिल्ली के एक स्कूल में शिक्षण कार्य भी करती रहीं, लेकिन वर्ष 1977 में दलित नेता कांशीराम से मिलने के बाद उन्होंने पूर्णकालिक राजनीति में आने का निश्चय कर लिया। ■



मायावती
**जन्म :** 15 जनवरी, 1956

## कविता

### याद आ गया



प्रो. विधु
जोगिंद्रनगर

*आज आंख में लगी चोट तो मां का पल्लू की गांठ बना*
*मुंह भाप से सेक देना याद आ गया।*
*रातभर खांस-खांस हाल हुआ बेहाल*
*तो बापू का आधी रात गर्म पानी में*
*दवा पिलाना याद आ गया।*
*जब दवा से भी न हुआ आराम*
*तो मां का अदरक शहद चटाना याद आ गया*
*कल लड़खड़ाकर गिरी और दर्द से मुंह से निकला हाय राम*
*तो मां का प्यार से पैर दबाना याद आ गया।*
*जीवन जंग में जब पड़ी तीरों की चहुंओर से मार छलनी हुआ तन*
*और दिल में मचा हाहाकार, तो बापू का बोला सबक याद आ गया।*
*कभी अंगुली का कट जाना, तो कभी हाथ का जल जाना,*
*औरों को खिलाते-खिलाते अपनी एख का मर जाना*
*मां का हलवा-पूरी बनाकर खिलाना याद आ गया।*
*मां का खिलाना याद आ गया।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का क्या है कारण?

भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्वपूर्ण, लेकिन कमजोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढांचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुंच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक आधिकारिक डेटाबेस में काफी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है।



**लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ**
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुंच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुंच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमजोर करती हैं। मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुंच में बाधाएं पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्वपूर्ण अनुपात शामिल है।

यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालांकि, यह मुख्य रूप से एक 'पंजीकरण अभियान' है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत दृष्टिकोण, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालांकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमजोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन बाधाओं पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है।



अनंत ज्ञान

आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है। अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है। प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है।

सरकारी प्रणालियां अक्सर प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और परिवर्तनों की परवाह नहीं करतीं। प्रवासी श्रमिकों को न केवल कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती, बल्कि उन्हें शहर के प्रतिकूल वातावरण में भी संघर्ष करना पड़ता है। शहर सड़कों और इमारतों जैसे निर्माण के लिए प्रवासी श्रमिकों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इन शहरों में इन प्रवासी श्रमिकों की बुनियादी मानवीय आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त सहायता नहीं होती है। यहां स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय सहायता, रहने के लिए अच्छे स्थान, सुरक्षा उपाय या बच्चों की देखभाल की सुविधाएं नहीं हैं। इससे प्रवासी श्रमिकों को सब कुछ खुद ही संभालना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों के बच्चों की दुर्दशा विशेष रूप से चिंताजनक है। शिशुओं को बड़े बच्चों की देखभाल में छोड़ दिया जाता है, जिनके पास स्वयं सार्थक शैक्षिक गतिविधियों तक पहुंच नहीं होती। इससे असुविधा का एक चक्र निर्मित होता है, जहां शिक्षा के अवसरों की कमी उनके माता-पिता द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों से मुक्त होने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है। प्रवासी श्रमिकों के लिए, एक टूटा हुआ अंग अक्सर कामकाजी जीवन के अंत का संकेत देता है। कार्यस्थल पर लगी चोटों के लिए शायद ही कभी पर्याप्त सहायता या चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो पाती हैं।

घायल श्रमिक अपने घर लौटने के लिए बाध्य होते हैं तथा उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रयास करते हैं, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित और आवश्यक पहुंच बहुत कम उपलब्ध होती है। गांवों से शहरी क्षेत्रों की ओर मौसमी प्रवास की आवश्यकता, प्रवासी श्रमिकों के समक्ष चुनौतियों को और बढ़ा देती है। शहरी आवास की स्थिति अक्सर बहुत खराब होती है, जिससे शहर का मौसम दुख का एक अतिरिक्त स्रोत बन जाता है। प्रवासी श्रमिकों के लिए काम से परे जीवन की गंभीर वास्तविकताएं तत्काल ध्यान देने और व्यापक समाधान की मांग करती हैं।

विचारशील शहरी नियोजन को कार्यस्थलों से आगे बढ़कर प्रवासी श्रमिकों के जीवन के संपूर्ण आयाम को शामिल करना चाहिए, जिससे न केवल रोजगार, बल्कि सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध हो सके। बच्चों के लिए शिक्षा के अवसरों की उपेक्षा, घायल श्रमिकों के लिए सहायता की कमी, तथा शहरी आवास की प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए लक्षित नीतियों की आवश्यकता है। प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों से निपटने के लिए नीतियों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। उनकी विविधता का केवल जश्न मनाने के बजाय, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को समझने और उन्हें पूरा करने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए एक ही नीति के दृष्टिकोण से हटकर सूक्ष्म नीतियों की ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है, जो प्रवासी श्रम शक्ति की जटिलताओं पर विचार करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हिंदी की प्रगति के लिए वैज्ञानिक सोच आवश्यक

गुणवत्तापरक शिक्षा में अभी भी आशानुरूप सफलता नहीं मिली है। जहां संख्यात्मक वृद्धि (quantity) होती है, वहां गुणात्मक वृद्धि (quality) में कमी आ जाती है। इस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक है कि कक्षा में रुचिपूर्ण शिक्षण पद्धति अपनाई जाये जैसे-भ्रमण विधि, खेल विधि, कहानी विधि, प्रदर्शन विधि, करके सीखना, प्रोजेक्ट विधि, केस स्टडी विधि तथा विभिन्न प्रकार की अन्य शैक्षिक गतिविधियां आदि। सीखने की प्रक्रिया मनुष्यों के मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक विकासक्रम का एक निर्धारक तत्व है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शिक्षा के ध्येय को मूलत: ज्ञात के प्रसार एवं अज्ञात के प्रति अनुसंधानात्मक अभिरुचि के विकास में समाहित किया जा सकता है। बीसवीं सदी तक के सामाजिक एवं वैज्ञानिक विकास की गति इतनी तीव्र नहीं थी।

पारंपरिक शिक्षण की प्रणालियां और व्यवस्थाएं उसे संभाल न सकें, परंतु इक्कीसवीं सदी ने कुछ युगांतरकारी परिवर्तनों से अपनी यात्रा आरंभ की है। पहला बड़ा परिवर्तन कंप्यूटर का आगमन है जिसने एक तरफ तो ज्ञान की एक पूरी शाखा का विकास करके ज्ञात की सीमाओं को बढ़ा दिया है और शिक्षकों का भार 'न्यूनतम समय में आधुनिकतम प्रणालियों की उपयोग क्षमता के विकास की आवश्यकता' के साथ बढ़ गया है. कहना न होगा कि सिखाने और सीखने की गतिवृद्धि के लिए अत्यंत कारगर उपाय के रूप में कंप्यूटर स्लाइड शो, फ्लैश फिल्मों आदि के साथ अनिवार्य होता जा रहा है। दूसरा बड़ा परिवर्तन तथ्यों और संदेशों के महासमुद्र में खोज और अभिव्यक्ति की सेवा देने वाली साइटों का आगमन है।



गूगल और फेसबुक मानवीय मस्तिष्क की तथ्यात्मक समृद्धि को अनावश्यक और अतीत की बात बनाने में जुटे हैं। ऐसा लगने लगा है कि छात्रों को आंकड़े और अन्य वस्तुनिष्ठ तथ्यों के लिए स्मृति पर निर्भर कराना स्मरण शक्ति का दुरुपयोग बनता जा रहा है। 'ज्ञान का विस्फोट' जो सूचना के विस्फोट का उपादान बनाकर प्रकट हुआ है, कोई भी शिक्षण प्रणाली उससे विरक्त रहकर समय के साथ नहीं चल सकती। तीसरा बड़ा और भविष्योन्मुख परिवर्तन अत्याधुनिक तकनीक और विचारधाराओं के साथ विश्व की एकीकृत सामाजिक स्थिति है। इतिहास परिप्रेक्ष्य के साथ बदल जाता है और 'ग्लोबल विलेज' में अंतरराष्ट्रीय भावनाओं के साथ वस्तुनिष्ठ चिंतन का विकास आवश्यक हो गया है। कहना न होगा कि शिक्षकों का समुदाय अब ज्ञान की खिड़की नहीं रह गया है और शिक्षण में एटीट्यूड, तर्क विकास और मानवीय गुणों का बीजारोपण अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं इसके लिए हिंदी में विज्ञान अनिवार्य है हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद अच्छा काम कर रही है।

अनंत ज्ञान

हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की पत्रिका 'वैज्ञानिक' का परिचय अंक लगभग 55 वर्ष पूर्व 1969 में प्रकाशित हुआ था। वैज्ञानिक चिंतन हिंदी में उपलब्ध कराने के अतिरिक्त इसमें नवीनतम शोध की जानकारी हिंदी में पाठकों तक पहुंचाई जाती है। इस पत्रिका का मुख्य उद्देश्य आम पाठक में राजभाषा में वैज्ञानिक लेख लिखने की क्षमता पैदा करना, नए शोध की जानकारी एक दूसरे तक पहुंचाना है। गुणवत्तापरक शिक्षा में हिंदी विज्ञान आवश्यक है। यदि बच्चों को बचपन से ही राष्ट्र भाषा हिंदी में विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराया जाये तो वे विज्ञान से जुड़ने लगते हैं, उनकी वैज्ञानिक सोच का विकास होता है और बच्चों में वैज्ञानिक गुण विकसित होते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हम** आधार कार्ड की वजह से खुशफहमी में हैं जबकि इसने हमारे पास आते ही हमारा घर-हमारा नल, हमारी शक्ल-हमारी अक्ल, हमारी जहमत तक का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है। जिंदगी अब हमारे योग्य नहीं, बल्कि आधार कार्ड के योग्य हो चुकी है। अब वही मुस्करा सकता है जिसकी जेब में रखा आधार कार्ड खुश हो। हद तो यह कि अपने ही आधार कार्ड को यह शाश्वत शक है कि उसका स्वामी सही है भी कि नहीं। अच्छी भली जिंदगी को यह आधार कार्ड कहीं भी अटका सकता है। उसे अपने जन्म की चिंता नहीं, मालिक की जन्म तिथि पर कोई भरोसा नहीं। सरकार की नीतियां बिलकुल स्पष्टता से कह रही हैं कि गरीब बनो, लेकिन हमारा अपना आधार कार्ड मान चुका है कि धारक गरीब हो ही नहीं सकता। उसे अपनी सूरत पर इतना गुरूर है कि हमें अब सुधरने की कोई सूरत दिख नहीं रही।

**रविंद्र कुमार, शाहपुर**

# परीक्षा पर चर्चा :शिक्षकों से सिर्फ शैक्षणिक कार्य ही करवाए जाएं

विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का भय निकालने व उनके अंदर के एग्जाम वॉरियर को प्रज्वलित करने हेतु, 'परीक्षा पे चर्चा' का आठवां संस्करण प्रायोजित किया जा रहा है।

अब समय आ गया है- परीक्षा के तनाव को पीछे छोड़ने का और अपनी सबसे अच्छे प्रदर्शन के लिए बच्चों को प्रेरित करने का और इसमें देश के प्रधानमंत्री बच्चों के साथ-साथ उनके शिक्षकों व माता-पिता के साथ भी बातचीत करेंगे, ताकि वे छात्रों के सपनों व लक्ष्य को पूरा करने के लिए उनकी मदद कर सके। कार्यक्रम में 6वीं से 12वीं तक के स्कूली बच्चे भाग ले सकते हैं और अधिकतम 500 शब्दों में अपने प्रश्न भी प्रधानमंत्री को भेज सकते हैं। अभी तक देशभर में 3 करोड़ 22 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुका है। जिसमें 20 लाख से अधिक शिक्षक व 5 लाख से अधिक अभिभावक भी शामिल है। मुख्य इवेंट में हिस्सा लेने के लिए 2500 से अधिक छात्रों को शिक्षा मंत्रालय की तरफ से 'परीक्षा पे चर्चा' की किट भी मिलेंगी।



**लेखक : हंस ठाकुर**
बग्गी, सुंदरनगर

वर्ष 2025 में 'शिक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम नई दिल्ली के टाउन हॉल में प्रस्तावित है। जो छात्र इसमें चयनित नहीं हो पाएंगे वे शिक्षा मंत्रालय की अधिकारिक वेबसाइट या यूट्यूब पर इसका प्रसारण देख पाएंगे। शिक्षा के भय से निजात पाने के लिए विद्यार्थी भी-अपने स्वयं के अध्ययन के तरीके, शिक्षा के प्रति उनका नजरिया या अपनी सफलता के मंत्र अधिकतम 300 शब्दों में पोर्टल एग्जाम मंत्र में शेयर कर सकते हैं। विद्यार्थियों को बिना किसी के दबाव व सहायता के इसमें स्वतंत्र रूप से भाग लेना चाहिए। परीक्षा पर चर्चा-फरवरी, मार्च माह में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं से ठीक पहले प्रधानमंत्री एक सराहनीय प्रयास है। यह एक ऐसी पहल है, जो आदर्श माहौल को बढ़ावा देने के लिए देशभर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों से प्रेरित है। हर बच्चा अपने आप में विशेष व्यक्तित्व का मालिक होता है। प्रधानमंत्री की पथ प्रदर्शक किताब 'एग्जैम वॉरियर' में छात्रों के ज्ञान और समग्र विकास को महत्व दिया गया है और परीक्षाओं को सही परिप्रेक्ष्य में रखने का आग्रह किया है।



अनंत ज्ञान

बजाय इसके कि इसे जीवन और मौत की स्थिति में अनावश्यक तनाव और दबाव की वजह बनाया जाए। सीखना एक सुखद, संतुष्टिदायक और अंतिम यात्रा होनी चाहिए। आज देश में प्रतिष्ठित व करियर पूरक परीक्षाएं-दिन प्रतिदिन विवादों में घिर रही है।

कई दौर की तनावपूर्ण परिस्थितियों के उपरांत अनेक विद्यार्थी सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हैं-मगर पेपर लीक होने का जिन्न, हर बार प्रकट हो जाता है और लाखों विद्यार्थी उससे प्रभावित होते हैं ऐसे शातिरबाजों से शक्ति से निपटना होगा, ताकि पुन: भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाए। देश के हर नागरिक को सच्ची प्रतिभा का सम्मान करना होगा। हर बार न्यायपालिका से सम्मान का हक प्राप्त करना देश की ईमानदार प्रतिभा को कुंठित करता रहेगा। अपनों को अनुचित मार्ग से आगे ले जाने की होड़ कतई ठीक नहीं। इस तरह स्वावलंबी भारत बनने का सपना कैसे साकार होगा। आज की तकनीकी युग में हर अभिभावक को भी अपने बच्चे के भविष्य के प्रति अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर तो नहीं बन सकता? हर क्षेत्र-हर विधा का अपना महत्व है। बच्चों की अभिरुचि व उनकी काबिलियत वाली राह ही, उन्हें जीवन में एक सफल इंसान बना सकती है। किसी भी इमारत की सुरक्षा व समय अवधि उसकी नींव में छिपी होती है। अत: विद्यार्थी जीवन में शिक्षा रूपी इमारत की भी नींव मजबूत होनी चाहिए, ताकि विद्यार्थी रुचिपूर्वक उस इमारत को भविष्य में आकार दे सके। शिक्षा रूपी इमारत को आकार देने में बच्चे व शिक्षक ही मात्र महत्वपूर्ण पहलू नहीं है, बल्कि अभिभावक समाज व सरकार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एक शिक्षक को मात्र शैक्षणिक कार्यों हेतु नियुक्त किया जाता है। अत: उनसे, उनकी भूमिका के दायरे में ही शैक्षणिक कार्यों का संपादन करवाया जाना चाहिए। शिक्षा में गुणवत्ता की कमी स्वत: दूर हो जाएगी। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देश में सड़क हादसे एक अभिशाप, जिम्मेदार कौन ?

बेशक प्रतिवर्ष की तरह 11 जनवरी 2024 से 17 जनवरी 2025 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। ऐसे आयोजनों पर करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है सेमिनार लगाए जा रहे हैं और कार्यक्रम किये जा रहे हैं। यातायात के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। मानव जीवन अनमोल है। देश के नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

सड़क सुरक्षा के ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतु करोड़ों रुपया बहाया जाता है, मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए, तो इन हादसों पर विराम लग सकता है, मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। प्रतिवर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं। नववर्ष 2025 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहे हैं। देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे हैं कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं।

कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे हैं प्रतिदिन लोग मारे जा रहे हैं। यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है, क्योंकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं। लापरवाही से सड़कें रक्त रंजित हो रही है। चिराग बुझ रहे हैं।



बच्चे अनाथ हो रहे हैं। आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे हैं। युवा देश के कर्णधार है जो देश का भविष्य है। प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे हैं। इकलौते चिराग अस्त हो रहे हैं।

कोखें उजड़ रही है। माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। युवाओं को जागरूक करना होगा, क्योंकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते हैं। लॉकडाउन में सड़क हादसों पर लगाम लग गई थी। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है, मगर फिर भी सुधार नहीं होता। जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन करते रहेंगे तब तक इन हादसों में लोग बेमौत मरते रहेंगें। देश में जब 22 मार्च 2020 को जब लॉकडाउन लगा था तब हादसे पूरी तरह रुक गए थे। लॉकडाउन के खुलते ही सड़क हादसों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई। कोरोना महामारी में हादसे कम हो गए थे। लॉकडाउन में जगली जानवर सड़कों पर विचरण करते थे। परिवहन पूरी तरह बंद था।

अनंत ज्ञान

प्रदूषण भी शून्य हो गया था। साल 2020 के अप्रैल व मई माह में यातायात के साधन बंद हो गए थे। जून माह में ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया था, तो फिर से करोड़ों वाहन सड़कों पर दौड़ पड़े। जनवरी 2025 से ही सड़क हादसों की रफ्तार बढ़ती जा रही है। साल 2024 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा था और लोग लाखों हादसों का शिकार होते रहे थे। देश के सैकड़ों सैनिक भी सड़क हादसों में शहीद हो गए थे। हजारों लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपंग हो गए जो ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। यदि सरकारे ऐसे ही सोती रहेगी, तो देश की सड़के खून से लाल होती रहेगी। मावन जीवन को बचाना होगा, क्योंकि मानव जीवन दुर्लभ है। तभी सड़क सुरक्षा सप्ताह की सार्थकता होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### लोहारड़ी के छेरना, जुधार व अंदरली मलाह ऐसे गांव जहां अब भी देवआज्ञा लागू

# बीड़ी और चमड़े की वस्तुओं पर प्रतिबंध

**रूपी ठाकुर, बरोट**

दुर्गम छोटाभंगाल घाटी में तीन गांव ऐसे भी हैं जहां बीड़ी, सिगरेट व चमड़े की वस्तुओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। यहां भूलकर भी ऐसी वस्तुएं लेकर न जाएं। लोहारड़ी के छेरना, जुधार व अंदरली मलाह तीन ऐसे गांव हैं जहां अब भी देवआज्ञा लागू है।

इन गांवों में स्थित देवी-देवताओं की आज्ञा की अवहेलना करने पर सभी को प्राकृतिक आपदा का दंश झेलना पड़ता है। साथ ही उल्लंघन करने पर देव आज्ञा अनुसार सजा भी मिलती है।

यह बात आपको बेशक कुछ अटपटी लगे, लेकिन यह सही है। कांगड़ा जिला की दुर्गम छोटाभंगाल घाटी के दो गांवों में देवी-देवताओं के आदेश ही सर्वोपरि माने जाते हैं। लंबाडग दरिया के किनारे पर इस घाटी के लोहारड़ी से ठीक ऊपर दोनों किनारों पर बसे छेरना, जुधार व अंदरली मलाह गांवों में इसी आज्ञा के चलते किसी को भी गांव की सरहद के अंदर बीड़ी से लेकर तंबाकू के अन्य उत्पाद व चमड़े का कोई भी सामान ले जाने की



घाटी में स्थित लोहारड़ी बाजार।

अनुमति नहीं है। ऐसा अब से नहीं बल्कि वर्षों से चल रहा है। जब भी इस आज्ञा की अवहेलना हुई तो यहां के लोगों को प्राकृतिक आपदा का कई रूपों में दंश झेलना पड़ा है। अगर कोई इन गांवों में मनाही के

**देव आज्ञा की अवहेलना पर होती है प्राकृतिक आपदा**

बावजूद ऐसी वस्तुएं ले जाए तो वहां के मंदिरों के गूर (पुजारियों) को तुरंत इसका समाधान करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिबंधित वस्तु का पुजारियों को लग जाता है पता

**छोटाभंगाल** घाटी के छेरना गांव के अमर सिंह ठाकुर व हरी सिंह ठाकुर बताते हैं कि जब भी इन गांवों में कोई ऐसी वस्तुएं लेकर प्रवेश करता है तो यहां के मंदिरों के पुजारियों को इसका पता चल जाता है। उसके बाद मंदिर में ही पुजारी को देवी देवता का रूप आने लगता है और फिर शुरू होता है खेल का सिलसिला। खेल यानी ऐसी हरकत जिस में पुजारी का खुद पर काबू नहीं रहता है। उसकी आवाज बदल जाती है और ऐसा लगता है कि उसके अंदर से कोई और आज्ञा दे रहा है। इसके बाद सबसे पहले उस आदमी को उजागर किया जाता है और उसे उक्त कार्य के लिए मंदिर में कोई जुर्माना अदा कर माफी मांगनी पड़ती है। ऐसा अभी तक यहां पर कई बार हुआ है। ऐसे में अब इन गांवों में इस आज्ञा का पूरा पालन करवाया जाता है।

### लोगों की देवताओं पर पूरी आस्था

**बैजनाथ** ब्लॉक समिति के पूर्व उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह ठाकुर बताते हैं कि गांव में लोगों के अपने देवी-देवताओं के मंदिर है। हर देवी-देवता का अपना अलग आदेश होता है जो पुजारी के माध्यम से बताया जाता है। छेरना व अंदरली मलाह तथा जुधार गांव में बीड़ी, तंबाकू के अन्य उत्पाद व चमड़ा ले जाने पर प्रतिबंध है। इसको लेकर गांव के लोगों ने बाकायदा गांवों को जाने वाले रास्तों में बोर्ड भी लगाए हैं। इन गांवों में देवी-देवताओं के मंदिरों को छोड़ कर कहीं पर भी किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। लोग पूरी आस्था जताते हैं और यह आज्ञा न टूटे इसका पूरा ध्यान रखते हैं, ताकि यह घाटी पूरी तरह से प्राकृतिक आपदा से बची रही। ऐसा गांव चौहार घाटी में भी स्थित है। घाटी के लोग सदियों से देव आस्था पर टिक रहते हैं और हर शुभ व अशुभ कार्य के लिए मात्र अपने आराध्य देवी-देवताओं द्वारा दिए गए आदेशों को सिर माथे मानते हैं।

# चालक संजय की मौत पर माकपा-भाजपा एकजुट

## कहा-आरएम हों सस्पेंड, हत्या का केस करो दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एचआरटीसी के धर्मपुर डिपो में कार्यरत चालक संजय कुमार की दुःखुद मृत्यु पर माकपा और भाजपा एकजुट हो गई है। दोनों पार्टियों ने सजय की मौत के लिए धर्मपुर डिपो के आरएम को जिम्मेदार ठहराया है तथा उनके खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर संस्पेड करने की मांग उठाई है।

गौरतलब है कि कुल्लू जिले के झिड़ी निवासी संजय कुमार को पिछले चार महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा था। गत दिवस कुल्लू में हुई है उनकी मृत्यु का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था जिसमें संजय ने धर्मपुर डिपो के आरएम पर उसे प्रताड़ित करने की बात कही थी।

इस घटना पर अब मजदूर संगठन सीटू के जिला प्रधान व पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने और भाजपा ने स्थानीय क्षेत्रीय प्रबधंक को तुरंत सस्पेंड करने की मांग की है और उस पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।

उक्त आरएम ने धर्मपुर डिपो के 85 ड्राइवरों व कंडक्टरों के खिलाफ चार्जशीट लगाई है और उनकी इंक्रीमेंट रोक दी है। वे हर छोटी-

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

छोटी और मैकेनिकल फाल्ट जैसे गाड़ी की कमानी टूटने, नट बोल्ट टूटने, ब्रेक फेल हो जाने इत्यादि के लिए भी चार्जशीट लगाई है और उनका वेतन भी रोका गया है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें बहुत से निगम कर्मचारियों ने सूचित किया है कि धर्मपुर डिपो के अधिकांश कर्मचारी आरएम की तानाशाही से तंग है। कर्मचारियों ने बताया कि आरएम अपने आप को स्थानीय विधायक का खास आदमी बताता है और उसी के दम पर कर्मचारियों को हर समय धमकाता रहता है। उसी का नतीजा है कि संजय कुमार ने इनसे और वेतन न मिलने से वित्तीय तंगी के कारण मौत का रास्ता चुना, इसलिए उक्त आरएम को तुरंत सस्पेंड करके जल्द जांच करवाई जाए और इन पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे इस बारे निगम कर्मचारियों के साथ हैं और यदि वे आरएम के खिलाफ आंदोलन या हड़ताल करते हैं तो वे उसका पूर्ण सहयोग करेंगे।

### सीआईडी से करवाई जाए जांच : अजय

**भाजपा** युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता अजय चौहान ने चालक की मौत के मामले पर सीआईडी से जांच करवाने की मांग की है। धर्मपुर के प्रबंधक विनोद कुमार पर इससे पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। चालक परिचालकों की इंक्रीमेंट सैलरी और ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के आरोप पहले लग चुके हैं।

### डीएम ने नकारे आरोप

**चालक** की मौत के बाद गठित जांच कमेटी ने धर्मपुर एचआरटीसी का रिकार्ड जांचा, बल्कि मंडलीय प्रबंधक विनोद कुमार ठाकुर की अगुवाई में की गई जांच में प्रबंधन को क्लीन चिट दी गई है। विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि मृतक चालक सात से 3 जनवरी तक अवकाश पर था, जबकि 4 जनवरी से 7 जनवरी तक ही है वह ड्यूटी पर आया और फिर 5 दिन के अवकाश की छुट्टी देकर चला गया। 4 माह वेतन रोकने का कोई सुबूत नहीं मिला है। समय पर सैलरी दी गई है, मृतक चालक के आरोप निराधार है।

### धर्मपुर के आरएम मंडी डिपो से किए अटैच

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम धर्मपुर डिपो के आरएम विनोद कुमार को अगले आदेश तक मंडल कार्यालय एचआरटीसी मंडी से संबद्ध किया गया है। वहीं मेहर चंद क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी सरकाघाट को अगले आदेश तक क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी धर्मपुर इकाई का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के आदेश जारी किए गए हैं। हालांकि चालक की मौत के बाद आनन -फानन में गठित जांच कमेटी ने धर्मपुर एचआरटीसी का रिकार्ड जांचा, बल्कि मंडलीय प्रबंधक विनोद कुमार ठाकुर की अगुवाई में की गई जांच में प्रबंधन को क्लीन चिट दी गई है।

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने घटना की निंदा करते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने की मांग की थी। सुबह जांच कमेटी ने प्रबंधन को क्लीन चिट दी थी, लेकिन चारों तरफ से उठे विरोध के स्वर सरकार के गले की फांस बन गए और धर्मपुर डिपो के आरएम विनोद कुमार को अगले आदेश तक मंडल कार्यालय एचआरटीसी मंडी से संबद्ध कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी की पाइप डालने के लिए रास्ते की हालत हो रही खस्ता



**भीम बसेड़ू, महादेव।** लोअर महादेव गांव के मेन रोड से संपर्क करते महादेव-घुकनू का कंक्रीट का पक्का चौड़ा मार्ग, जिसे बेतरतीब ढंग से खुदाई करके इसमें पानी की पाइप को भूमिगत किया जा रहा है। पानी की पाइप संबंधी कार्य से आहत हुए लोअर महादेव गांव के मेन रोड के बाद अब इस मार्ग जिसका कार्य मनरेगा के तहत हुआ है बुरी तरह बदसूरत हुआ है, जो वाहन चालकों के लिए आफत बना हुआ है, क्योंकि घनी आबादी के बीच से होकर जाते उखाड़े गए इस तमाम मार्ग को गति अवरोधक कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, जहां वाहनों के टायर धंस रहे हैं और ऐसे में जाम लगना भी आम बात हो गई है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि यह कार्य सही प्लानिंग न करके मनमाना रवैया अपनाते हुए लापरवाही से किया जा रहा है, जो आम जनता के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर रहा है, वहीं मार्ग का नुकसान कर सरकार को भी चूना लगाया जा रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सत्यानाश किए गए इस खस्ताहाल किए गए मार्ग को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।(अनंत ज्ञान)

### महादेव-धनोटू मार्ग के कच्चे भाग से लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत गांव महादेव से धनोटू गांव को जाते मार्ग के कच्चे भाग में जगह-जगह गड्ढे पड़े हैं, जो पानी के रिसाव के चलते कीचड़ से लबालब रहते हैं। मार्ग के साथ बड़ी लकड़ियां-पत्थर एवं आड़े तिरछे खड़े रहते नए पुराने वाहन खासी बाधाएं हैं और कसर पूरी करने वाली पदयात्रियों के लिए मुसीबत बनी पीडब्ल्यूडी विभाग की नाक तले की कच्ची उथली गंदे पानी की बदबूदार नाली जिसका कीचड़ भी पैदल रास्ते को प्रभावित करता रहता है। संबंधित विभाग इस भारी पड़ रही असुविधा के सुधार के लिए कतई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे बुद्धीजीवी वर्ग में विभाग की इस सुस्त कार्यप्रणाली को लेकर खासी नाराजगी है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इस सार्वजनिक समस्या को गंभीरता से लेकर समुचित सुधार करें।

### पुराना गाना 'विछोड़ा' मकर संक्रांति पर्व पर रिलीज




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी जिला में गाया जाने वाला बहुत पुराना गाना विछोड़ा मकर संक्रांति पर्व पर जगदीश सनवाल चैनल पर रिलीज हुआ। इस गाने को टीहरा के जगदीश सनवाल ने अपनी सुरीली आवाज में गाया है। इस गाने का म्यूजिक चंद्रमोहन शर्मा ने दिया है और वीडियो साहिल शर्मा जोगिंद्रनगर के बैनर तले तैयार किया गया है। इस गाने में भाई का किरदार सुनील कुमार शर्मा और बहन का किरदार दिव्या सकलानी ने निभाया है।

### अर्णव फैशन प्वाइंट नलसर में हुई चोरी

**आदर्श, नेरचौक।** नलसर स्थित एक फैशन प्वाइंट में नगदी सहित कॉस्मेटिक व रेडीमेड का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नलसर में अर्णव फैशन प्वाइंट के नाम से कॉस्मेटिक और रेडीमेड की दुकान करने वाले विक्रांत ठाकुर ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने आए तो शटर के ताले टूटे हुए पाए गए। अंदर जाकर देखा तो दुकान का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में पाया गया कि गले में रखी लगभग 6000 नकदी, 30 से 35 हजार नोटों के हार सहित कॉस्मेटिक और रेडीमेड का लगभग एक लाख से भी अधिक का सामान चोरी हुआ पाया गया। पुलिस ने विक्रांत ठाकुर की ओर से शिकायत दर्ज कर दी है और चोरों को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी को खंगाल गया, लेकिन प्रथम दृष्टि में अभी तक कोई भी सुराग चोरों का नहीं लग पाया है।(अनंत ज्ञान)

# महाकुंभ में पहुंचे मंडी के श्रद्धालु अमृत स्नान पर लगाई डुबकी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

मकर संक्रांति पर्व पर गंगा, यमुना सरस्वती की त्रिवेणी में पहले अमृत स्थान में जहां देश दुनिया के करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई, वहीं मंडी जिला से महाकुंभ में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान में भाग लिया।

**महाकुंभ में भाग लेने की अपील की**

महाकुंभ में पहुंचे श्रद्धालु कन्हैया लाल, किशोरी लाल, प्रमिला, हर्षा, चंपा कला व तान्या ने बताया कि महाकुंभ में सुरक्षा की दृष्टि से कड़े प्रबंध किए गए हैं। इन श्रद्धालुओं ने बताया कि महाकुंभ में मकर संक्रांति पर्व पर पहले अमृत स्नान में भाग लेकर वे अपने आप



महाकुंभ में भाग लेने पहुंचे मंडी जिला के श्रद्धालु।

को बहुत ही सौभाग्यशाली समझ रहे हैं। इन श्रद्धालुओं ने कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक पल थे। इन्होंने देश के सभी नागरिकों से महाकुंभ में भाग लेने की अपील की है।

# पच्चीसी खेल में हिमाचल की टीमों का दबदबा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




सामूहिक चित्र में खिलाड़ी व आयोजक।

पच्चीसी खेल की पहली जूनियर तथा सीनियर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता सुंदरनगर के नौलखा में 10 से 12 जनवरी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश के 10 राज्यों के 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें हिमाचल प्रदेश की टीमों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

सीनियर पुरुष वर्ग में हिमाचल-ए टीम ने गोल्ड, हरियाणा टीम ने सिल्वर तथा हिमाचल-बी टीम ने ब्रॉज मेडल, सीनीयर महिला वर्ग मे हिमाचल-ए टीम ने गोल्ड, महाराष्ट्र टीम ने सिल्वर तथा हरियाणा टीम ने ब्रांज मेडल, जूनियर लड़को के वर्ग मे छतीसगढ़ टीम ने गोल्ड, हिमाचल-ए टीम ने सिल्वर तथा हिमाचल टीम-बी ने ब्रांज मेडल, जूनियर लड़कियों के वर्ग मे हिमाचल-ए टीम ने गोल्ड, हिमाचल-बी टीम ने सिल्वर तथा गोवा टीम ने ब्रांज मेडल जीते।

इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीमों ने 3 गोल्ड, 2 सिल्वर तथा 2 ब्रांज मेडल की जीत हासिल की। मुख्यातिथि शास्त्रांग अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष और इंटरनेशनल पच्चीसी फेडरेशन के मुख्य सलाहकार विक्रम थापा रहे। इस दौरान भारतीय पच्चीसी गेम फेडरेशन के अध्यक्ष पीएस बरार, महासचिव डॉ. जीपी पाल हिमाचल प्रदेश पच्चीसी खेल संघ के अध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव राम सिंह चौहान उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष बृजलाल चौहान सहसचिव अमी चंद, आयोजन सचिव संजय कुमार कानूनी सलाहकार आशीष शर्मा, सदस्य मनोज, अर्पित चौहान संजय नायक, रविंद्र नायक, चंडीगढ़ पच्चीसी खेल संघ के महासचिव खुशहाल सिंह सैनी, हरियाणा के महासचिव जयवीर, उत्तर प्रदेश की महासचिव आशा, दिल्ली के महासचिव मनोज गिरी पंजाब के महासचिव मनदीप सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

## 16 और 18 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल सरकाघाट के सहायक अभियंता राज सिंह पराशर द्वारा जानकारी दी गई कि 33 केवी सब-स्टेशन बरछबाड़ में पावर ट्रांसफार्मर की आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

इस दौरान प्रभावित क्षेत्रों सरकाघाट, गोपालपुर, मोही, मसेरन, टीहरा, ओल्ड व न्यू रिस्सा, धर्मपुर, दबरोग, बेहड़, सरकाघाट, लाका, कराड़ी, पपलोग, नोनू, रोपड़ी, रिस्सा चौक, ब्रारता, बाग, बरछबार, तताहर, नवाही, मोही, गोपालपुर, डली, दारपा, रखोह, भुआनी, कांगूग्लू, टिक्करी, धाड़, जंदरू आदि में इस कारण 16 जनवरी 2025 और 18 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# पांगणा-सुकेत में मनाई लोहड़ी

**लक्की, करसोग**

पांगणा-सुकेत में लोहड़ी का पर्व हर्षो उल्लास का पर्व है। साथ ही लोहड़ी का पर्व शिशिर ऋतु में अग्निदेव के पूजन का पर्व भी है। पांगणा-सुकेत में लोहड़ी से चार-पांच दिन पूर्व महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में चूल्हे की लिपाई की।

लोहड़ी के दिन स्नानादि से निवृत होकर सायंकाल के समय बनाए जाने वाले पकवान की तैयारी मे जुट गई। इस अवसर पर विशेषकर तले बटुरु, उड़द की दाल के भल्ले, गुड़-आटे और शुद्ध घी से बना हलवा तथा पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। इस अवसर पर विशेषकर विवाहित बेटियों-दामाद



व उनके बच्चों को सायंकाल के भोजन पर आमंत्रित किया गया। सायंकाल के समय चूल्हे में अग्नि प्रज्वलित कर सबसे पहले श्रीगणेश, पाजा नामक वृक्ष की टहनी, गंदम या जौ के पत्ते की जल, कुंकुम, द्रुवा, पुष्प, धूप-दीप से पूजा कर फिर इसी विधि से अग्निपूजा कर भोजन तैयार किया गया। तैयार पकवान पहले अग्निदेव को अर्पित किए गए, फिर घर के आंगन में सूखे डंठलों को जलाकर सभी परिवार के सदस्यों ने इसकी पूजा-अर्चना, परिक्रमा कर नृत्य करते हुए सामूहिक लोहड़ी गाई।

आपसी प्यार, भाईचारा रखने की भावना से आस- पड़ोस के परिवार को मूंगफली, रेबड़ी, हलवा और तलुंए बांटकर लोहड़ी की बधाई दी। रात्रिभोज करने से पूर्व पकवान की चूल्हे में जली अग्नि में आहुति देकर सब पकवान नैवेद्य के रूप पूजा कक्ष में स्थापित कुलज व अन्य देवी-देवताओं को अर्पित किए। (अनंत ज्ञान)

## कमलाह-टिहरा मार्ग पर शीघ्र बनेगा पुल

**धर्मपुर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बजट के अभाव में अधर में लटके कमलाह-टिहरा सड़क पर पुल का कार्य फिर से शुरू होगा। पुल के कार्य को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने 5.37 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। वर्तमान में आधा पुल डाला गया है।

2019 में पूर्व मंत्री महेंद्र ने कमलाह-टिहरा की अधूरी सड़क पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से बस को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन करवाया था। तब कुछ समय तक जनता को बस सेवा की सुविधा मिली थी। बरसात में सड़क बह गई। पुल न बनने से सड़क में यातायात बंद हो गया।

# अभिलाषी नर्सिंग की छात्रा ने यूनिवर्सिटी में किया टॉप

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु नर्सो ने अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा ली गई नर्सिंग की परीक्षाओं में अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की दो प्रशिक्षु नर्सों द्वारा एमएससी नर्सिंग 2023 से 25 बैच की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया गया है। जिसमें कोमल शर्मा ने अमरु में प्रथम स्थान हासिल कर टॉप किया है।

वहीं निकिता शर्मा ने दसवां स्थान हासिल किया है। अभिलाषी समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी, डॉ. ललित अभिलाषी, डॉ. नर्वदा अभिलाषी, डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, नीलम, कार्यालय अधिकारी बीआर नायक, प्रधानाचार्य दीपक शांडिल्य, उप प्रधानाचार्य निशा कुमारी तथा अध्यापकों ने बच्चों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर बधाई दी तथा कहा कि बच्चे मेहनत कर अच्छा मुकाम हासिल कर रहे हैं।

अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु नर्सों का परीक्षा परिणाम हर बार अच्छा रहता है। अधिकतर प्रशिक्षु यूनिवर्सिटी में टॉप करते हैं। यह उनके स्वयं व अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है।(अनंत ज्ञान)

# सरकारी ऑपरेशन थियेटर के मेन गेट पर बंदरों का आतंक

**भीम बसेड़ू, महादेव**

राजकीय नागरिक अस्पताल सुंदरनगर के एक बड़े भाग में बंदरों का आतंक व्याप्त है, जिससे मरीजों आदि को परेशानी झेलनी पड़ रही है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर 21 से सटे घनी आबादी के बीच में स्थित पुराने इस अस्पताल जिसकी बड़ी इमारतें एक बड़े विशाल क्षेत्रफल में फैली हैं के यहां उत्पाती बंदरों ने डेरा जमा लिया है।

बता दें कि सुंदरनगर जैसे विशाल शहरी क्षेत्र में जहां बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, वहीं अन्य जंगली जानवर एवं पक्षी आदि खेतों



में पसरकर फसल उजाड़ रहे हैं, वहीं बिगड़ी हालत में वे किसी व्यक्ति को देख मारने को दौड़ रहे हैं। लोगों ने विभाग व उपायुक्त मंडी से गुहार लगाई है कि शीघ्र ही अस्पताल में व्याप्त बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाई जाए।(अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर में लक्ष्मण, भाग चंद व संजीव से सरकार ने खरीदा गोबर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश की सुख की सरकार ने अपनी एक ओर गारंटी को पूरा करते हुए किसानों व पशुपालकों से 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गोबर समृद्धि योजना के तहत गोबर खरीदना प्रारंभ कर दिया है।

प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम के पहले चरण में जहां प्रदेश के 100 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से एक लाख रुपए वितरित किए हैं, तो वहीं इससे जोगिंद्रनगर के सेरी गांव के तीन किसान व पशुपालक लक्ष्मण दास, भाग चंद तथा संजीव कुमार भी लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश सरकार

**देशी खाद वर्मी कंपोस्ट तैयार करने में होगी मददगार**

ने कृषि विभाग के माध्यम से जोगिंद्रनगर के सेरी गांव निवासी लक्ष्मण दास, भाग चंद तथा संजीव कुमार से प्रति किसान क्रमशः चार, साढ़े चार व साढ़े तीन क्विंटल गोबर की खरीद की है तथा उन्हें प्रति क्विंटल 300 रुपए की दर से धनराशि उनके बैंक खातों में प्राप्त हो चुकी है।

इसी तरह जोगिंद्रनगर के सेरी निवासी किसान व पशुपालक भाग चंद ठाकुर से बातचीत की तो उन्होंने भी सरकार द्वारा गोबर खरीद के प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि इससे न केवल उनके जैसे अन्य पशुपालक भी लाभान्वित होंगे, बल्कि खराब होने वाली यह देशी खाद प्राकृतिक व वर्मी कंपोस्ट तैयार करने में मददगार साबित होगी।

उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के माध्यम से उनसे भी सरकार ने साढ़े चार क्विंटल गोबर खरीदा है तथा साढ़े 13 सौ रुपए उनके बैंक खाते में जमा हो चुके हैं। सेरी गांव के ही किसान संजीव कुमार से भी सरकार ने साढ़े तीन क्विंटल गोबर खरीदकर उन्हें एक हजार 50 रुपए प्राप्त हुए हैं।( अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अधिकारी

**विषयवाद** विशेषज्ञ (कृषि) पधर सोनम कुमारी ने बताया कि कृषि विभाग के जोगिंद्रनगर स्थित बीज गुणन फार्म के लिए स्थानीय तीन किसानों व पशुपालकों से सरकार की गोबर समृद्धि योजना के तहत गोबर की खरीद की है। इस योजना से लाभान्वित किसानों को सरकार ने 3 रुपए प्रति किलो की दर से गोबर को खरीदा है तथा धनराशि को सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा किया जा चुका है। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्रदेश सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश जारी किए हैं।

**शिक्षा**

## वालंटियर शिक्षक घर-घर जाकर किसी कारणवस निरक्षर रहे व्यक्ति को साक्षर बनाने में जुटे

# दुर्गम छोटा भंगाल घाटी में अब कोई नहीं रहेगा निरक्षर

**अनंत ज्ञान, बरोट**

केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के चलते समूचे प्रदेश सहित दुर्गम छोटाभंगाल घाटी में अब कोई भी व्यक्ति निरक्षर नहीं रहेगा, क्योंकि एससीईआरटी की तरफ से पूरे प्रदेश में ऐसी मुहिम को आरंभ किया गया है, जिसके चलते गांवों में तैनात वालंटियर शिक्षक गत वर्ष से ही स्वयं घर-घर जाकर अब तक किसी कारणवस निरक्षर रहे हर व्यक्ति को साक्षर बनाने में पूरी तरह जुट गए हैं।

जानकारी के अनुसार वे शिक्षक



बदले में किसी तरह का मासिक वेतन या फिर मानदेय नहीं ले रहे हैं और केवल इसके लिए मास्टर ट्रेनर की ओर से जो ट्रेनिंग दी जा रही है उसके अनुसार ही उनके द्वारा निरक्षर व्यक्तियों को शिक्षित बनाया जा रहा है। बैजनाथ में तैनात मास्टर ट्रेनर राजिंद्र के अनुसार उन्होंने अब तक बैजनाथ ब्लॉक में कई शिक्षकों को प्रशिक्षण दे दिया है तथा कई शिक्षकों को प्रशिक्षण देना अभी शेष है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान शिक्षकों द्वारा 18 से कम और 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हर निरक्षर व्यक्तियों को पढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान उन्हें न केवल बेसिक एजुकेशन दी जाएगी बल्कि अक्षर ज्ञान के साथ उन्हें विभिन्न तरह के स्किल कोर्स भी पढ़ाए जाएंगे, जिसकी शुरूआत सबसे पहले प्रदेश के बिलासपुर जिले से कर दी गई है और अब धीरे -धीरे प्रदेश के लगभग हर जिले में चालू कर गई है।

### वालंटियर शिक्षिका संगीता देवी 20 निरक्षर व्यक्तियों को दे रहीं शिक्षा

**बैजनाथ** ब्लॉक के अंतर्गत आनी वाली छोटाभंगाल घाटी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला नलहौता में इस नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के चलते गत वर्ष से ही तैनात वालंटियर शिक्षिका संगीता देवी ने बताया कि वे अपने क्षेत्र में उनके द्वारा निरक्षर व्यक्ति को शाम पांच बजे के बाद डेढ़ से दो घंटे तक हिंदी वर्णमाला, हिंदी मीडियम, अंग्रेजी मीडियम, गणित, बैकों के फार्म भरना सीखा रही है। उन्होंने बताया कि वे लगभग 20-20 निरक्षर व्यक्तियों को शिक्षा प्रदान करवा रही है, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक है। उन्होंने बताया कि उन्हें विभिन्न प्रकार की शिक्षा मुहैया करवाने के बाद अपने क्षेत्र में कुछ माह के अंतराल के बाद सात से आठ निरक्षकों का प्राथमिक पाठशाला नलहौता में परीक्षा भी ली जा रही है। बैजनाथ में मास्टर ट्रेनर राजिंद्र ने बताया कि छोटाभंगाल घाटी में अब तक 10 वालंटियर शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है शेष रहे शिक्षकों को भी बहुत जल्द तैनात कर दिया जाएगा।

# खिलाड़ियों ने बॉल बैडमिंटन की बारीकियों को समझा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

69वीं जुनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए लड़कों व लड़कियों की जूनियर बॉल बैडमिंटन टीमों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नौबाही देवी सरकाघाट मंडी में नरेंद्र ठाकुर, सुरेश कुमार व नर्वदा देवी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इस शिविर में खिलाड़ियों ने बॉल बैडमिंटन की बारीकियों को समझा और अपनी प्रतिभा को निखारा। कोच नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों ने कैंप के दौरान अपने खेल कौशल को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर खेल की बारीकियों को सिखा।

लड़कों व लड़कियों की दोनों



शिविर के समापन पर खिलाड़ी व आयोजक सामूहिक चित्र में।

टीमें 69वीं जूनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता जोकि नानखेर जिला नागपुर महाराष्ट्र में 17 जनवरी से 21 जनवरी तक होने जा रही है, उसमें हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

वहीं लड़कों की टीम में सर्वश्री करण वर्मा, सुर्यांश, आदित्य चौहान, पीयूष नेगी, सचित शर्मा, काव्यांश, आदित्य जसवाल, सक्षम ठाकुर, यश ठाकुर व आर्यन तथा लड़कियों की टीम में मिस नितिका, ओशिका, अक्शिता, सुनिधि चौहान, कशिश, सोनी व कुसुम कुमारी जैसे प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हैं।

# डीजीपी के आदेश–ऊना में नपे जाएं असामाजिक तत्व

## फिरौती, तस्करी के मामलों की प्रदेशभर में चर्चा, अधिकारियों को कड़ा संज्ञान लेने की हिदायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले में संगीन मामलों की बढ़ती घटनाओं और कई घटनाओं चर्चित होने के बाद डीजीपी यहां पहुंचे हैं। बता दें कि जिले में फिरौती, खनन और मादक पदार्थों की तस्करी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश अतुल वर्मा ने ऊना जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन झलेड़ा में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी खंड अभिषेक दुल्लर, पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने असामाजिक तत्वों पर तुरंत प्रभाव से अंकुश लगाने के आदेश दिए।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों में जिले के कुछ कारोबारियों को फिरौती की एवज में धमकाने के मामले सामने आए हैं। इसमें शिकायतें मिलने से जिला चर्चित हो गया था। जानकारी यह भी मिली थी कि इसमें एक कारोबारी को मारने के लिए पंजाब के एक शूटर ने ऊना में पिस्तौल और कारतूस भी छिपाए।



**पुलिस महानिदेशक से बातचीत के बाद जल्द रणनीति तैयार कर होगी कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक**

हालांकि समय रहते किसी सूचना पर पंजाब पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। अब अचानक पुलिस महानिदेशक का दौरा इसका ही एक कारण माना जा रहा है।

ऊना जिला पंजाब के साथ सटा हुआ है और सुरक्षा की दृष्टि से यह अति संवेदनशील है। यहां पूर्व में भी कई संगीन मामले सामने आ चुके हैं। हाल ही में व्यापारी से फिरौती और पिस्तौल तथा कारतूस छिपाने के साथ साथ शूटर पकड़े जाने के मामले को पुलिस महानिदेशक के ऊना दौरे का अहम कारण माना जा रहा है। इसके अलावा जिले में हेरोइन और अवैध शराब की तस्करी पुलिस कार्रवाई के बावजूद नहीं रुक रही।

वहीं, अवैध खनन को लेकर बनाए नियम और चालान काटना भी नाकाफी साबित हो रहा है। इन्हीं मुद्दों पर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन झलेड़ा में बैठक की। इसमें जिला ऊना में कानून व्यवस्था, यातायात संचालन, खनन और मादक पदार्थों की तस्करी और दड़ा–सट्टा के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति बनाने के लिए निर्देश दिए गए।

पुलिस महानिदेशक ने सीमावर्ती जिला ऊना में बेहतर कानून व्यवस्था और सुचारु यातायात प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने फिरौती की घटनाओं का भी कड़ा संज्ञान लिया और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त आपराधिक तत्वों पर तुरंत प्रभाव से अंकुश लगाने के सख्त आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि जिले में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश अतुल वर्मा के मार्गदर्शन में विचार–विमर्श किया गया, जल्द बेहतर रणनीति तैयार कर उसे लागू किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक पंजाब के एक गैंगस्टर रवि बलाचौरिया ने ऊना के कारोबारी से फिरौती मांगी थी। फिरौती न देने पर गैंग ने उसे जान से मारने की भी धमकी दे रखी थी। शुरुआत में कारोबारी ने भी इसे हल्के में लिया और दूसरी ओर गैंग ने कारोबारी को मारने की योजना तैयार कर ली थी। हत्या के लिए एक पिस्तौल भी ऊना में किसी जगह छिपा दी गई।

इसी बीच पंजाब पुलिस ने जालंधर–पठानकोट रोड पर रायपुर रसूलपुर में होशियारपुर निवासी एक शूटर मनी को गिरफ्तार किया। इससे एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पंजाब पुलिस को मनी ने बताया कि वह गैंगस्टर रवि बलाचौरिया के साथ काम करता है। उसे ऊना के कारोबारी को मारने का काम सौंपा गया था। इसके बाद पंजाब पुलिस की पूछताछ में खुलासा होने के बाद ऊना पुलिस ने रवि बलाचौरिया गैंग और उसकी गैंग के दो शूटर के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया। हालांकि इससे पहले भी कथित तौर पर कुछ अन्य कारोबारियों से फिरौती मांगे जाने के मामले सामने आए। ये मामले प्रदेशभर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। ऐसे मामलों के बाद जिले में व्यापार से जुड़े लोगों में भय का माहौल होना स्वाभाविक है।

# विधायक ने बाबा बाल आश्रम कोटलाकलां में की मकर संक्रांति पर सुख–समृद्धि की अरदास

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पावन पर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कोटलाकलां स्थित श्रद्धेय बाबा बाल आश्रम में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



इस अवसर पर उन्होंने बाबा बाल आश्रम में उपस्थित संतों और महात्माओं से मुलाकात की और उनसे समाज और क्षेत्र के कल्याण के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। बाबा बाल आश्रम कोटलाकलां क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक केंद्र है, जहां हर वर्ष मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने आश्रम में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और वहां उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

विवेक शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति का यह पर्व हमें परस्पर प्रेम, सद्भाव और सेवा का संदेश देता है। इस पवित्र दिन पर मैं बाबा बाल आश्रम में आकर खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। आश्रम की सेवा और संतों का आशीर्वाद क्षेत्र की उन्नति के लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर विधायक ने बाबा बाल आश्रम के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

## मां चिंतपूर्णी में पंद्रह हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ चिंतपूर्णी मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने माता की पावन पिंडी पर शीश नवाया। श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार किया। दर्शन के लिए भक्तों को कुछ समय तक इंतजार भी करना पड़ा। हालांकि, साफ मौसम और अच्छी व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह से माता चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं की चहल–पहल शुरू हो गई थी। सुबह दस बजे के बाद भीड़ बढ़ने लगी और कतारें भी लग गईं। इसमें पंजाब से आए भक्तों की संख्या अधिक रही। शाम पांच बजे तक करीब पंद्रह हजार भक्तों ने माता की पावन पिंडी के दर्शन किए। मंदिर पहुंचे श्रद्धालु अनिल कुमार, प्रवेश और नमन ने बताया कि मकर संक्रांति का दिन बेहद शुभ माना जाता है, इसलिए वे सुबह ही मां के दरबार रवाना हुए। इन लोगों ने कहा कि सुबह कोहरे के कारण अधिकांश लोग मंदिर तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि दर्शन के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई।

# बीडीओ बंगाणा ने अंबेहड़ा पंचायत प्रधान को 9942 रुपए वसूली के दिए आदेश

## बिना अनुमति तोड़े गए रास्ते व डंगे पर जांच रिपोर्ट सौंपने के अधिकारियों को दिए आदेश

**हीना पठानिया, बड़ूही**

अंबेहड़ा पंचायत में महिला प्रधान द्वारा विकास कार्य मे बरती जा रही अनियमियता की खबर के बाद विभाग ने मौके पर पहुंच कर सारा रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया है। मौके पर पहुंचे बीडीओ बंगाणा ने अंबेहड़ा पंचायत के सीमेंट स्टोर को चेक किया तो प्रारंभिक जांच में 45 बोरियां खराब पाई गईं।

27 बोरियां स्टोर में थीं तथा 18 बोरियां प्रधान के घर पाई गई थीं, जिसकी रिकवरी बनाने के आदेश पंचायत इंस्पेक्टर को दिए गए। पंचायत इंस्पेक्टर विजय कुमार ने महिला प्रधान के घर पड़ी 18 बोरियों की जांच कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार को करने को दी थी। पंचायत इंस्पेक्टर ने

**अंबेहड़ा पंचायत में महिला प्रधान पर विकास कार्य में अनियमियता का आरोप**

बताया कि कनिष्ठ अभियंता से मिली जानकारी के मुताबिक महिला प्रधान के घर में पड़े 18 बैग ठीक पाए गए, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने उच्च अधिकारियों को सौंप दी है।

मौके पर पहुंचे बीडीओ बंगाणा ने पंचायत प्रधान द्वारा तोड़े गए रास्ते की डेमेज रिपोर्ट तैयार करने के आदेश कनिष्ठ अभियंता को दिए थे, लेकिन एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी जेई द्वारा को भी रिपार्ट उच्च अधिकारियों को नही सौंपी गई। इस पूरे मामले के बारे में जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया की तोड़े गए रास्ते की पैमाइश कर ली गई है। पंचायत सचिव को इसका रिकॉर्ड निकालने के बारे में कहा गया है।

पंचायत इंस्पेक्टर विजय कुमार का कहना है खराब सीमेंट की डेमेज रिपोर्ट बनाकर बीडीओ बंगाणा को सौंप दी गई है। बीडीओ बंगाणा सुशील शर्मा का कहना है कि पंचायतों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। इसके चलते मंगलवार को अंबेहड़ा पंचायत में खराब हुए सीमेंट की रिकवरी अंबेहड़ा पंचायत प्रधान अंजू कुमारी को 9942 रुपए की बसूली के आदेश पारित कर दिए गए हैं और जल्द से जल्द विभाग को पैसे जमा करवाने के आदेश दे दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## धूमधाम से मनाया पूर्व सशस्त्र सैनिक दिवस



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड ऊना लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने बताया कि जिला कार्यालय परिसर में मंगलवार को नौवां पूर्व सशस्त्र सैनिक दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि यह दिवस हर वर्ष प्रथम फील्ड मार्शल जनरल केएम करियप्पा की स्मृति में 14 जनवरी को मनाया जाता है, वह इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। इस दौरान वीरता पुरस्कार विजेताओं व वीर नारियों को हिमाचली टोपी व शॉल देकर सम्मानित भी किया। इनमें 8 वीर नारियां, माताएं, एक वीर चक्र, दो शौर्य चक्र और विशिष्ट सेवा मेडल शामिल रहे। इसके अलावा उपनिदेशक ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं तथा उनके समाधान और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर विशिष्ट सेवा मेडल कर्नल कुलदीप सिंह, सेना मेडल कर्नल पीएस राजपूत, वीर चक्र आनरेरी कैप्टन सुखदेव सिंह, आनरेरी कैप्टन सुशील कुमार शौर्य चक्र, शौर्य चक्र आनरेरी कैप्टन चरण दास, डीपी विशिष्ट, कर्नल नान चंद, कर्नल केबी शर्मा, कमांडर विजय कुमार, आनरेरी कैप्टन शक्ति सिंह चेयरमेन भूतपूर्व सैनिक लीग उपस्थित रहे।

# राधा–कृष्ण मंदिर कोटलाकलां में फरवरी में होगा सालाना समागम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाबा बाल आश्रम कोटलाकलां में फरवरी में होने वाले सालाना महासम्मेलन महोत्सव में किन्नौरी काष्ठ शैली की झलक दिखेगी, जिसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। आश्रम में महोत्सव के लिए किन्नौर के कारीगर भव्य सिंहासन तैयार करने जा रहे हैं। यह सिंहासन पहाड़ के पेड़ देवदार की लकड़ी से तैयार किया जा रहा है।

आश्रम में किन्नौर के कारीगर करीब अढ़ाई महीने से इस सिंहासन को तैयार कर रहे हैं। पॉलिश कर सिंहासन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बताया गया है कि महोत्सव के दौरान ही राष्ट्रीय संत बाबा बाल सिंहासन का शुभारंभ करेंगे।

इन दिनों राधा–कृष्ण मंदिर कोटलाकलां में सालाना समागम की तैयारियां चल रही हैं। मंदिर में बारह दिन तक यह समागम

**देवदार की लकड़ी से तैयार किया जा रहा सिंहासन**

चलेगा। वहीं, समागम के लिए संत बाबा बाल के दिशा–निर्देशानुसार काष्ठ शैली में सिंहासन तैयार किया जा रहा है। हिमाचल काष्ठ डिपो से ली गई देवदार की लकड़ी से इसे बनाया जा रहा है।

किन्नौरी काष्ठ शैली में इस सिंहासन पर कारीगरों ने मोर के चित्र उकेरे हैं। वहीं, हरे–कृष्णा भी काष्ठ शैली में लिखा गया है। अढ़ाई महीने से तैयार किए जा रहे इस सिंहासन को कारीगर अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। तैयार होने पर सिंहासन के पर भव्य छत्र लगाया जाएगा। इसके अलावा इस कार्यक्रम में भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है।

## मकर संक्रांति पर जगह–जगह लगे भंडारे



**ऊना।** मकर संक्रांति के पर्व पर ऊना में कई जगह भंडारों का आयोजन हुआ। इसके तहत ऊना के मिनी सचिवालय परिसर के समीप अधिवक्ताओं ने गन्ने के रस की खीर और खिचड़ी का लंगर लगाया। इस अवसर पर मनोज राणा, विवेक सहजपाल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## 150 परिवारों ने मंदिर में किया व्रत का उद्यापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मकर संक्रांति पर्व उत्तर भारत के प्रसिद्ध आश्रम डेरा बाबा रुद्रानंद नारी में धूमधाम से मनाया गया। आश्रम में लगभग 150 परिवारों ने भगवान धर्मराज के व्रत का उद्यापन भी किया। जानकारी के मुताबिक महिलाएं एक वर्ष तक 11 व्रत रखने के बाद मकर संक्रांति के दिन व्रत का उद्यापन विधिपूर्वक करती हैं। मान्यता है कि धर्मराज हिंदू धर्म में न्याय के देवता हैं। पांडवों के बड़े भाई युधिष्टिर का दूसरा नाम भी धर्मराज है। यानी युधिष्ठिर खुद धर्मराज का अवतार थे। पंडित श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि स्कंद और भविष्य पुराण के अनुसार जो भी इस व्रत को विधिपूर्वक करता है, उससे यमराज प्रसन्न होते हैं। वह व्यक्ति शिव और विष्णु लोक को प्राप्त होता है। पंडित श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि यह व्रत मोक्ष प्राप्ति के लिए होता है। यदि कोई व्रत रखने के बाद इसका उद्यापन जानकारी के अभाव में नहीं कर पाता तो उसके व्रत निष्फल जाते हैं। उद्यापन के उपरांत श्रद्धालुओं ने आश्रम के अधिष्ठाता सुग्रीवानंद के धूने पर जाकर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

# बढ़वार में महिला वार्ड पंचों ने किया विरोध

## बीडीओ को दिया ज्ञापन; प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सचिव पर मनमानी का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की बढ़वार पंचायत में तीन महिला वार्ड पंचों ने पंचायत में हो रही मनमानी और अनियमितताओं को लेकर प्रधान, उपप्रधान और पंचायत सचिव के खिलाफ आवाज बुलंद की है। इन महिला पंचों का आरोप है कि पंचायत के प्रमुख पदाधिकारी पंचायत के विकास कार्यों और फंड के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरत रहे हैं। इसके अलावा, उनके सुझावों और प्रस्तावों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। बढ़वार पंचायत के महिला वार्ड पंच में शकुंलता देवी, रोशनी देवी, नीलम का कहना है हमने इस मुद्दे को लेकर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपा है और आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने पद से त्यागपत्र देने को मजबूर होंगी। इस विवाद ने पंचायत की कार्यशैली और नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला पंचों ने आरोप लगाया कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। पंचायत में होने वाले अधिकांश फैसले बिना उनके परामर्श और सहमति के लिए जाते हैं।

उनका कहना है कि पंचायत मजदूरी प्रथा को खत्म करके ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू करवाए जा रहे हैं और किसी भी निर्णय या योजना में महिला पंचों को शामिल नहीं किया जाता।

फंड और संसाधनों के उपयोग की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। महिला प्रतिनिधियों के सुझावों और प्रस्तावों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। महिला पंचों ने बताया हमने जनता के कल्याण के लिए चुनाव लड़ा था, लेकिन हमें अपनी भूमिका निभाने का अवसर नहीं दिया जा रहा है।

यह न केवल महिला सशक्तिकरण के खिलाफ है, बल्कि पंचायत प्रणाली की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है। महिला पंचों ने पंचायत की मनमानी को रोकने के लिए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि हमारी बात सुनी जाए और उस पर गौर की जाए।

### महिला वार्ड सदस्यों ने दी त्याग पत्र देने की चेतावनी

महिला पंचों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा दे देंगी। उन्होंने कहा कि हमें पंचायत का हिस्सा बनकर काम करने का मौका नहीं मिल रहा है। अगर यही स्थिति रही, तो हमारे लिए इस पद पर बने रहना व्यर्थ है।

### जांच के दिए हैं आदेश : सुशील

खंड विकास अधिकारी बंगाणा सुशील कुमार ने कहा कि महिला पंचों की शिकायतों को गंभीरता से लिया है और तुरंत जांच के आदेश दिए। बीडीओ ने पंचायत इंस्पेक्टर को मामले की जांच कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि महिला पंचों द्वारा लगाए गए आरोप गंभीर हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि पंचायत में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जांच में आ जाएगी सच्चाई सामने

इस मामले पर प्रधान, उपप्रधान और पंचायत सचिव का कहना है कि महिला पंचों के आरोप बेबुनियाद हैं। उनका दावा है कि सभी कार्य पंचायत के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार किए जा रहे हैं। प्रधान ने कहा कि हम सभी वार्ड पंचों को साथ लेकर काम करने की कोशिश करते हैं। महिला पंचों की शिकायतों की जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी।

## विधायक राकेश कालिया ने किया भूमि पूजन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा गगरेट विधानसभा क्षेत्र में संपर्क मार्ग कलोह ग्राम पंचायत की सड़क का भूमि पूजन गगरेट के विधायक राकेश कालिया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस सड़क निर्माण कार्य पर लगभग अनुमानित राशि 56.23 लाख रुपए मंजूर हुए हैं। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

## तानिया सैनी ने नेशनल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की छात्रा तानिया सैनी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में भाग लिया। तानिया सैनी ने कुराश प्रतियोगिता के 63 किलोग्राम वेट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन किया है, तानिया सैनी ने बताया स्कूल के शारीरिक शिक्षक के अध्यापक संजय कुमार ने उन्हें इस खेल का प्रशिक्षण दिया, जिसकी बदौलत खिलाड़ी इस खेल में गोल्ड मेडल जीतने में सफल हुआ है। गोल्ड मेडल जीतने पर स्कूल के अध्यापकों, प्रिंसिपल और संजय कुमार ने खिलाड़ी को जीत के लिए बधाई दी है।

# प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना से विशेष ट्रेनें होंगी उपलब्ध : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने पर रेल मंत्री एवं भाजपा संसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट किया है। भाजपा नेता भुट्टो ने कहा कि ऊना जिले की जनता की मांग को हमने दिल्ली में भाजपा संसद अनुराग सिंह ठाकुर के पास रखी थी कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए ऊना से सीधी ट्रेनें चलाई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले।



भुट्टो ने कहा कि ये ट्रेनें हिमाचल प्रदेश के ऊना स्टेशन से सीधी प्रयागराज के लिए रवाना होंगी। भुट्टो ने कहा कि 17 जनवरी 20 जनवरी, 25 जनवरी, 9 फरवरी, 15 फरवरी 23 फरवरी को सीधी ट्रेन ऊना से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना होंगी। भुट्टो ने कहा कि इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्नान के लिए सरल और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करना है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान, पूजा–

**जनता की आस्था और मांग को लेकर हमने दिल्ली में सांसद अनुराग ठाकुर से किया था आग्रह**

अर्चना और आध्यात्मिक शांति की खोज में आते हैं। रेलवे ने इन तिथियों को ध्यान में रखते हुए ट्रेन का संचालन सुनिश्चित किया है ताकि भक्त बिना किसी कठिनाई के महाकुंभ का हिस्सा बन सकें।

भुट्टो ने कहा कि टिकटों की बुकिंग पहले से सुनिश्चित करें। यात्रा के दौरान आवश्यक वस्तुओं और दस्तावेजों को साथ रखें। ट्रेन के समय और अन्य जानकारी के लिए रेलवे के आधिकारिक पोर्टल या निकटतम रेलवे स्टेशन से संपर्क कर सकते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान और पूजन का यह विशेष अवसर श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार अनुभव होगा। भुट्टो ने कहा कि जिला ऊना मुख्यालय से सीधा प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेनें चलाने पर केंद्र नेतृत्व का कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार प्रकट करता हूं।

**आर्थिकी** — योजना से किसानों की आय बढ़ाना उद्देश्य, अब तक ऊना जिले के 550 किसान जुड़े

# वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्शन योजना हो रही कारगर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

नाबार्ड द्वारा फाइनेंसिंग करके देश के किसानों की आय बढ़ाना सरकार का उद्देश्य है, जिसके तहत सरकार भिन्न प्रकार की योजनाएं लेकर आती है, ऐसी ही एक योजना 3 वर्ष पहले नाबार्ड के तहत जिले के किसानों के लिए भी लॉन्च हुई थी। इस योजना में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्शन के तहत फार्मर प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन संगठन बनाया गया था। इसके तहत 15 गांवों 550 किसान पंजीकृत हुए थे।

इस संगठन में एक को–ऑर्डिनेटर और एक अकाउंटेंट भी रखा गया है, जिनका काम गांव में स्कीम को जाकर प्रचार–प्रसार करना होता है। इन 550 बने किसान जो के ग्रुप में शामिल हुए हैं। 10 किसानों का एक बोर्ड भी बनाया गया है, जिसके अध्यक्ष ईसपुर निवासी समाज सेवक एवं प्रसिद्ध किसान विशाल पाठक हैं। विशाल पाठक ने बताया छोटे किसानों को उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार बीज खाद इत्यादि सब्सिडी के तहत मिल जाते हैं और जब उनके छोटे किसानों की फसल तैयार होती है, तो उन्हें बेचने में भी दिक्कत नहीं आती है। इस ग्रुप के मुखिया विशाल पाठक हैं, जिन्होंने बताया कि इस परियोजना से छोटे किसानों को शोषण से बचाने के लिए ही एक ग्रुप तैयार किया गया है।



योजना के तहत खेत फसल के लिए तैयार किया गया।

छोटे ग्रुप में मिलकर कंपनी के माध्यम से अपनी आवश्यकता अनुसार खेती का सामान खरीदेंगे और अपनी फसल बेचेंगे तो उन्हें लाभ होगा। उन्होंने बताया कि हरोली तहसील में भदसाली में 40, ईसपुर में 35, पंडोगा मे 50, सिंगा में 40 तथा इस प्रकार अन्य गांवों के किसानों को मिलाकर संख्या 550 बनती है, जो कि इस परियोजना का लाभ उठा रहे हैं।

इस परियोजना के निरीक्षक सुनीता देवी ने बताया कि ऊना जिले में 10 किसानों से यह परियोजना शुरू हुई थी। वर्ष 22 –23 में इसका टर्नओवर एक लाख था, अब जिले मे केवल एक ही योजना सक्रिय है। 23-–24 में इसकी टर्नओवर 50 लाख रुपए और 24–25 में 50 लाख रुपए हो गया है, जिससे किसानों की इनकम में बढ़ोतरी हुई है। विशाल पाठक ने वन जिला वन प्रोडक्शन के तहत आलू की फसल लगभग 200 कनाल में बोई हुई है, जिसके अच्छे परिणाम आने की संभावना है।

## हटली पंचायत के पूर्व उपप्रधान का 101 वर्ष में निधन, शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की हटली पंचायत के गांव हटली सुल्तानू के पूर्व उपप्रधान ठाकुर जैसी राम का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया, जिनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने लंबे समय तक पंचायत में उपप्रधान के रूप में अपनी सेवाएं दीं और समाज के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



ठाकुर जैसी राम की अकस्मात मृत्यु पर भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, विधायक विवेक शर्मा, भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक भुट्टो, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर श्री राम नाटक क्लब हटली के सदस्य सदस्यों, भाजपा मंडल कुटलैहड़ के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, राजेंद्र मलांगड़, मास्टर रमेश शर्मा, मदन राणा, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, कृष्ण पॉल शर्मा, बंगाणा व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सेंटी, प्रभारी विपिन साजन, राजेंद्र रॉयल, हटली के प्रधान स्वर्ण सिंह, उपप्रधान सुरेन्द्र हटली, समाजसेवी रुमेल कुमार, कर्नल धर्मेंद्र पटियाल, तिलक राज बांटा, किशन चंद शाह आदि गणमान्यों ने शोक प्रकट किया है।

# खिचड़ी व कुल्लवी पकवानों की खुशबू से महकी घाटी

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्योहार, लोगों ने लगाई तीर्थ स्थलों में आस्था की डुबकी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू में रविवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह ही लोगों ने जहां ब्रम्हा मुहूर्त में जिले के विभिन्न तीर्थ स्थानों में जहां श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई।

वहीं, उसके बाद अपने घरों में अलग-अलग तरह के कुल्लवी व्यंजनों के अलावा खिचड़ी बनाई और मेहमानबाजी का दौर भी शाम तक जारी रहा। घाटी पहाड़ी व्यंजनों और देसी घी व खिचड़ी की खुशबू से महक उठी। वहीं, जिलेभर के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय कुल्लू के रघुनाथपुर स्थित रघुनाथजी के मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई। दोपहर के समय भगवान रघुनाथजी के पुजारियों ने सबसे पहले रघुनाथजी, सीता माता व भगवान नरसिंह जी को खिचड़ी का भोग लगाया और उसके पश्चात पुजारियों व महंत समुदाय के लोगों ने भी खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर मंदिर में दिनभर भक्तों की भीड़ रही और भजन-कीर्तन का दौर लगातार जारी रहा। रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि हर वर्ष माघ माह के पहले प्रविष्ट मकर संक्रांति के मौके पर रघुनाथ मंदिर में खिचड़ी बनाई जाती है और सबसे पहले भगवान रघुनाथ जी को भोग लगाने के बाद खिचड़ी को प्रसाद के रूप में भक्तों को परोसा जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी परंपरा का बखूबी निर्वहन किया गया और परंपरानुसार पुजारियों व महंत समुदाय के लोगों ने व भक्तों ने प्रसाद चखा। उधर, जिलेभर में लोगों ने एक-दूसरे को जौ की दूब भेंट की और देवी-देवताओं के साथ-साथ बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वहीं, अधिकतर मंदिरों में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से संक्रांति की शुभ बेला में अपने-अपने देवालय लौटे, जबकि कुछेक घाटी के देवता फाल्गुन की संक्रांति को अपने देवालय लौटेंगे। जिले में देवताओं ने गुर के माध्यम से देवी-देवताओं ने भविष्यवाणियां भी की। मकर संक्रांति के दिन कुल्लू के विभिन्न तीर्थ स्थलों वशिष्ठ, मणिकर्ण, ब्यास-पार्वती संगम स्थल जिया भुंतर सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों में श्रद्धालु संक्रांति का स्नान करके पुण्य कमाया। उधर, बंजार में लोग हर वर्ष अलग अंदाज में मकर संक्रांति मनाते हैं। बंजार के कुछ क्षेत्रों में सुबह चार बजे उठकर एक स्थान पर एकत्र होने के पश्चात लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर प्राकृतिक जल स्रोत तक अंधेरे में मशालों के साथ गए और वहां पर प्राकृतिक जल स्रोत में संक्रांति का स्नान किया। इसके अलावा पुरातन गांव मलाणा में माइनस तापमान के बीच लोगों ने माघी साजे के मौके पर नल के पानी में संक्रांति का स्नान कर पुण्य कमाया। जिले का मलाणा गांव अपने ऐतिहासिक रीति-रिवाजों के लिए देश व दुनियाभर में प्रसिद्ध है और यहां पर देव आदेश ही सर्वोपरि माना जाता है। मलाणा पंचायत के प्रधान राजूरामजी व उपप्रधान रामजी ने बताया कि गांव में स्नान के साथ ही सभी घरों में खिचड़ी बनाई गई। वहीं, दोपहर के समय देवस्थल के समीप हर घर से कुछ न कुछ सामान जिसमें बिस्कट, फल आदि सामान एक जगह एकत्र कर बाद में उसे लोगों में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने बताया कि पोष माह से जिले के देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर थे, कुछ देवी-देवता जहां वापस लौट आए हैं, जिससे मकर संक्रांति पर कुछ मंदिरों में पूजा-पाठ व अन्य देव कार्य शुरू हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)







भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह व अन्य पुजारी पूजा-अर्चना करते हुए (दाएं) खिचड़ी देते हुए। प्रसिद्ध लोकगायक इंद्रजीत व उनकी पत्नी मकर संक्रांति के अवसर पर परंपराओं का निर्वहन करते हुए।

### मरीजों व तीमारदारों को देसी घी के साथ दी खिचड़ी

**मकर** संक्रांति के पावन अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अन्नपूर्णा निशुल्क लंगर सेवा में विशेष भोजन का प्रबंध किया गया। इस दौरन मरीजों के तीमारदारों व जरूरतमंद को खिचड़ी, देसी घी व अन्य पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। संस्था के अध्यक्ष विनीत सूद ने बताया कि हर साल मकर संक्रांति व अन्य विशेष समय पर अन्नपूर्णा लंगर में भोजन व्यवस्था की जाती है और इस लंगर सेवा के लिए देवभूमि ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से भी लोग अपना सहयोग देते हैं और माता अन्नपूर्णा की कृपा से तीन समय मरीजों के तीमारदारों व जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए भोजन व्यवस्था की जाती है।

# श्रद्धालुओं ने चंद्रभागा संगम में माइनस 15 डिग्री में लगाई आस्था का डुबकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



प्रदेश के शीत मरुस्थल लाहौल-स्पीति की पट्टन घाटी में नववर्ष के उपलक्ष्य पर उत्तना पर्व धूमधाम से मनाया गया। चंद्रभागा संगम में लोगों ने शून्य से 15 डिग्री नीचे तापमान में आस्था का डुबकी लगाई तथा एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी।

गोशाल के ग्रामीणों जितेंद्र शाशनी ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हाड़ कंपा देनी वाली ठंड में पवित्र चंद्रभागा संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इनका यह स्नान इंटरनेट में खूब वायरल हुआ। मान्यता है कि इस पर्व के बाद लाहौल की विभिन्न घाटियों में शीत ऋतु में मनाए जाने वाले त्योहार शुरू हो जाते हैं। यहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, जनजीवन, भाषा, संस्कृति, परंपराएं, खान-पान, रीति-रिवाज और वेशभूषा हरेक त्योहार को आकर्षक और अनुपम बनाती है, जबकि उत्तना पर्व के दिन घाटी के लोग सत्तू का बना टोटू (स्थानीय व्यंजन) बनाकर अपने-अपने ईष्ट देवताओं को चढ़ाकर पूजा-अर्चना करते हैं। हिंदू बाहुल्य पट्टन घाटी में उत्तना पर्व के बाद सभी देवी-देवताओं के मंदिरों के कपाट तीन महीने के लिए बंद हो गए। अब चैत्र महीना शुरू होने के बाद ही इन मंदिरों के कपाट खुलेंगे। ग्रामीण रणवीर, सुरेश, जगदीश व राजेश ने बताया कि घाटी वासियों ने नव वर्ष (उत्तना पर्व) को धूमधाम से मनाया। इस दौरान घाटी में खुशहाली और समृद्धि की देवी-देवताओं से मंगल कामना की गई। घाटी के मालंग, मेलिग, शांशा, सिस्सू, उदयपुर मारबल, जालमा, त्रिलोकनाथ, गोंधला और सिस्सू में दो माह उत्सवों की धूम रहेगी। घाटी वासी हर्षोल्लास से हालडा, फागली, लोसर तथा योर जैसे उत्सवों को धूमधाम से मनाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 128 महिला मंडल आज माल रोड में करेंगे रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के मालरोड पर बुधवार को वाद्ययंत्रों की थाप पर 128 महिला मंडल महानाटी डालेंगी। बुधवार को वाम तट की महिलाएं, जबकि शनिवार को राइट बैंक के लगभग 150 महिला मंडल रिहर्सल करेंगे। महिला मंडल के सदस्य बुधवार को महिला सशक्तीकरण का संदेश देते हुए नाटी के दौरान पारंपरिक पट्टू, धाठू, गले में चांदी का चंद्रहार, सोने का पातकू, गोखड़ू, बाजूबंद, पाजेब पहनेंगी। वामतट की इन महिलाओं की नाटी का पर्यटक भी आनंद उठा सकेंगे। माल रोड में लोगों और पर्यटकों की भीड़ उमड़ेगी। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए मनाली के माल रोड में आज महानाटी की रिहर्सल की जाएगी। उन्होंने बताया कि विंटर क्वीन प्रतियोगिता को रौचक बनाने के लिए विंटर क्वीन के ऑडिशन चल रहे हैं। बुधवार को चंडीगढ़, जबकि 16 को मंडी व 18 को कुल्लू में ऑडिशन होंगे।

### केलांग से मनाली बस सेवा आज से फिर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग** एचआरटीसी केलांग डिपो तीन दिन बाद केलांग -मनाली और केलांग उदयपुर के बीच बस सेवा शुरू करने जा रहा है। केलांग डिपो के अड्डा प्रभारी प्रकाश ने बताया कि केलांग कुल्लू की तरफ सुबह साढ़े दस बजे और कुल्लू से केलांग के बीच सुबह सवा सात बजे के अलावा मनाली से दोपहर दो बजे केलांग की तरफ बस चलेगी, जबकि केलांग से उदयपुर और उदयपुर से केलांग के बीच सुबह दस बजे बस चलेगी। दोपहर तीन बजे केलांग उदयपुर और उदयपुर-केलांग के बीच बस चलेगी।

### क्यूआर कोड से हाउस टैक्स का हो रहा भुगतान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली की दुर्गम पंचायतों ने नई पहल की है, अब पंचायत घर जाने की बजाए क्यूआर कोड से गृहकर का भुगतान हो रहा है। इसके साथ ही पंचायत का पूरा डेटा एक्सेल शीट पर तैयार कर संपत्ति का क्यूआर कोड से हाउस टैक्स का भुगतान होगा। क्यूआर कोड की सुविधा से 9



गुना बढ़ा हाउस टैक्स सचिव की बनाई एक्सेल शीट पर सारा लेखा-जोखा मिलेगा। विकास खंड नग्गर की पंचायत दवाड़ा में डिजीटलकरण की दिशा में एक नई पहल शुरू की गई है। लोग अपने अधिकतर कार्य पंचायत घर जाने की बजाए कंप्यूटर व मोबाइल के माध्यम से कर रहे हैं। सिर्फ ग्राम सभा जैसे जरूरी कामों को लिए ही व्यक्तिगत तौर पर जा रहे हैं, जहां व्यक्तिगत जाना जरूरी हो। लोग गृह कर जमा करवाने के लिए पंचायत घर जाने के बजाए ऑनलाइन जमा कर रहे हैं। लोगों को पंचायत स्तर की जानकारी भी बिना देरी के मिल रही है। दुआड़ा पंचायत के सचिव हीरा लाल ने पंचायत खाते का बाकायदा एक क्यूआर कोड तैयार किया है। इस क्यूआर कोड को ग्रामीणों के परिवारों को व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर उसमें सेंड कर दिया है। इस क्यूआर कोड के चलते ग्रामीणों को काफी सहूलियत हो गई है। लिहाजा लोग गृह कर भी क्यूआर कोड को स्कैन कर मोबाईल के माध्यम से कर रहे हैं, पहले जहां कई बार समय की कमी होने के चलते ग्रामीण गृहकर जमा नहीं कर पाते थे, लेकिन अब मोबाइल में क्यूआर कोड स्कैन करते ही गृहकर जमा करना चुटकियों में हो रहा है। डिजीटल इंडिया के तहत क्यूआरकोड जैसी आधुनिकतम तकनीकी सुविधा मिलने से दुआड़ा पंचायत के गृहकर की कुल राशि पिछले बार के मुकाबले 9 गुना बढ़ गई है। वहीं, दुआड़ा सचिव हीरालाल ने तकनीक के मामले में एक कदम ओर बढ़ते हुए सारी पंचायत का डेटा एक एक्सेल शीट में लोड कर दिया है, जहां से कोई भी कभी भी मात्र एक क्लिक से सारा लेखा-जोखा देख सकता है।

### आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन से पात्र लाभार्थियों का होगा नया सर्वेक्षण : डीसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस-2024 के सर्वे के लिए मोबाइल एप्लीकेशन को सरकार ने लांच किया है। उन्होंने बताया कि अब इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में 31 मार्च तक पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए लाभार्थी स्वयं भी सर्वेक्षण कर आवेदन कर सकेंगे। सर्वे आनलाइन व ऑफलाइन दोनों स्तरों पर किए जा सकते हैं, जिसमें पूरे परिवार का डाटा दर्ज किया जाएगा तथा इसके साथ ही घर को जियो टैग भी किया जाएगा। सरकार द्वारा इस सर्वेक्षण के लिए पंचायत स्तर पर पूर्व में सर्वेक्षक भी नामित व पंजीकृत किए जा चुके हैं, जो कि पात्र लाभार्थीयों का घर जाकर इस मोबाइल एप्लीकेशन से चेहरा प्रमाणीकरण आधार ई-केवाईसी के माध्यम से सर्वे करेंगे। इस सर्वे के आधार पर ही पात्र लाभार्थियों को आगामी वर्षों में आवास स्वीकृत किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों अनुसार जिन लोगों के पास तिपहिया या चौपहिया वाहन, किसान क्रेडिट कार्ड 50 हजार या इससे अधिक का हो, जिनके घर का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में हो, परिवार की मासिक आय 15 हजार से अधिक हो या अढ़ाई एकड़ व इससे ज्यादा सिंचित भूमी हो, पांच एकड़ से अधिक असिंचित भूमी हो आदि इस सर्वेक्षण के लिए पात्र नहीं होंगे।

### पात्र लाभार्थियों को ही किए जाएंगे आवास स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू।** उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण कुल्लू जयवंती ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस के सर्वे के लिए मोबाइल एप्लीकेशन को केंद्र सरकार द्वारा लांच कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल एप्लीकेशन से कुल्लू जिला सहित हिमाचल प्रदेश में 1 मार्च तक पात्र लाभार्थियों के सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए लाभार्थी स्वयं भी सर्वेक्षण कर आवेदन कर सकेंगे। जयवंती ने बताया कि सर्वे आनलाइन व आफलाईन दोनों स्तरों पर किया जा सकता है, जिसमें पूरे परिवार का विवरण दर्ज किया जाएगा तथा इसके साथ ही घर को भी जियो टैग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षक भी नामित व पंजीकृत किए जा चुके हैं, जो पात्र लाभार्थियों के घर जाकर इस मोबाइल एप्लीकेशन से चेहरा प्रमाणीकरण के साथ आधार ई-केवाईसी के माध्यम से सर्वे करेंगे। इस सर्वे के आधार पर ही पात्र लाभार्थियों को आगामी वर्षों में आवास स्वीकृत किए जाएंगे।

# आनी में मंदिरों के कपाट एक माह के लिए बंद मकर संक्रांति पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी क्षेत्र सहित साथ लगते चबासी क्षेत्र के देवालयों में मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व की खूब धूम रही।

आनी कुल्लू के प्रसिद्ध शमशरी महादेव मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर ग्रामीण इलाके में लोगों ने प्रात: ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर विधिवत पूजा-पाठ व हवन आदि किए और परिवार सहित संबंधियों को जौ व पाजे की डाली भेंटकर मकर संक्रांति की बधाई दी। इस दिन घरों में माश व चावल की खिचड़ी बनाई गई, जिसका देसी घी के साथ लोगों ने खूब जायका लिया।

इस पर्व पर विशेष रूप से बनी घी, खिचड़ी की खुश्बू से घाटी खूब महकी। पर्व पर आनी के देवालय शमशरी महादेव, बैहनी महादेव कुसुंबा भवानी, देहुरी दुर्गा, बैहनी महादेव तथा मां बाडी दुर्गा सहित विभिन्न देवालयों में माघा साजा की खूब धूम रही। मंदिरों में अपने ईष्ट देवताओं के दर्शन को भक्तों का भारी जनसैलाव उमड़ा। मंदिरों में देव दरबार झाड़े का आयोजन भी किया गया, जिसमें देवता के शक्ति अंश गुर ने खेल में आकर लोगों के कष्टों का चावल के दानों के रूप में निवारण किया। पर्व के मौके पर कई मंदिरों में भक्तों के लिए प्रशाद के रूप में खिचड़ी भी बांटी गई।

# आराध्य देवों के कपाट बंद, चारों और छाई शांति

## 42 दिन बाद स्वर्ग प्रवास से लौटने पर होगा जश्न, सालभर की होगी भविष्यवाणी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जिला कुल्लू के लोग आज भी अपनी सदियों पुरानी परंपराओं और देव आदेशों का बखूबी निर्वहन करते हैं। देव आदेशों की पालना करना यहां के लोगों के लिए सर्वोपरि है।

देव अनुकंपा से ही यहां के समस्त गांवों की सत्ता चलती है। देव अनुकंपा का साक्षात उदाहरण रविवार को मनाली के ऐतिहासिक गांव गोशाल में देखने को मिला। घाटी के नौ गांवों के लोग हर साल की तरह इस साल भी मकर संक्रांति के दिन देव आदेशों में बंध गए हैं। सूचना क्रांति के इस युग में यहां के लोगों की देव आस्था के बारे में जानकर सभी हैरान हो जाएंगे, अब 42 दिनों तक ऐतिहासिक गांव गोशाल में टीवी व रेडियो के बटन स्विच ऑफ हो गए हैं। टीवी, रेडियो सहित मनोरंजन के सभी साधनों को ग्रामीणों ने देव आदेश के चलते अपने से दूर कर दिया है, जिसके चलते अब मनाली के एतिहासिक गांव गोशाल में 42 दिनों तक सन्नाटा छा गया है। उझी घाटी के नौ गांव जिनमें गोशाल, कोठी, सोलंग, पलचान, रुआड़, कुलंग, शनाग, बुरुआ व मजाझ गांव में आराध्यदेवों के कपाट बंद होते ही घाटी देव आदेश में बंध गई। मान्यता अनुसार मकर संक्रांति के मौके ओर गोशाल के आराध्यदेव गौतम-व्यास ऋषि और कंचन नाग देवता विधि पूर्वक स्वर्ग प्रवास के लिए चले गए। इस दौरान देवता तपस्या में लीन रहेंगे, जिसके चलते मंदिर के प्रांगण सहित गांव का माहौल शांत रहेगा।




### 26 फरवरी तक नहीं होंगे आयोजन

**अब** ग्रामीण 26 फरवरी तक किसी भी उत्सव का आयोजन नहीं करेंगे न ही खेत-खलियानों में काम करेंगे। देवता के पुजारी ने बताया कि विधि पूर्वक देवता के देवालय बंद कर दिए गए और मृदा लेप भी विधि पूर्वक लगाई गई। आज से 42 दिन बाद मृदा लेप हटाई जाएगी और देव कार्यक्रम में देवता साल भर की भविष्यवाणी से अवगत करवाएंगे।

### कार्तिक स्वामी के कपाट भी बंद

**भगवान** कार्तिकेय स्वामी सिमसा के कपाट भी बंद हो गए हैं। इस बीच पांच गांव सिमसा, कन्याल, छियाल, मढ़ी, रांगडी में किसी भी तरह का शोर, ऊंची आवाज में गाना, बजाना व मिट्टी खुदाइ पर प्रतिबंध रहेगा। मंदिर कमेटी सिमसा व कारदार कार्तिक स्वामी सिमसा ने सभी ग्रामीणों से देव आदेश के पालन करने का आग्रह किया है। कमेटी के सदस्य रोशन ठाकुर ने बताया कि 14 फरवरी को मंदिर के कपाट खुलने पर फागली का आयोजन होगा।

# पीएचसी भवन का उद्घाटन न होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंजार**



थाटीबीड़ पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नव निर्मित भवन के निर्माण को पूरा हुए डेढ़ वर्ष हो चुका है। डेढ़ वर्ष पूर्व तैयार हो चुके इस भवन का वर्तमान कांग्रेस सरकार उद्घाटन तक नहीं कर पा रही है। सरकार बनने के दो वर्षों से अब तक सरकार के नुमाइंदे मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र में एक दौरा तक तय नहीं कर पाए हैं और आज आलम यह है कि दो वर्षों से कई भवन व योजनाएं उद्घाटन की राह देख रही हैं।

मंगलवार को थाटीबीड़ की जनता के साथ सरकार की इस नीति के विरुद्ध बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया गया। पूर्व की जयराम सरकार ने पलदी घाटी की जनता की सुविधा के लिए पीएचसी के भवन निर्माण के लिए 1.5 करोड़ की राशि स्वीकृत की थी, जिसका निर्माण भी पूर्व सरकार में 90 प्रतिशत पूरा हो चुका था। आज कांग्रेस सरकार बंजार विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी कर रही है व बने बनाए भवनों का उद्घाटन करने में भी असमर्थ साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मांगों पर संज्ञान लेगी व विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए आवशयक कदम उठाएगी।

# एकलव्य मॉडल विद्यालय की चयन परीक्षा 2 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** प्रिंसिपल एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुक्कूम सेरी लाहौल राजीव कुमार ने बताया कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की चयन परीक्षा मार्च में आयोजित की जाएगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की कक्षा-6वीं में केवल अनुसूचित जनजाति के छात्रों के प्रवेश के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा मार्च-2025 में आयोजित करने जा रहा है। दिसंबर-2024 व मार्च-2025 में 5वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले बच्चे या 2024-25 के सत्र में उत्तीर्ण उम्मीदवार जो अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर विवरणिका-सह-निर्देश उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी 3 फरवरी, रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह सुविधा 9 जनवरी से ही आरंभ कर दी गई है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए उम्मीदवारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। 4 फरवरी से 6 फरवरी रात 11:59 बजे तक विवरण में ऑनलाइन सुधार किया जा सकता है तथा इस तिथि के बाद किसी भी विवरण में सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा 2 मार्च रविवार के दिन आयोजित की जाएगी तथा एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षा से 4 दिन पहले से उपलब्ध होंगे।

# कबड्डी में महिला वर्ग में कुल्लू व पुरुष में छेती की टीम विजेता



**अनंत ज्ञान, मनाली**

महिला वर्ग में कुल्लू व पुरुष वर्ग में छेती की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता जीती। एबीवीपी हरिपुर इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में कुल्लू की टीम ने कटराईं को, जबकि पुरुष वर्ग में छेती की टीम ने हिमरी की टीम को हराया।

पुरुष वर्ग में बेस्ट डिफेंडर राहुल और बेस्ट रेडर अर्जुन रहे, जबकि महिला वर्ग में बेस्ट डिफेंडर अनीता और बेस्ट रेडर निकिता रही। सोयल पंचायत के प्रधान अमर चंद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे, जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला संयोजक सारांश उपस्थित रहे। प्रधान अमर चंद ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानीत किया और युवा दिवस की बधाई दी। प्रधान ने खिलाड़ियों के साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था, उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। विवेकानंद जी युवाओं को आशा और उम्मीद से देखते थे और युवा पीढ़ी को परिवर्तन का अग्रदूत मानते थे।

**आयोजन** विधायक ने आइस हॉकी एसोसिएशन स्पीति को दिए एक लाख रुपए, 1.50 करोड़ से स्टेडियम का किया जा रहा निर्माण

# अनुराधा राणा ने काजा में किया आइस हॉकी कप का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने काजा स्थित आईस स्केटिंग रिंग में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय आइस हॉकी स्पीति कप प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति के काजा खंड में आईस स्केटिंग गतिविधियां पिछले 5 सालों से आयोजित की जा रही हैं और पिछले वर्ष से तो यहां पर आइस हॉकी स्पीति कप प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्पीति घाटी के तोंद, सेंटर, शाम तथा पिन चारों जोनों से महिला व पुरुष खिलाड़ियों के अलावा अंडर-18 ब्वॉयज खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्पीडस स्केटिंग के अंतर्गत अंडर 8, 12 व 16 आयु वर्ग के बच्चे भी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और इसमें से जो बच्चे चयनित होंगे। उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन से युवाओं का रुझान इस खेल के प्रति बढ़ेगा तथा जिले के युवाओं को विभिन्न आइस स्केटिंग खेलों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति के बच्चों ने आईस हॉकी के साथ-साथ अन्य खेल गतिविधियों में भाग लेकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के साहसिक खेल गतिविधियों से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास कर रही है तथा जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्टेडियमों के निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा रही है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए काजा में भी 1.50 करोड़ रुपए की राशि व्यय कर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिले के अन्य स्थानों पर भी स्टेडियम विकसित करेंगे और इन स्टेडियमों के तैयार होने पर यहां के बच्चों को इसका फायदा मिलेगा।





### पैक ड्रॉप सेरेमनी का किया शुभारंभ

**विधायक** ने इस अवसर पर आइस हॉकी एसोसिएशन स्पीति को एक लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इससे पहले भी विधायक ने एसोसिएशन को आइस हॉकी के सहायक उपकरणों के लिए 6 लाख की राशि प्रदान की है। इसके अलावा उन्होंने सेंटर जोन काजा व तोद जोन क्याटो को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति करने के लिए 10-10 हजार रुपए की राशि प्रदान की। मुख्यातिथि ने पैक ड्रॉप सेरेमनी का शुभारंभ किया तथा सेंटर जोन और श्याम जोन महिला वर्ग के बीच आयोजित आइस हॉकी प्रतियोगिता का आनंद लिया। इससे पूर्व कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें बुद्ध भगवान की प्रतिमा, शाल व थंका भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने आइस हॉकी स्पीति कप प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रशासन एवं आइस हॉकी एसोसिएशन स्पीति की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# आंजी, रबोन में फुटओवर ब्रिज का इंतजार

आर मोहन चौहान, सोलन

जिला मुख्यालय सोलन से होकर गुजर रहे फोरलेन के आंजी, रबोन, बाईपास सब्जी और सब्जी मंडी में लोगों को फुटओवर ब्रिज बनने का इंतजार है। यहां एनएचएआई ने फुट ब्रिज बनाने की तैयार तो की है पर जमीनी विवादों के कारण यह अधर में है। उपरोक्त सभी जगहों पर हमेशा भीड़-भाड़ रहती है। ऐसे में लोगों को बार-बार सड़क क्रॉस करने में जोखिम उठाना पड़ता है। खासकर बाईपास स्थित दो निजी स्कूलों के बच्चों का फोरलेन को क्रॉस करना जोखिम भरा हो चुका है। इसी तरह सब्जी मंडी में सड़क क्रॉस करना चुनौतीपूर्ण रहता है।

बाईपास स्थित एमआरए डीएवी और गुरुकुल स्कूल में निजी पार्किंग नहीं होने से फोरलेन के किनारे ही बच्चों को उतारा और चढ़ाया जाता है। साथ ही सड़क क्रॉस करने के लिए भी लंबा चक्कर काटना पड़ता है। ऐसे में यहां हमेशा वाहन दुर्घटना का अंदेशा रहता है, अब प्रशासन ने यहां पर जमीनी विवाद हल करने का प्रयास किया है। इसके बाद ही एनएचएआई फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू कर पाएगा। (अनंत ज्ञान)





सोलन बाईपास में फोरलेन किनारे पार्क स्कूली वाहन (दाएं) सोलन के कंडाघाट में बना फुटओवर ब्रिज।

नेशनल हाईवे-5 में धर्मपुर, ब्रुरी, सलोगड़ा और कंडाघाट में फुटओवर ब्रिज निर्माण हो चुका है। बाकी जगहों पर भी जरूरत के हिसाब से फुटओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा।
**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई।**

## ब्रुरी और सलोगड़ा में फुटओवर ब्रिज बनने से राहत

नेशनल हाईवे-5 के ब्रुरी, सलोगड़ा और कंडाघाट में अब स्थानीय लोगों को सड़क क्रॉस करने में जान जोखिम में नहीं डालनी पड़ेगी। यहां पर लगभग फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो चुका है। इससे पहले सलोगड़ा और कंडाघाट में फुटओवर ब्रिज बन चुके हैं। इससे लोगों को अब सड़क क्रॉस करना सुरक्षित होगा। वहीं, शहर के कई हिस्से अभी ऐसे हैं, जहां फुटओवर ब्रिज बनना बाकी है। शहर से होकर गुजरते फोरलेन के रबोन, आंजी, सपरून और सब्जी मंडी में भी फुटओवर ब्रिज की मांग है। इन क्षेत्रों में लोगों की खासी भीड़ रहती है, जिन्हें रोज क्रॉस करनी पड़ती है। फोरलेन बनने से सड़क पर वाहन बढ़े हैं।

## फोरलेन पर सड़क क्रॉस करना जोखिम भरा

परवाणू से कैथलीघाट तक फोरलेन में दर्जनों ऐसे छोटे शहर और कस्बे हैं, जहां लोगों को जान जोखिम में डाल कर सड़क क्रॉस करने पड़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए एनएचएआई ने प्रभावित जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाना शुरू किया है। इसमें मुख्यता सलोगड़ा और कंडाघाट के नजदीक फुटओवर ब्रिज बन चुके हैं। फुटओवर ब्रिज बनते ही स्थानीय लोगों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को पैदल चलने की सुरक्षित सुविधा मिलेगी। सलोगड़ा और कंडाघाट सड़क के दोनों तरफ बसा है। ऐसे में लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार सड़क क्रॉस करनी पड़ती है। वाहनों की रेलमपेल के बीच से क्रॉस करने में कई मिनट का इंतजार करना पड़ता है।

## 11 फुटओवर ब्रिज बनेंगे

हाईवे में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों को सड़क क्रॉस करने में दिक्कत न हो इसके लिए एनएचएआई द्वारा परवाणू से कंडाघाट के बीच 11 फुटओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। इसमें मुख्यता जाबली, धर्मपुर, आंजी, रबोन, सपरून बाईपास, कथेड़, ब्रुरी, सलोगड़ा और कंडाघाट ऐसी जगह हैं, जहां लोगों को फोरलेन बनने के बाद सड़क क्रॉस करना जोखिम भरा हो चुका है। इससे दुर्घटनाएं भी होने लगी हैं, जिसके निर्माण में करीब 8.50 करोड़ खर्च आएगा। फुटओवर ब्रिज बनने से स्थानीय लोगों को जोखिम लेकर सड़क क्रॉस नहीं करनी पड़ेगी। अन्य जगहों पर भी जल्द फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग है। एनएचएआई ने 6 महीने के भीतर काम को पूरा करने का टारगेट भी रखा गया है। ऐसे में जब इन सभी फुटओवर ब्रिज का काम खत्म होगा, तो इससे लोगों को सीधा फायदा होगा।

## माइनस 23 डिग्री में दिहाड़ी मजदूर कर रहे काम, बीआरओ नहीं दे रहा सुविधाएं : बिहारी



अनिल नेगी, रिकांगपिओ

किन्नौर के चीन सीमांत कौरिक में बर्फबारी के बाद तापमान माइनस 23 से लेकर 40 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर रहा है।

इस बीच बीआरओ के अंतर्गत रखे गए दिहाड़ी मजदूर ठंड में ठिठुर कर काम करने को मजबूर हैं और जान-जोखिम में डालकर बीआरओ का काम कर रहे हैं। यह बात इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल सेवगी ने रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिले के अंदर कौरिक, मलिंग नाला, पोवारी से लेकर चीन सीमांत क्षेत्रों की ओर जाने वाले अन्य सड़क की मेंटिनेंस, नई सड़कों के निर्माण कार्य में सबसे अधिक योगदान अगर है, तो वह दिहाड़ी मजदूरों का है, जिनके लिए बीआरओ की ओर से कोई नियम व कायदे नहीं बने हैं और दिहाड़ी मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीआरओ में काम कर रहे हजारों की संख्या में दिहाड़ी मजदूरों को माइनस तापमान में बिना बुनियादी सुविधाओं के काम करना पड़ रहा है, जिसमें जैकेट, जुराब, टोपी व रहने के लिए प्रिफेब्रिक घर व सर्दियों में ठंड से बचाव के लिए केरोहीटर, केरोसिन व ईंधन भी नहीं दिया गया है, जिस कारण दिहाड़ी मजदूर ठंड में ठिठुर कर स्वयं निर्मित पत्थरों के कच्चे मकानों में रहकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन बीआरओ के अधिकारी इस विषय को लेकर बेसुध हैं। उन्होंने कहा कि बीआरओ के दिहाड़ी मजदूरों की इन सभी समस्याओं को लेकर इंटक के पदाधिकारियों के एक दल ने कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी से भी मुलाकात की व मंत्री ने बीआरओ के दीपक प्रोजेक्ट के इंजिनियर इन चीफ को इस विषय पर गंभीर होने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## पिकअप की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत

अनंत ज्ञान, सोलन। पुलिस थाना सायरी के तहत पिकअप की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रोशन लाल निवासी गांव मंझयारी, जिला सोलन ने बताया कि 12 जनवरी को यह अपनी गाड़ी में प्रातः जब सायरी की तरफ से कुनिहार जा रहा था, तो इसके आगे एक पिकअप, जिसका नंबर एचपी 93 2496 कुनिहार की तरफ जा रही थी, जब यह बालग घाटी से करीब 100 मीटर पीछे पहुंचे, तो कुनिहार की तरफ से एक स्कूटी एचपी-13-4640 जिसे कुनाल पुत्र कृष्ण चंद गांव बकेसु डा. डयावला, जिला सोलन सायरी की तरफ आ रहा था उसको इससे आगे चल रही पिकअप के चालक ने तेज रफ्तारी व लापरवाही के साथ गाड़ी चलाते हुए कुनाल को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चालक सड़क पर गिर गया, जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से गाड़ी में डालकर सीएचसी सायरी ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने कुनाल को मृत घोषित कर दिया। उपरोक्त पिकअप चालक मौके से स्कूटर मारने के बाद भाग गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना सायरी में मामला दर्ज किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रेणुका झील में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

अनंत ज्ञान, नाहन। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध रेणुका झील में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ स्नान किया। इस धार्मिक आयोजन में रेणुका विकास बोर्ड की ओर से हवन और यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार विशेषतिथि के रूप में शामिल हुए।

### नौणी और बरिता एग्रीबिजनेस में हुआ एमओयू

अनंत ज्ञान, सोलन। विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी ने कार्बोनेटेड मसालेदार रेडी-टू-सर्व (आरटीएस) सेब पेय से संबंधित प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए एक निजी कृषि व्यवसाय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। परियोजना के तहत खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित तकनीक को ऊना स्थित बरिता एग्रीबिजनेस प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस दिया जाएगा। समझौते पर आधिकारिक तौर पर नौणी विवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान और बरिता एग्रीबिजनेस के मालिक ब्रजेश शर्मा ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में हस्ताक्षर किए।

### अग्नि प्रभावित दुकानदार को व्यापार मंडल ने की 53,500 रुपए की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, राजगढ़। राजगढ़ के खेरी रोड पर 21 दिसंबर को दीपक कुमार की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। मंगलवार को व्यापार मंडल राजगढ़ ने दीपक कुमार की आर्थिक रूप से सहायता की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिओम खेड़ा ने बताया कि राजगढ़ व्यापार मंडल ने दीपक कुमार जिनकी खेरी रोड डेली नीड की दुकान में शॉर्ट सर्किट से कुछ समय पहले आग लगी थी, उसके लिए 53,500 रुपए की राशि दी। उन्होंने सभी व्यापारी भाइयों का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह राशि एकत्रित हुई है।




अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। अर्की कल्याण संस्था द्वारा आयोजित बाघल क्रिकेट कप में दाड़ला धार टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। इस मैच में विजेता टीम ने कुल 51 रन बनाए, जबकि दाड़ला धार की टीम 47 रन ही बना सकी।

### पुराने ब्वॉयज स्कूल का खेल मैदान आया फोरलेन की जद में

अनंत ज्ञान, बीबीएन। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर नालागढ़ का नाम चमकाने वाले खिलाड़ियों को आज एक अदद खेल मैदान की दरकार है। नालागढ़ के खिलाड़ी आज खेल मैदान के लिए तरस गए हैं। यहां पर एकमात्र पुराने ब्वॉयज स्कूल का खेल मैदान ही प्रैक्टिस के लिए बचा हुआ था, जिसका अब काफी ज्यादा हिस्सा फोरलेन की जद में आ रहा है, जबकि इसके साथ ही तालाब बना हुआ है और इस स्थल को अब घूमने-फिरने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। हालांकि फोरलेन की जद में आ रहे ग्राउंड को पार्किंग व कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है, लेकिन अब इस स्थल को आयोजनों के लिए प्रयोग नहीं हो सकेगा। इसके अतिरिक्त एक और खेल मैदान मिस्त्री ग्राउंड था, जहां खिलाड़ी अभ्यास करते थे, लेकिन वहां पर भी अब नया बस अड्डा बन गया है और इस जगह पर बस अड्डे का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में अब अभ्यास के लिए खुला मैदान न होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने में भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश की प्रमुख औद्योगिक नगर बीबीएन के नालागढ़ में मैदान की कमी खल रही है। खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए खेल मैदान के साथ अन्य कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए कोई भी मैदान नहीं बचा है। नालागढ़ क्षेत्र के खिलाड़ियों ने इस क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाया है। खेलों में इस क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। हालांकि क्षेत्र में स्पोर्ट्स अकादमी भी चल रही है, लेकिन खेल मैदान के अभाव में बच्चे प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि यहां खेल मैदान नहीं बचा है। यदि मैदान ही नहीं होगा, तो बच्चे प्रैक्टिस कैसे कर पाएंगे। नालागढ़-बद्दी फोरलेन का कार्य पिछले करीब 2 वर्षों से चला हुआ है। फोरलेन की जद में आने वाली क्षेत्र की कई जमीनों का अधिग्रहण किया गया है। शहर के मध्य स्थित ओल्ड ब्वॉयज स्कूल के मैदान का अधिकांश हिस्सा फोरलेन में आ रहा है। ऐसे में शहर का एकमात्र बचा मैदान भी खत्म हो जाएगा, जिससे यहां होने वाले कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थल नहीं रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के भू-अधिग्रहण अधिकारी सुभाष चंद सकलानी ने बताया कि पुराने ब्वॉयज स्कूल के मैदान का काफी हिस्सा फोरलेन में आ रहा है। नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने कहा कि क्षेत्र में खेल मैदान के लिए जगह तलाशी जा रही है, ताकि खेल अभ्यास के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हो सके। प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और यहां खेल मैदान के लिए जगह चयनित कर मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

### मकर संक्रांति महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



अनंत ज्ञान, बीबीएन। स्वस्तिक गौतम सिक्का चौक स्थित माधव बस्ती न्यू टाउन में लोहड़ी मकर संक्रांति का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पंडित राजीव, युवा नेता मान सिंह जुड़ी, सोसायटी अध्यक्ष शांति स्वरूप ने लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में विशिष्टातिथि पूर्व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गौतम, रिटायर्ड डीएसपी सुभाष शर्मा, संजीव प्रभाकर उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि लोहड़ी का पर्व फसलों की खुशी और नई ऊर्जा का प्रतीक है। यह हमारे समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

## मकर संक्रांति पर दही, खिचड़ी का दिया प्रसाद



सोलन के वार्ड-9 में मकर संक्रांति पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण करते भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर सोलन माल रोड सहित जगह-जगह दही, खिचड़ी का प्रसाद आम जन को वितरित किया। व्यापारियों ने सभी प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई दी व विधिवत पूजा के बाद खिचड़ी, दही का प्रसाद वितरित किया। व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान मुकेश गुप्ता ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मकर संक्रांति का विशेष महत्व है।



अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर के मुख्यालय नाहन में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कालीस्थान तालाब के पास स्थित हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जो इस दिन का विशेष महत्व रखता है।

शास्त्रों के अनुसार आज से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। इसलिए मकर संक्रांति को सूर्य संक्रांति के साथ-साथ खिचड़ी संक्रांति भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि चावल को चंद्रमा, हल्दी को बृहस्पति, नमक को शुक्र, हरी सब्जियों को बुद्ध का प्रतीक माना जाता है। इस तरह की खिचड़ी खाने से सभी ग्रह मजबूत होते हैं, ऐसी मान्यता है कि नए अन्न की खिचड़ी खाने से शरीर पूरा साल आरोग्य रहता है। खिचड़ी एक बहुत पौष्टिक आहार है इसका वर्णन आयुर्वेद में भी किया गया है इसलिए मकर संक्रांति पर खिचड़ी खाना, खिलाना और खिचड़ी का सामान दान देने का विशेष महत्व है।

## हरसंग धार को पर्यटन की दृष्टि से किया जाएगा विकसित : अवस्थी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सेवड़ा चंडी के ऐतिहासिक पौराणिक स्थल हरसंग धार के हरसंग देवता के मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

उन्होंने देवता के मंदिर में शीश नवाया और हरसंग मंदिर की कमेटी के सलाहकार बाबूराम शर्मा और कान्ह चंद द्वारा शाल टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। संजय अवस्थी ने कहा कि मेले और पौराणिक देव परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखना हम सब नागरिकों का कर्तव्य है। हरसंग धार पर्यटन की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसके विकास के लिए हिमाचल पर्यटन विभाग ने साढ़े सोलह लाख रुपए की राशि जारी की है। संजय अवस्थी ने हरसंग मंदिर की सराय की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की और पकौटी से भनालग तक की सड़क की औपचारिकता पूरी करने पर पूरा बजट देने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्थानीय जनता की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समाधान के लिए आदेश जारी किए। इस अवसर पर बाघल लैंड लूजर सोसायटी के प्रधान जगदीश ठाकुर, सभा उपप्रधान ऋषिराज गांधी, पंचायत सेवड़ा चंडी के उपप्रधान तुलसीराम, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष रोशन ठाकुर, सेवड़ा चंडी के पूर्व उपप्रधान जय शर्मा, कृष्ण आदि मौजूद रहे।



ऐतिहासिक पौराणिक स्थल हरसंग धार के हरसंग देवता के मंदिर में मकर संक्रांति कार्यक्रम में पहुंचने पर अर्की के विधायक संजय का स्वागत करते लोग।

## योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम : डॉ. शांडिल

अनंत ज्ञान, सोलन



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम है और राज्य सरकार मीडिया कर्मियों के हित के लिए निरंतर कार्यरत है। डॉ. शांडिल गत रात्रि प्रेस क्लब सोलन के सौजन्य से आयोजित लोहड़ी मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू मीडिया हितों के प्रति संवेदनशील हैं और उनका यह प्रयास है कि मीडिया बंधुओं की विभिन्न मांगों को उचित स्तर पर निराकरण किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन जिला मुख्यालय में प्रेस क्लब निर्माण उनकी प्रतिबद्धता है और इस दिशा में उचित भूमि का चयन कर अगली कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाचारों एवं अन्य माध्यमों से मीडिया द्वारा प्राप्त फीडबैक का नियमित अनुसरण कर यह सुनिश्चित बनाती है कि आमजन की भावनाओं के अनुरूप कार्य हो।

## दिल्ली हाट में 1 से 15 जनवरी तक हिम महोत्सव की धूम
# सिरमौरी हाटी की नाटी ने मचाया धमाल

अनंत ज्ञान, राजगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली हाट में 1 से 15 जनवरी तक हिम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हिम महोत्सव का आयोजन उद्योग विभाग, हिमाचल क्राफ्ट, पर्यटन विभाग, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान में किया जा रहा है।

इसमें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 11 से 13 जनवरी तक हाटी की नाटी के अंतर्गत महाभारत कालीन ठोडा नृत्य, रिहाल्टी गी, दीपक नृत्य, मुंजरा नाटी, परात नृत्य, रासा नृत्य, लंबड़ा नृत्य तथा सिरमौर का लगभग पांच सौ साल पुराना सिंहटू नृत्य प्रस्तुत कर



दिल्ली में आयोजित हिम महोत्सव में सिरमौरी नाटी प्रस्तुत करते कलाकार।

भारतवर्ष के अनेक राज्यों से आए दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। ग्यारह जनवरी को सांस्कृतिक संध्या में मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश प्रबोध सक्सेना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा 13 को सांस्कृतिक संध्या में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान मुख्यातिथि रहे।

हिम महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग डॉ. पंकज ललित के निर्देशानुसार तथा सहायक निदेशक बिहारी लाल शर्मा की देखरेख में भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया गया, जिसमें सिरमौर के अलावा शिमला, किन्नौर, हमीरपुर, मंडी तथा कांगड़ा आदि जनपदों से लोक कलाकारों को अलग-अलग समय पर लोक नृत्यों के प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया।

## अतिक्रमण कर पेड़ काटने का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, सोलन। थाना कुनिहार के तहत निजी भूमि पर अतिक्रमण कर पेड़ काटने पर व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जानकारी के मुताबिक एक महिला निवासी कुनिहार जिला सोलन व एक अन्य महिला निवासी गांव सुआ, जिला सोलन ने संयुक्त पत्र द्वारा शिकायत की कि यह ग्राम कोटला, तहसील अर्की जिला सोलन में पड़ने वाली इनकी भूमि के संयुक्त मालिक हैं। इनकी उपरोक्त जमीन पर कोटला गांव के निवासी संजीव कुमार ने इनकी अनुमति के बिना इनकी संपत्ति पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया है और पेड़ों को काट दिया है, जिस संदर्भ में पुलिस थाना कुनिहार में मामला दर्ज किया गया है। अभियोग में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**परेशानी** सरकार आपके द्वार व अन्य माध्यम से सरकार व बोर्ड को दी जानकारी, नहीं हुआ समाधान

# बिजली गुल होने से परेशान हो रहे ग्रामीण

प्रेम कुमार, कंडाघाट

बिजली सब स्टेशन चायल के तहत आने वाले शिलाई, बाग, नरूद और जनेड़घाट, नगाली-टिक्कर क्षेत्रों के कई अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बार-बार गुल हो जाने की समस्या से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या लंबे समय से चली आ रही है। बोर्ड और सरकार को भी विभिन्न माध्यमों से इसकी जानकारी दी गई, लेकिन इसका पूरा समाधान नहीं हो सका।

प्रभावित क्षेत्रों के कई ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली कब कुल हो जाए किसी को पता नहीं होता है। बारिश या हवा चलने से यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। बिजली कब ठीक होगी इसका भी कोई भरोसा नहीं होता है। लोगों का कहना है कि बिजली जाने की स्थिति में जब वह पावर हाउस चायल फोन करते हैं, तो उठाने वाला भी कोई नहीं होता है। यह समस्या क्षेत्र में लंबे समय से चल रही है। पिछली सरकार के समय जनमंच से लेकर वर्तमान समय के सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में यह मामला प्रमुखता से उठाया जा चुका है। चायल के नजदीक के कुछ क्षेत्रों में तो समस्या का कुछ समाधान हुआ और कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति नहीं सुधरी है। यहां के लोग आज भी बिजली बंद होने की समस्या से परेशान झेल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)




### समस्या जल्द ठीक की जाएगी : एसडीओ

एसडीओ बिजली कंडाघाट चंबताया कि सभी लाइनें ठीक हैं, जहां मौसम या दूसरे तकनीकी कारणों से कोई खराबी आती है, उसे प्राथमिकता से ठीक किया जाता है। उन्होंने बताया कि वह अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं कि कहीं कोई समस्या है, तो उसे जल्द ठीक करके उसके कार्यालय को रिपोर्ट करें।

### अंधेरे में डूबे रहे गांवों

चायल के ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली गुल होने की समस्या के चलते सोमवार सायं से मंगलवार सुबह करीब दस बजे तक शिलाई, बाग, नरूद सहित कई गांव और उप गांव अंधेरे में डूबे रहे। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बारे कनिष्ठ अभियंता बिजली चायल आशीष ने बताया कि फ्यूज आदि जाने जैसी तकनीकी खराबी से लाइट जाती है। हमें पतले फ्यूज लगाने होते हैं, ताकि वह पीछे सिस्टम खराब न करें, जिससे पतले फ्यूज कई बार उड़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि पावर हाउस में किसी की शिकायत सुनने वाले का पद भी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह जिन क्षेत्रों में अधिक समस्या है वर्कर्स के साथ स्वयं चैक कर रहे हैं।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में मयंक प्रथम और रौनक रहे द्वितीय





नेहरू युवा केंद्र नाहन में राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी।

अनंत ज्ञान, नाहन

नेहरू युवा केंद्र नाहन की तरफ से जेएमवी इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे देश भर में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और विचारों पर आधारित था।

इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र नाहन द्वारा कार्यक्रम में पेंटिंग और भाषण (डिक्लेमेशन) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक युवाओं ने बढ़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, सहायक जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र सुरेंद्र शर्मा ने की। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेने और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान तनुजा, द्वितीय स्थान रवीना, तृतीय स्थान सुमन और चौथा स्थान मनोज ने हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान मयंक, द्वितीय स्थान रौनक और रितिका तीसरे स्थान पर रही। यह कार्यक्रम युवाओं को एक नई दिशा और ऊर्जा देगा। सभी प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।




## न्यूज ब्रीफ

### 9वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 9वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया। सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है, क्योंकि 1953 में इसी दिन हमारे प्रथम भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा, जिन्होंने 1947 के युद्ध में भारतीय सेना को विजय दिलाई थी, औपचारिक रूप से सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। समारोह का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, यूटीचंडीगढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में राजीव वर्मा, आईएएस, मुख्य सचिव चंडीगढ़ उपस्थित थे।

### पुलिस ने बस अड्डों पर चलाया तलाशी अभियान

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में बस अड्डों की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया। लोहड़ी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से यह अभियान पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर सभी जिलों में एक साथ अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक चलाया गया। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि सभी जिला पुलिस प्रमुखों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारियों की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया था। विशेष डीजीपी ने बताया कि राज्य भर में 3,500 से अधिक पुलिस कर्मियों की 493 टीम तैनात की गई, जो राज्य के विभिन्न बस अड्डों पर संदिग्ध व्यक्ति यों की तलाश की तथा आम लोगों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित की।

### पंजाब और हरियाणा में ठंड का प्रकोप जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा में मंगलवार को ठंड का प्रकोप जारी रहा और भोगा में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे ठंडा इलाका रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पठानकोट जिले में पारा 4.6 डिग्री सेल्सियस, बठिंडा और फरीदकोट में पांच डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 5.5 डिग्री सेल्सियस और पटियाला में 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पड़ोसी हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि करनाल में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस, सिरसा में 5.4 डिग्री सेल्सियस, नारनौल में 5.8 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 7.1 डिग्री सेल्सियस, भिवानी में 8.6 डिग्री सेल्सियस और रोहतक में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल ने बनाई 'अकाली दल वारिस पंजाब दे' पार्टी

## पार्टी को चलाने के लिए कमेटी गठित, वही संभालेगी सारा कार्यभार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेला माघी पर मुक्सर में आयोजित सियासी कॉन्फ्रेंस के दौरान खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल की नई पार्टी 'अकाली दल वारिस पंजाब दे' की घोषणा कर दी गई है।

पार्टी का अध्यक्ष असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद सांसद अमृतपाल को बनाया गया है। पार्टी की घोषणा अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह और फरीदकोट से निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष अमृतपाल अभी जेल में बंद हैं। ऐसे में पार्टी को चलाने के लिए कमेटी बनाई गई है, वो सारा कार्यभार संभालेगी।

पार्टी नेता जसकरन सिंह काहन सिंह वाला ने शिअद बादल पर हमला बोलते हुए कहा कि यह दो सोचों की लड़ाई है। एक सोच दिल्ली की है, जोकि किसानों की जानें ले रही हैं। दिल्ली की सोच सिख कौम का नुकसान करवा रही है। दिल्ली की सोच बंदी सिंहों को बंदी बना कर रखना चाहती है। दिल्ली की सोच पंथ व पंजाब का नुकसान करवा रही है। दिल्ली की सोच पंजाब के पानी को लूटना चाहती है और प्रदेश को नुकसान पहुंचा रही है।




उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को पार्टी के लिए तीन नाम भेजे गए थे, जिसमें से इस नाम पर मोहर लगी है। इसलिए अब से उनकी पार्टी का नाम 'अकाली दल वारिस पंजाब दे' होगा। खडूर साहिब लोकसभा सीट पर अमृतपाल सिंह ने 4,04,430 मतों के साथ महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। चुनाव में अमृतपाल सिंह के निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार कुलबीर सिंह जीरा थे, जिन्हें 2,07,310 वोट मिले थे।

### अप्रैल 2023 से जेल में बंद है अमृतपाल

**अमृतपाल** सिंह अप्रैल 2023 से जेल में बंद है। 23 फरवरी 2023 को अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में हजारों की भीड़ अमृतसर के अजनाला पुलिस स्टेशन में घुस गई थी। पुलिस स्टेशन में तोड़फोड़ की गई थी। 18 मार्च को अमृतपाल घर से फरार हो गया। इस घटना के बाद अमृतपाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। इसके बाद 23 अप्रैल को पंजाब पुलिस ने उसे मोगा से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनएसए के तहत मामला दर्ज करने के बाद उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया। जेल से ही उसने लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता भी था।

## 60 नई बसों को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने दिखाई हरी झंडी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सीटीयू ने अपने लंबी दूरी के बसों के मौजूदा बेड़े में 60 नई डीजल बसों को शामिल किया है। बस स्टैंड पर मौजूद सीटीयू अधिकारी ने बताया कि इन बसों को खराब हो चुकी बसों की जगह लेने के लिए खरीदा गया है। करीब 22 करोड़ रुपए की लागत से खुद तैयार करवाकर खरीदी गई इन बसों को टेंडर प्रक्रिया के जरिए खरीदा गया है। इन 60 नई बसों को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कई बसें नए रूटों पर चलेंगी, जबकि कुछ बंद रूटों को भी बहाल किया जाएगा। वर्तमान में शहर में 80 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। 100 इलेक्ट्रिक बसों के अलावा, यूटी प्रशासन ने पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत केंद्र सरकार से शहर के लिए 328 और इलेक्ट्रिक बसें मांगी हैं। नई 60 डीजल बसें डिपो नंबर 2 से लंबे रूटों पर चलेंगी।

मौजूदा 168 बसों के बेड़े में 119 एसी डीजल और 49 साधारण बसें शामिल हैं, जो अंतर-राज्यीय रूटों पर चलती हैं। सीटीयू राजस्थान में खाटू श्याम और सालासर धाम, उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा, वृंदावन, उत्तराखंड में हरिद्वार और ऋषिकेश और हिमाचल प्रदेश में मनाली जैसे धार्मिक स्थलों के लिए भी सेवा चला रहा है। कुल 146 मार्गों के साथ, इसमें प्रतिदिन लगभग 1.43 लाख यात्री सफर करते हैं और बसें प्रतिदिन लगभग 1.42 लाख किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। (अनंत ज्ञान)

## सीजीसी लांडरां में स्टार्टअप्स के लिए 'उदयोत्सव 2025' कल से

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (सीईसी) और सीजीसी लांडरां को एक विशेष पहल का अवसर दिया गया है, जिसमें 16 जनवरी को सीजीसी लांडरां में स्टार्टअप्स के लिए 'उदयोत्सव 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सीजीसी लांडरां के निदेशकों ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान निवेशकों के लिए काम किया जाएगा और स्टार्टअप करने का अच्छा अवसर मिलेगा।

'उदयोत्सव 2025' नामक यह आयोजन एक अनूठा कार्यक्रम है जिसमें असाधारण शोध वाले वे छात्र शामिल होंगे, जो कभी धन की कमी के कारण प्रगति से वंचित रह जाते थे और उनके प्रोजेक्ट असमय ही मर जाते थे।

यह मंच उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा जो अपनी पहल और अद्वितीय आविष्कारों के माध्यम से इस समाज को बेहतर बनाने के इच्छुक हैं।

विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के भीतर शुरुआती चरण के स्टार्टअप के लिए धन जुटाने के लिए डिजाइन किया गया। यह उभरते उद्यमियों और उनके स्टार्टअप को अपने विचारों को निवेश संस्थानों में पेश करने और फंडिंग को बढ़ावा देने, लाभकारी सलाह प्राप्त करने का मौका प्रदान करेगा।

## होशियारपुर में मृत पाया गया तेंदुआ

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में बिरामपुर वन क्षेत्र में नीलगिरी (यूकेलिप्टस) खेत के चारों ओर लगी कांटेदार तार की बाड़ में फंसकर एक तेंदुए की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक यह घटना सोमवार को तब सामने आई जब गढ़शंकर वन रेंज अधिकारी राजपाल सिंह और वन रक्षक रमनप्रीत कौर ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

वन रेंज अधिकारी राजपाल सिंह की शिकायत के बाद पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 2022 के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि तेंदुए की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।

## अस्पताल में आई अव्यवस्थाओं का धामी ने लिया संज्ञान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

बस हादसे के बाद, पौड़ी अस्पताल में सामने आई अव्यवस्थाओं की शिकायत का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पौड़ी के जिलाधिकारी से मामले में रिपोर्ट तलब करने के साथ ही, अस्पताल में सभी बुनियादी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने बस हादसे में मृतक परिजन को कुल 5-5 लाख और गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

बस हादसे के घायलों को पौड़ी अस्पताल में समुचित इलाज देने में अव्यवस्था, संबंधित शिकायत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कैम्प कार्यालय में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने इस मामले में पौड़ी के डीएम से रिपोर्ट तलब की है, साथ ही कहा है कि लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए, अस्पताल में आपात स्थिति के लिए हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तराखंड में दूर-दराज तक स्वास्थ्य सेवाओं का नेटवर्क उपलब्ध है। ऐसे में अस्पतालों में गंभीर बीमार या घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए प्रदेश भर के अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं के साथ ही, आवश्यक दवाई और मेडिकल स्टॉफ की उपलब्धता हर वक्त सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने बस हादसे के कारणों की जांच कर परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री आतिशी ने दाखिल किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने लाजपत नगर में जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में पर्चा भरा। आतिशी को सोमवार को रोड शो के बाद अपना नामांकन दाखिल करना था। आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता के अनुसार हालांकि, रोड शो के कारण देरी हुई और वह तीन बजे की समयसीमा से पहले जिलाधिकारी कार्यालय नहीं पहुंच पाईं।



### असम में नौ करोड़ की हेरोइन के साथ 4 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कामरूप जिले में मंगलवार को नौ करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की गई। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को सूचना मिली थी कि मणिपुर के चुराचांदपुर जिले का एक परिवार एक वाहन में मादक पदार्थ रखकर हाजो और गोरेश्वर क्षेत्रों में तस्करों तक पहुंचाएगा।

### उत्तर कोरिया ने दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

**सोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पूर्वी सागर की ओर कई छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। यह कार्रवाई अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से कुछ ही दिन पहले की गई है। वह 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने उत्तर कोरिया के जगांग प्रांत के कंग्ये इलाके से सुबह करीब 9:30 बजे मिसाइलें दागी गईं। मिसाइलें समुद्र में गिरने से पहले करीब 250 किलोमीटर तक उड़ीं। जेसीएस ने दागी गई मिसाइलों की संख्या नहीं बताई। प्रक्षेपण प्योंगयांग की तरफ से दूसरी उकसावे वाली कार्रवाई है।



## देश-विदेश

# देश की स्थिति मजबूत, अब हम पहले जैसे नहीं : जयशंकर

## बोले- हर कोई अब भारत को बनाना चाहता दोस्त

**एजेंसी, मैड्रिड**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के बढ़ते वैश्विक कद और चुनौतीपूर्ण समय में सार्थक सहायता प्रदान करने की उसकी क्षमता पर जोर दिया है।

स्पेन की अपनी यात्रा के दौरान भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत-स्पेन संबंध महत्वपूर्ण प्रगति के शिखर पर हैं। स्पेन के डिप्लोमेटिक कम्युनिटी के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने साझा किया कि उन्हें स्पेन के विदेश मंत्री ने एक वैश्विक सम्मेलन में देश के राजदूतों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ बात करना चाहता है। उन्हें लगता है कि आज के माहौल में भारत के साथ बेहतर संबंध होना, उनके हित के लिए जरूरी है।



### खदान हादसा: नौसेना ने गोताखोर वापस बुलाए

**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान से पानी निकालने का काम मंगलवार को नौवें दिन भी जारी रहने के बीच उसमें फंसे हुए पांच खनिकों के बचे होने की संभावना और कम होती जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, नौसेना के गोताखोरों को बचाव अभियान से हटा लिया गया है। तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) और 'कोल इंडिया' द्वारा लाई गई विशेष पंपिंग मशीनों की मदद से 340 फुट गहरी खदान से पानी निकाला जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि जलस्तर, जो शुरू में 100 फुट पर था, धीरे-धीरे कम हो रहा है और सोमवार को इसमें तीन मीटर की और कमी आई।

# गाजा में इसराइली हमलों में 45 फिलिस्तीनी मारे गए

**एजेंसी, गाजा**

**इसराइल** ने गाजा पट्टी पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि एक इसराइली युद्धक विमान ने गाजा शहर के पूर्व में सलाह अल-दीन स्कूल पर हमला किया, जिसमें पांच लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शहर में सभाओं को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोटों में बच्चों सहित अन्य 30 लोग मारे गए। प्रवक्ता ने बताया कि इसराइली सैन्य विमानों ने उत्तरी गाजा के जबालिया क्षेत्र में दो सभाओं पर भी हमला किया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।



## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 प्रतिशत बढ़कर 16.90 लाख करोड़ पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**भारत** का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष के 1 अप्रैल, 2024 से 12 जनवरी, 2025 के बीच 16.90 लाख करोड़ रुपए रहा है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 15.88 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। यह जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा संकलित किए गए ताजा आंकड़ों से मिली। समीक्षा अवधि के दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.94 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 17.21 लाख करोड़ रुपए था।

# साउथ अफ्रीका की खदान में 100 मजदूरों की मौत

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

साउथ अफ्रीका में सोने की खदान में फंसे 100 से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, खदान में दो महीने से 400 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे। ये सभी खदान में अवैध रूप से सोने की खुदाई करने के लिए उतरे थे। राहत बचाव के लिए स्पेशल माइनिंग रेस्क्यू टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक भूख और प्यास की वजह से मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब तक 13 शव बरामद हो चुके हैं। कई लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू किए गए मजदूरों के पास से एक सेलफोन मिला, जिसमें 2 वीडियो थे। इन वीडियो में दर्जनों शव पॉलीथीन में लिपटे हुए दिखाई दे रहे हैं। खदानों में काम करने वाले मजदूरों से जुड़ी सामाजिक संस्था माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन के मुताबिक, पिछले साल नवंबर में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी।

**2 महीने से फंसे थे 400 लोग, भूख-प्यास से गई जान**



पुलिस ने खदान को सील कर मजदूरों से बाहर निकलने के लिए कहा था। गिरफ्तारी के डर के मजदूरों ने बाहर निकलने से मना कर दिया था।

## आरबीआई रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती करे : डीबी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को फरवरी में अगली नीति समीक्षा में प्रमुख दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ इसमें कटौती चक्र शुरू करना चाहिए। डॉयचे बैंक (डीबी) के विश्लेषकों ने मंगलवार को कहा कि ब्याज दरों में कटौती में देरी से वृद्धि पर और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यदि कार्रवाई में देरी की गई तो आरबीआई के भी पिछड़ जाने का खतरा है।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आरबीआई फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, जिससे पहली छमाही में रेपो दर छह प्रतिशत पर आ जाएगी। विश्लेषकों ने कहा कि भारत में मौद्रिक संचरण कम से कम तीन तिमाहियों के अंतराल के साथ काम करता है। इसलिए, आरबीआई द्वारा फरवरी से दरों में कटौती शुरू करने के लिए यह सही समय लगता है। उन्होंने कहा कि ब्याज दरों में कटौती में देरी न करने का आग्रह करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि जितनी जल्दी ब्याज दरों में कटौती की जाएगी, वृद्धि पर उतना ही कम असर पड़ेगा।

# सेंसेक्स में 169 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 169 की तेजी के साथ 76,499 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी तेजी रही, ये 90 चढ़कर 23,176 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप 854 ऊपर 51,396 के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि, बीएसई मिडकैप में इससे ज्यादा तेजी रही, ये 902 अंक की तेजी के साथ 43,297 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 16 में गिरावट और 34 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी पीएसयू यानी सरकारी बैंकों के शेयर में 4.20 फीसदी, मेटल में 3.98 फीसदी, मीडिया में 2.97 फीसदी और ऑयल एंड गैस में 1.62 फीसदी की रही, जबकि एफएमसीजी और आईटी में 1.41 फीसदी और 2.13 फीसदी की गिरावट रही।




### सोना 283 और चांदी में 1400 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 283 रुपए घटकर 78,025 रुपए पर आ गया है। सोमवार को इसके दाम 78,308 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,400 रुपए घटकर 88,400 रुपए प्रति किलो हो गई है।

## आपातकाल में जेल गए लोगों को मिलेगी 20,000 रुपए पेंशन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सोमवार को 1975-77 में आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों के लिए 20,000 रुपए मासिक पेंशन और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा को मंजूरी दी। राज्य गृह विभाग की ओर से जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार यह पेंशन 26 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, 1971) या डीआईआर (भारत रक्षा नियम) या डीआईएसआईआर (भारत रक्षा और आंतरिक सुरक्षा नियम) के तहत जेल में बंद व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी।

इसमें कहा गया कि पेंशन जीवित व्यक्तियों (अर्थात जो 1 जनवरी, 2025 तक जीवित थे) के पक्ष में स्वीकृत की जाएगी, भले ही वे जेल में कितने भी समय तक रहे हों। गृह विभाग ने कहा कि वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रावधानों के अनुसार मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठा सकते हैं।

# वोट खरीदने के लिए भाजपा धन और सोने की चेन बांट रही : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धन और सोने की चेन बांट रही है।



**बोले- दिल्ली चुनाव करेगा कांग्रेस और भाजपा के बीच 'जुगलबंदी' को उजागर**

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि आप का 'ग्राफ' बढ़ रहा है और उसे एक बार फिर पूर्ण बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच 'जुगलबंदी' को उजागर कर देगा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास आप को चुनौती देने के लिए दूरदृष्टि और नेतृत्व का अभाव है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपने सभी हथियार डाल दिए हैं क्योंकि उसके पास कोई दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा नहीं है। उसके पास कुछ भी नहीं है। भाजपा पर चुनाव में अनुचित तरीका अपनाने का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि पार्टी वोट खरीदने के लिए, जैकेट, जूते, साड़ियां, धन और यहां तक कि सोने की चेन भी बांट रही है।

उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि दो कॉलोनियों में सोने की चेन बांटी जा रही है। भाजपा कह रही है कि वह लोगों के वोट खरीदेगी।

# 'क्लीन स्वीप' करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी, राजकोट**

पहले दो मैचों में शानदार जीत दर्ज कर चुकी भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा सीरीज में 'क्लीन स्वीप' करने का होगा। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी। चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरुआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी।

मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है। हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाए, जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर-मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया।

रौड्रिग्स ने कहा ,''यह अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। शुरुआत में मैने काफी संयम दिखाया जो काफी सकारात्मक था क्योंकि मेरे लिए क्रीज पर डटे रहना जरूरी था। मैं रन तो बना रही थी लेकिन क्रीज पर टिककर खेल नहीं पा रही थी। मुझे खुशी है कि आज ऐसा कर सकी।'' अनुभवी बल्लेबाज तेजल हसंबिस ने भी वापसी करते हुए अर्धशतक जमाया। शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत जैसे बिग हिटर्स की गैर-मौजूदगी में प्रतीका जैसे नए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की की।

भारतीय गेंदबाजी चिंता का सबब रही और टीम घरेलू हालात में लगातार विकेट लेने में नाकाम रही जिससे आयरलैंड को पिछले मैच में सात विकेट पर 254 रन बनाने का मौका मिला।

भारत को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की कमी खल रही है और पूजा वस्त्राकर की चोट ने मुश्किलें और बढ़ा दी है। दीप्ति शर्मा ने अब तक चार विकेट लिए हैं, लेकिन प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे और टिटास साधू प्रभावित नहीं कर सकीं हैं।


फाइल फोटो

### आयरलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे आज

**मैच : सुबह 11 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे में से।

**आयरलैंड।** गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्ज़ेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मैगुइरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल में से।

# हिमाचल के अभिनाश जामवाल को राष्ट्रीय मुक्केबाजी में सोना

**एजेंसी, बरेली**



हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में वेल्टरवेट (60 से 65 किलो ) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सेना ने लगातार तीसरी बार टीम खिताब अपने नाम किया।

मौजूदा चैंपियन शिवा थापा और पूर्व युवा विश्व चैंपियन वंशज कुमार को हराने वाले जामवाल ने फाइनल में रेलवे के अमित को मात दी। इस बीच सेना के मुक्केबाज सचिन सिवाच ने लाइटवेट (55 से 60 किलो) और लक्ष्य चाहर ने लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

सिवाच ने पंजाब के निखिल को हराया जबकि चाहर ने दिल्ली के ध्रूव सिंह को मात दी।

क्रूसरवेट ( 80 से 85 किलो ) वर्ग में सुमित ने सेना के जुगनू को हराया जबकि नरेंदर ने सुपर हैवीवेट ( 90 और 90 प्लस वर्ग) में हरियाणा के अंशुल गिल को मात दी। सेना ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए रणजी मैच खेलेंगे शुभमन गिल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के मैच में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए खेलेंगे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों में सिर्फ 93 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। भारत को पांच मैचों की सीरीज में 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी। सीरीज के दौरान भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि लाल गेंद के क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता दिखाने के लिए सीनियर खिलाड़ियों को रणजी क्रिकेट खेलना होगा। गिल ने आखिरी बार 2022 में रणजी ट्रॉफी खेला था, जब वह अलूर में मध्यप्रदेश के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में उतरे थे। पंजाब की टीम का अभी ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन एक रिपोर्ट के अनुसार गिल ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

### मुंबई रणजी टीम के साथ रोहित शर्मा ने किया अभ्यास



**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया । 37 वर्ष के रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे । उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाए और सिडनी में 5वें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह अभ्यास सत्र में भाग लिया। उन्होंने टीम के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए रविवार को एक बैठक में भाग लिया था, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर और बीसीसीआई के नए सचिव देवजीत सैकिया भी मौजूद थे। रोहित ने आखिरी बार मुंबई के लिए 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

### एसए 20 : मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को हराया

**केपटाउन।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने बेतवे एसए 20 लीग में पार्ल रॉयल्स को 33 रन से हराकर इस सत्र में अपने मैदान पर पहली जीत दर्ज की। तीसरे सत्र में एमआई केपटाउन के पहले घरेलू मैच में खचाखच भरे स्टेडियम में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रीजा हेंडरिक्स ने 37 गेंद में 59 रन बनाए जिसकी मदद से उनकी टीम ने सात विकेट पर 172 रन का अच्छा स्कोर बनाया। हेंडरिक्स का रासी वान डेर डुसेन ने बखूबी साथ निभाया और 33 गेंद में 43 रन की पारी खेली । दोनों ने 54 गेंद में 78 रन की साझेदारी की। इसके बाद डेलानो पोटगीटेर ने 18 गेंद में 29 रन बनाए। रॉयल्स की शुरूआत अच्छी रही और जो रूट (26) और लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने तीन ओवर में 38 रन जोड़े। कैगिसो रबाडा ने हालांकि दोनों को दो ओवर के भीतर आउट करके मैच की तस्वीर बदल दी। इसके बाद स्पिनर जॉर्ज लिंडे और राशिद खान ने बेहतरीन गेंदबाजी करके उनकी परेशानी और बढ़ा दी। लिंडे ने 15 रन देकर तीन और राशिद ने 28 रन देकर दो विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन

### एम्मा नवारो ने अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स को दी मात

# मोंफिल्स ने जीत के लिए बहाया पसीना

**एजेंसी, मेलबोर्न**

फ्रांस के 38 वर्ष के गाएल मोंफिल्स को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में अपने से 17 वर्ष छोटे हमवतन खिलाड़ी जियोवानी एमपेत्शी पेरीकार्ड को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने यह मुकाबला 7-6, 6-3, 6-7, 6-7, 6-4 से जीता।

जीत के बाद मोंफिल्स ने कहा ,'' मैं प्रतिद्वंद्वियों के साथ उम्र के अंतर पर बात करना पसंद नहीं करता, लेकिन कल सुबह मैं खुद को 38 की बजाय 48 साल का महसूस करूंगा। मेरा कैरियर 21 साल का रहा है और उसकी उम्र 21 साल है, लेकिन मैं इस बारे में सोचे बिना जुझारू प्रदर्शन करते रहना चाहता हूं ।''

कुछ अन्य मुकाबले भी नाटकीयता से भरे रहे और पांच सेट तक खिंचे। 5वीं वरीयता प्राप्त पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपयन और तीन बार ऑस्ट्रेलिया में उपविजेता रहे दानिल मेदवेदेव ने ग्रैंडस्लैम में पदार्पण कर रहे कासिदित समरेज को 6-2, 4-6, 3-6, 6-1, 6-2 से हराया जबकि 13वीं रैंकिंग वाले होल्गर रूने ने झांग झिजेन को 4-6, 6-3, 6-4, 3-6, 6-4 से मात दी ।

अमेरिकी ओपन उपविजेता और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतने वाली अमेरिकी टीम के सदस्य रहे टेलर फ्रिट्ज ने जेंसन ब्रूक्सबी को 6-2, 6-0, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में 8वीं रैंकिंग वाली एम्मा नवारो ने साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स को 6-7 (5), 7-6 (5), 7-5 से मात दी ।

वहीं छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने 16 वर्ष की एमर्सन जोंस को 6-1, 6-1 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 विजेता एम्मा राडूकानू ने 26वीं रैंकिंग वाली एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 7-6, 7-6 से हराया।

**प्वाइंट कार्ड**

| मोंफिल्स | | पेरीकार्ड |
|---|---|---|
| 18 | एस | 19 |
| 16 | डब्ल फॉल्ट | 09 |
| 63% | पहली सर्व | 64% |
| 82% | पहली सर्व जीती | 74% |
| 77% | दूसरी सर्व जीती | 67% |
| 2/12 | ब्रेक प्वाइंट | 0/0 |
| 01 | टाइब्रेक जीता | 02 |
| 183 | प्वाइंट जीते | 172 |


गाएल मोंफिल्स

### बोपन्ना, बेरियेंतोस की जोड़ी पहले दौर से बाहर

**दुनिया** के पूर्व नंबर-1 युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कंबोडिया के उनके नए जोड़ीदार निकोलस बेरियेंतोस की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। बोपन्ना और बेरियेंतोस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को स्पेन के पेड्रो मार्तिनेज और जाउमी मुनार ने 7-5, 7-6 से हराया। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरूआत की और शुरूआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे-धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन टाइब्रेकर में स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की। 44 वर्ष के बोपन्ना ने यहां 2024 में आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता था। वह ओपन युग में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे।

### जेमिमा रैंकिंग में शीर्ष-20 में पहुंची



**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स आयरलैंड के खिलाफ दूसरे महिला वनडे मैच में अपने करियर का पहला शतक लगाने के बाद आईसीसी की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष-20 में पहुंचने में सफल रही। 24 साल की जेमिमा 563 रेटिंग अंक के साथ तालिका में 19वें स्थान पर पहुंच गई है। वह शीर्ष-20 में सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड) से आगे हैं।

नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर-मौजूदगी में इस सीरीज में टीम का नेतृत्व कर रही स्मृति मंधाना 723 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज है। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्डट करियर की सर्वश्रेष्ठ 773 अंक और श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू 733 अंक के साथ तालिका में शीर्ष-2 स्थान पर है।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली इंग्लैंड के खिलाफ महिला एशेज सीरीज के शुरुआती मैच में 70 रन की मैच जीताऊ पारी खेलने के बाद 678 अंक के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गई है।

# नेरवा ने जीता अंडर-19 कबड्डी का खिताब

**दशमी रावत, जुब्बल**



हाटेश्वरी यूथ क्लब द्वारा हाटकोटी में दो दिवसीय अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 22 टीमों ने भाग लिया।

नेरवा की टीम ने हाटेश्वरी यूथ क्लब को हराकर खिताब जीता। समापन समारोह के अवसर पर भाजपा नेता पवन पिरटा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। वहीं दिनेश पिरटा व अर्जुन राठौर बतौर विशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे। मुख्यातिथि पवन पिरटा व दिनेश पिरटा ने विजेता व उप विजेता टीमों को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# जसप्रीत बुमराह दिसंबर माह के **सर्वश्रेष्ठ** खिलाड़ी बने

**एजेंसी, दुबई**

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पछाड़कर इस खिताब को अपने नाम किया।

बुमराह अपने दम पर भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दिसंबर में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट चटकाए। उन्होंने पांच जनवरी को खत्म हुई सीरीज के पांच मैचों में 32 विकेट लिए। इस दौरे का पहला टेस्ट मैच नवंबर में खेला गया था।

बुमराह ने एडीलेड में खेले गए दिन-रात्रि टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटक कर मैच में भारत की वापसी कराई थी, लेकिन बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से टीम ने इस मैच को गंवा दिया। उन्होंने ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट की पहली पारी में छह और मैच में नौ विकेट लिए, जिससे भारत मैच ड्रॉ करने में सफल रहा। उन्होंने मेलबोर्न में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए। उनकी इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारत ने इस मैच को 184 रन से गंवा दिया। वह इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 20 की कम औसत से 200 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बने।

भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को 1-3 से गंवा दिया, लेकिन बुमराह दोनों टीम की ओर से सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे।

### ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पछाड़ा



# बैडमिंटन : तनीषा-ध्रुव ने भारत की उम्मीदें मिश्रित युगल में जगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पेरिस ओलंपिक के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने भविष्य में बैडमिंटन के इस वर्ग में भारत के लिए उम्मीदें जगाई है ।

ज्वाला गुट्टा और वी दीजू भारत की सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल टीम थी, जो विश्व रैंकिंग में छठे स्थान तक पहुंचे थे। उनके संन्यास के बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन फिर सात्विक ने चिराग शेट्टी के साथ पुरुष युगल पर फोकस करने के लिए अलग होने का फैसला किया।

तनीषा ने कहा ,'हमने ओलंपिक से पहले कुछ टूर्नामेंटों में साथ खेला और इस साझेदारी में काफी संभावनाएं दिखी। मुझे लगता है कि हम दोनों के लिए यह साझेदारी शुरू करने का फैसला सही था।''

उन्होंने कहा ,''ध्रुव काफी प्रतिभाशाली मिश्रित युगल खिलाड़ी है। उसे खेल की काफी समझ है और हम दोनों एक दूसरे के साथ शानदार जोड़ी बना सकते हैं।''

उन्होंने इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के मिश्रित युगल वर्ग के पहले दौर में चीनी ताइपै के चेन चेंग कुआन और सू यिन हुइ को 8-21, 21-19, 21-17 से हराकर शानदार शुरुआत की।

ध्रुव ने पहले एमआर अर्जुन के साथ पुरुष युगल में खेला, लेकिन अर्जुन को चोट लगने के बाद उन्हें मिश्रित युगल पर फोकस करना पड़ा।

# तेज गेंदबाज साकिब महमूद के वीजा में देरी

**एजेंसी, लंदन**

पाकिस्तानी मूल के इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद 22 जनवरी से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे के लिए भारत का वीजा मिलने में देरी के कारण अबुधाबी में टीम के प्रशिक्षण शिविर में भाग नहीं लेंगे। महमूद को अभी भारत का वीजा नहीं मिला है। वह ऐसे में अबुधाबी में शिविर में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उनका पासपोर्ट वीजा प्रं, या के तहत संबंधित अधिकारियों के पास है।

उन्हें हालांकि टीम के खिलाड़ियों के पहले दल के कोलकाता रवाना होने से पहले वीजा मिलने की उम्मीद है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी मूल के किसी क्रिकेटर को भारत का वीजा हासिल करने में देरी का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर पिछले साल वीजा मिलने में हुई देरी के कारण दोनों देशों के बीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं बन पाए थे।

